RNI NO. HARHIN/2018/75109
वर्ष 5 अंक 352
फरीदाबाद, शुक्रवार, 03 फरवरी, 2023
पृष्ठ 12, मूल्य 3 रुपये
नगर संस्करण

फरीदाबाद, नई दिल्ली, लखनऊ और रायपुर से प्रकाशित

# पायनियर

ई-पेपर www.pioneerhindi.com पर पढ़िए YouTube सब्सक्राइब करें Pioneer Haryana



धोनी की तरह भूमिका निभाना मेरी जिम्मेदारी : हार्दिक

पेज - 12

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 59,932 | ▲ | 224.16 |
| निफ्टी | 17,610 | ▼ | 05.90 |
| सोना | 58,650 | ▲ | 765 /10 gm |
| चांदी | 71,266 | ▲ | 1425 /kg |

## मौसम फरीदाबाद

अधिकतम 23.00°C
न्यूनतम 11.00°C

## क्विक न्यूज

### पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री शेख रशीद गिरफ्तार



**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के पूर्व गृहमंत्री शेख रशीद को गुरुवार सुबह गिरफ्तार कर लिया गया है। इस कार्रवाई की वजह अभी साफ नहीं है। हालांकि मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, इसे पूर्व राष्ट्रपति आसिफ अली जरदारी पर इमरान खान की हत्या की साजिश रचने के उनके आरोप से जोड़ा जा रहा है। इस्लामाबाद में पहले से ही उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज थी। रशीद इमरान खान के करीबी हैं और अवामी मुस्लिम लीग के चीफ भी हैं।

### पांडुरंग पोले बने जम्मू-कश्मीर के मुख्य निर्वाचन अधिकारी



**श्रीनगर।** मंडलायुक्त कश्मीर पांडुरंग के. पोले को जम्मू-कश्मीर का नया मुख्य निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। के. पोले जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा के सलाहकार रह चुके हैं। राज्य के चुनाव आयुक्त केके शर्मा का कार्यकाल खत्म होने के बाद उन्हें यह जिम्मेदारी दी गई है।

### कार में पति सहित जिंदा जली गर्भवती महिला

**कन्नूर।** केरल के कन्नूर में बुधवार को एक कार में आग लग गई। इस हादसे में एक प्रेग्नेंट महिला और उसके पति की मौत हो गई। मृतकों की पहचान प्रजीत और रीशा के रूप में हुई है। हादसा तब हुआ जब प्रजीत पत्नी रीशा को डिलीवरी के लिए सरकारी अस्पताल लेकर पहुंचा था।

### ओरेवा ग्रुप के एमडी सात दिन की पुलिस रिमांड पर

**अहमदाबाद।** गुजरात के ओरेवा ग्रुप के मैनेजिंग डायरेक्टर को कोर्ट ने 8 फरवरी तक पुलिस रिमांड में भेजा गया है। एक दिन पहले ही उन्होंने कोर्ट में सरेंडर किया था। ओरेवा ग्रुप ने मोरबी ब्रिज के मेंटेनेंस के लिए 15 साल का कॉन्ट्रैक्ट साइन किया था। 30 अक्टूबर 2022 को ब्रिज टूट गया था। इस हादसे में 135 लोगों की जान गई थी।

विज्ञापन के लिए करें संपर्क
Rakesh Kapoor 9582468441

# उपराष्ट्रपति-कानून मंत्री के खिलाफ हाईकोर्ट में पीआईएल दाखिल

## लॉयर्स एसोसिएशन मुंबई ने कहा, दोनों को संविधान पर भरोसा नहीं

**एजेंसी। मुंबई**

**बॉम्बे** लॉयर्स एसोसिएशन ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रिजिजू के खिलाफ बॉम्बे हाई कोर्ट में पीआईएल दाखिल की है। याचिका में दावा किया गया है कि धनखड़ और रिजिजू ने सुप्रीम कोर्ट की प्रतिष्ठा को कम किया है। ऐसे में दोनों को उनके आधिकारिक कर्तव्यों का निर्वहन करने से रोका जाए।

### किरेन रिजिजू कई बार उठा चुके हैं सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल

याचिका में मांग की गई है कि कोर्ट यह भी घोषित करे कि दोनों के बयानों में भारत के संविधान के प्रति अविश्वास दिखता है, जिसके चलते वे संवैधानिक पदों पर रहने के योग्य नहीं हैं। बॉम्बे लॉयर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष अहमद आबिदी की ओर से यह याचिका कोर्ट में दाखिल की गई है। जल्द ही हाई कोर्ट इस याचिका पर सुनवाई करेगी। दरअसल, किरेन रिजिजू कई बार सुप्रीम कोर्ट कॉलेजियम सिस्टम पर सवाल उठा चुके हैं। उन्होंने सीजेआई को लेटर लिखकर कॉलेजियम में सरकार का प्रतिनिधि शामिल करने की मांग की थी। उन्होंने कहा कि सिस्टम में पारदर्शिता आएगी और जनता के प्रति जवाबदेही भी तय होगी। किरण रिजिजू ने पिछले साल नवंबर में कहा था कि कॉलेजियम सिस्टम में पारदर्शिता और जवाबदेही की कमी है। उन्होंने कहा था कि हाईकोर्ट में भी जजों की नियुक्ति प्रक्रिया में संबंधित राज्य सरकार के प्रतिनिधियों को शामिल किया जाए।





### उपराष्ट्रपति ने एससी के फैसले पर दिया था बयान

**उपराष्ट्रपति** जगदीप धनखड़ ने हाल ही में केशवानंद भारती मामले में सुप्रीम कोर्ट के 1973 के ऐतिहासिक फैसले पर सवाल उठाए थे। इसके साथ ही दिसंबर 2022 में धनखड़ ने एनजेएसी अधिनियम रद्द होने पर उसे लोगों के जनादेश की अवहेलना कहा था। फैसले में कोर्ट की टिप्पणी पर धनखड़ ने कहा था कि क्या हम एक लोकतांत्रिक राष्ट्र हैं इस सवाल का जवाब देना मुश्किल होगा।

## सिक्किम के स्वास्थ्य मंत्री ने दिया इस्तीफा

**गंगटोक।** सिक्किम के स्वास्थ्य मंत्री मणि कुमार शर्मा ने गुरुवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया।

उनका आरोप है कि राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट की उस टिप्पणी की बाद की स्थिति को ठीक से नहीं संभाल पाई है, जिसमें उसने कहा था कि सिक्किमी नेपाली समुदाय अप्रवासी हैं। मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग को लिखे पत्र में शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने सिक्किम के लोगों की भावनाओं को गंभीरता से नहीं लिया है। उन्होंने तमांग से तत्काल प्रभाव से इस्तीफे को स्वीकार करने का आग्रह किया। शर्मा ने कहा, मुझे लगता है कि आगे राज्य मंत्रिमंडल में बने रहना जरूरी नहीं है।

### अडाणी ग्रुप को कितना कर्ज दिया, आरबीआई ने बैंकों से पूछा

# अडाणी ग्रुप के लेनदेन की जांच संसद या सुप्रीम कोर्ट करे : विपक्ष

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**अडाणी** ग्रुप पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट को लेकर गुरुवार को संसद में जमकर हंगामा हुआ। पूरे विपक्ष ने अडाणी ग्रुप के वित्तीय लेनदेन की जांच संसदीय पैनल (जेपीसी) या सुप्रीम कोर्ट की कमेटी से कराने की मांग की। इस मुद्दे पर हंगामे के चलते लोकसभा और राज्यसभा को कार्यवाही शुरू होते ही पहले दोपहर दो बजे तक और फिर अगले दिन तक के लिए स्थगित करना पड़ा।

इधर, आरबीआई ने सभी बैंकों से अडाणी एंटरप्राइजेज लिमिटेड को दिए कर्ज की जानकारी मांगी है। एक न्यूज एजेंसी ने बताया कि आरबीआई के अफसरों ने नाम न बताने की शर्त पर यह जानकारी दी है। वहीं, शेयर मार्केट में भी अडाणी ग्रुप के शेयर्स में 10 फीसदी तक की गिरावट देखी गई। बुधवार देर रात अडाणी ग्रुप ने 20 हजार करोड़ रुपये के फुली सबस्क्राइब्ड एफपीओ को रद्द कर इन्वेस्टर्स का पैसा लौटाने की बात कही थी। बुधवार को अडाणी एंटरप्राइजेज का शेयर 26.70 प्रतिशत गिरकर 2179.75 पर बंद हुआ था। इस गिरावट को ही एफपीओ वापस लेने की वजह माना जा रहा है।

गौतम अडाणी ने एफपीओ रद्द करने के बाद एक वीडियो मैसेज दिया। इसमें इन्वेस्टर्स का शुक्रिया अदा किया। कहा, पिछले हफ्ते स्टॉक में हुए उतार चढ़ाव के बावजूद कंपनी के बिजनेस और उसके मैनेजमेंट में आपका भरोसा हमारे लिए आश्वासन देने वाला है। मेरे लिए मेरे निवेशकों का हित सर्वोपरि है। बाकी सब कुछ सेकेंडरी है।

इसलिए निवेशकों को संभावित नुकसान से बचाने के लिए हमने एफपीओ वापस ले लिया है। बोर्ड ने महसूस कि एफपीओ के किया साथ आगे बढ़ना नैतिक रूप से सही नहीं होगा।



**हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से बरपा हंगामा**

### लेफ्ट समेत इन 13 विपक्षी दलों ने बैठक की

**अडाणी** ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर कांग्रेस, टीएमसी, आम आदमी पार्टी, सपा, डीएमके, जनता दल और लेफ्ट समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने मीटिंग की। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चैंबर में हुई। इनमें से नौ पार्टियों ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया।

### आर्थिक दृष्टि से हो रही घटनाएं सदन में उठाएंगे

**कांग्रेस** अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि सभी राजनीतिक दलों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं। उसे सदन में उठाना है, इसलिए हमने एक नोटिस दिया था।

**एकजुट विपक्ष के हंगामे के चलते लोस और रास की कार्यवाही अगले दिन तक स्थगित करनी पड़ी**



### ओपीएस की बहाली के लिए राज्यसभा में नोटिस

# दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले को लागू करे केंद्र : दीपेंद्र हुड्डा

**राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश लागू हो चुकी है पुरानी पेंशन योजना**

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**सांसद** दीपेंद्र हुड्डा ने पुरानी पेंशन स्कीम (आपीएस) की बहाली के लिए राज्यसभा में नोटिस दिया है। उन्होंने कहा कि अर्धसैनिक बलों, केंद्रीय व राज्य कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग को पूरा किया जाए। अर्धसैनिक बलों को पुरानी पेंशन स्कीम (ओपीएस) का लाभ देने के लिए दिल्ली हाई कोर्ट का 11 जनवरी 2023 का आदेश पूरी तरह लागू हो।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार, हर राज्य में राज्य सरकार के कर्मचारी लंबे समय से नई पेंशन योजना की बजाय पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने की मांग कर रहे हैं, लेकिन सरकार उनकी मांगों को अनसुना कर रही है।

हुड्डा ने मांग की कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और हिमाचल प्रदेश की कांग्रेस सरकारों की तर्ज पर देश भर के कर्मचारियों के लिये पुरानी पेंशन योजना लागू की जाए। सांसद ने अपने नोटिस में लिखा है कि यह देश की रक्षा और सेवा में तैनात हर एक सीएपीएफ कर्मी और केंद्र व राज्य सरकार के तहत देश की सेवा कर रहे कर्मचारियों के हित से जुड़ा अति महत्वपूर्ण विषय है। अर्धसैनिक बलों के जवान देश और देशवासियों की रक्षा में महत्त्वपूर्ण योगदान देते हैं। देश में जब कहीं संकट उत्पन्न होता है ये जवान अग्रणी भूमिका निभाते रहे हैं और कर्त्तव्य पालन करते हुए बड़ी से बड़ी कुर्बानी देने में भी कभी पीछे नहीं हटे।

### दिल्ली हाईकोर्ट के फैसले का दिया हवाला



**दीपेंद्र** हुड्डा ने बताया कि अर्धसैनिक बलों की पुरानी पेंशन योजना लागू करने की इस पुरानी मांग के संबंध में हाल ही में 11 जनवरी, 2023 को दिल्ली हाईकोर्ट ने एक ऐतिहासिक फैसला देते हुए सभी केंद्रीय अर्धसैनिक बलों को 'भारत संघ के सशस्त्र बल' माना है और केंद्र सरकार को दिशा-निर्देश दिया कि इन बलों में चाहे कोई आज भर्ती हुआ हो, पहले कभी भर्ती हुआ हो या आने वाले समय में भर्ती होगा, सभी जवान और अधिकारी (ओपीएस) के दायरे में आने चाहिए।

## आतंकियों के पास पहली बार मिला परफ्यूम आईईडी

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के डीजीपी दिलबाग सिंह ने कहा कि 21 जनवरी को जम्मू के नारवाल में 2 आईईडी धमाके हुए थे। इस घटना से जुड़े आरिफ नामक आतंकी को पकड़ा गया था, जो रियासी का रहने वाला है। इसके पास से परफ्यूम आईईडी बरामद हुई है। वहीं डीजीपी ने कहा कि यह पहली बार है जब परफ्यूम आईईडी बरामद किया गया है।

आरिफ पिछले तीन साल से सीमा पार लश्कर-ए-तैयबा के हैंडलर के साथ जुड़ा था। फरवरी 2022 में शास्त्री नगर में एक आईईडी धमाका हुआ था। आरिफ ही उस धमाके के पीछे था। कटरा में धमाके के बाद बस में आग लगी थी, आरिफ ने माना है कि वो आईईडी बस में इसी ने लगाई थी। हालांकि अभी आगे की भी जांच की जा रही है।

## अब अपना बजट पेश करेगी हरियाणा सरकार, लगी मुहर

**दो चरणों में होगा सत्र, पहला बीस फरवरी से**

**एजेंसी। चंडीगढ़**

**केंद्रीय** बजट के बाद अब हरियाणा सरकार अपना बजट पेश करेगी। इसके लिए हरियाणा कैबिनेट की बैठक ने मुहर लगा दी। हरियाणा विधानसभा का इस बार बजट सत्र दो चरणों में होगा। पहला चरण 20 से 23 फरवरी तक चलेगा। दूसरा चरण 16 से 21 तक होगा। सीएम मनोहर लाल ने कहा कि केंद्र के बजट से प्रेरणा लेकर ही प्रदेश का बजट बनाया जाएगा। इसके साथ ही मंत्री मंडल की बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए।

हरियाणा में आयुष शिक्षा के सुदृढ़ीकरण के लिए श्रीकृष्णा आयुष विश्वविद्यालय, कुरुक्षेत्र स्थापित किया है। इन महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर सामंजस्य बनाए रखने के लिए आयुष शिक्षा के विषय को निदेशालय आयुष हरियाणा की परिधि और जिम्मेदारियों के दायरे में लाने की आवश्यकता है, इसलिए आयुष विभाग को अलग विभाग के तौर पर शामिल किया गया है।

मत्रिमंडल की बैठक में हरियाणा निजी स्वास्थ्य विज्ञान शैक्षणिक संस्था (प्रवेश विनियमन, फीस नियतन और शैक्षणिक मानक अनुरक्षण) अधिनियम-2012 में संशोधन के संबंध में मंत्रिपरिषद द्वारा लिए गए निर्णय को वापस लेने के एक प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई। यह निर्णय इसलिए लिया गया है ताकि निजी और डीम्ड विश्वविद्यालयों के तहत संस्थानों को उस अधिनियम के अनुसार नियमित किया जाए, जिसके तहत उन्हें स्थापित किया गया है। हरियाणा मंत्रिमंडल की बैठक में विदेश सहयोग विभाग का नाम हरियाणा सरकार कार्य (आवंटन) नियम, 1974 में शामिल करने के प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान की गई।

## आप ने शराब घोटाले का पैसा गोवा चुनाव में लगाया

**ईडी का चार्जशीट में दावा**

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को दिल्ली शराब घोटाले मामले में नया दावा किया है। ईडी ने कहा कि आप ने दिल्ली शराब घोटाले के पैसों का इस्तेमाल गोवा में चुनाव प्रचार के लिए किया। शराब घोटाले में कोर्ट में दाखिल चार्जशीट में आरोप लगाया कि दिल्ली शराब घोटाले के एक आरोपी विजय नायर ने शराब कंपनी इंडोस्पिरिट्स के एमडी समीर महेंद्रू की दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल से बात कराई थी। यह बातचीत विजय के फोन से किए गए फेसटाइम वीडियो कॉल से की गई थी। अरविंद केजरीवाल ने ईडी के आरोपों को पूरी तरह काल्पनिक बताया है।

## 2024 तक अमेरिका जैसी होंगी भारत की सड़कें : नितिन गडकरी

**नई दिल्ली।** केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने बजट की जमकर तारीफ की है। उन्होंने कहा कि ये पहला बजट है जो हमें ग्रीन एनर्जी की ओर लेकर जाएगा। इस दौरान गडकरी ने फिर 2024 खत्म होने से पहले भारत का रोड इंफ्रास्ट्रक्चर अमेरिका जैसा करने की बात दोहराई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि दिल्ली से देहरादून और चंडीगढ़, जयपुर जाना इतना आसान और सुगम बना देंगे कि लोग फ्लाइट लेना बंद कर देंगे।

2023-24 के बजट में सड़क परिवहन मंत्रालय को 2.70 लाख करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। गडकरी ने कहा कि देश के इंफ्रास्ट्रक्चर को बदलने के लिए पिछड़े इलाकों में ज्यादा ध्यान देने की जरूरत है।

## हरियाणा में आप चलाएगी 'ऑपरेशन झंडा', कार्यकर्ताओं को मिलेगी ट्रेनिंग

**पायनियर समाचार सेवा। चंडीगढ़**

**प्रदेश** में 2024 के चुनावों को देखते हुए आम आदमी पार्टी (आप) तैयारियों में जुट गई है। अप्रैल में नए संगठन की घोषणा के बाद पार्टी राज्य भर में ऑपरेशन झंडा चलाएगी। इसके लिए राज्य की 90 विधानसभा सीटों के कार्यकर्ताओं को ट्रेनिंग भी पार्टी की तरफ से दी जाएगी। आप नेता अनुराग ढांडा ने बताया कि इसके लिए वालंटियर मैपिंग अभियान की शुरुआत कर दी गई है।

इसके तहत दो फरवरी को हिसार, सिरसा, सोनीपत, करनाल, अंबाला, कुरुक्षेत्र, फरीदाबाद, भिवानी और महेंद्रगढ़ में मीटिंग हुई। इसमें विधानसभा क्षेत्र से संबंधित कार्यकर्ताओं को वालंटियर मैपिंग की ट्रेनिंग दी गई। 6 फरवरी तक चलने वाली ट्रेनिंग में पूरे प्रदेश के कार्यकर्ताओं को सघन मैपिंग की ट्रेनिंग दी जाएगी।

इसके साथ पूरे प्रदेश में आम आदमी पार्टी का ऑपरेशन झंडा भी चलाया जाएगा।



**अप्रैल में संगठन की तैयारी, वालंटियर मैपिंग शुरू की**

### सत्र के तीसरे दिन दोनों ही सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी

# हर बार सदन में हमारे नोटिस रिजेक्ट कर दिए जाते हैं : खड़गे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

**लोकसभा** और राज्यसभा दोनों सदनों की कार्यवाही कल सुबह 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी गई है। कार्यवाही के दौरान विपक्षी सांसदों ने अडानी ग्रुप को लेकर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट पर चर्चा की मांग करते हुए हंगामा किया, जिसके बाद सदन की कार्यवाही को स्थगित करना पड़ा।


वहीं, सदन की कार्यवाही स्थगित होने के बाद राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, सभी पार्टियों के नेताओं ने मिलकर एक फैसला लिया है कि आर्थिक दृष्टि से देश में जो घटनाएं हो रही हैं उसे सदन में उठाना है इसलिए हमने एक नोटिस दिया था। हम इस नोटिस पर चर्चा चाहते थे लेकिन जब भी हम नोटिस देते हैं तो उसे रिजेक्ट कर दिया जाता है। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया। लोकसभा की कार्यवाही शुरू होते ही विपक्ष ने हंगामा शुरू कर दिया।



अडाणी ग्रुप पर हिंडनबर्ग रिसर्च के आरोपों को लेकर कांग्रेस,टीएमसी, आप, एसपी, डीएमके, जनता दल और लेफ्ट समेत 13 विपक्षी पार्टियों ने मीटिंग की। यह बैठक राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के चेंबर में हुई। इनमें से नौ पार्टियों ने राज्यसभा में स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया। मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा कि लोगों की मेहनत का पैसा बर्बाद हो रहा है। लोगों का विश्वास बैंक और एलआईसी से उठ जाएगा। कुछ कंपनियों के शेयर लगातार गिरते जा रहे हैं। सत्र के तीसरे दिन दोनों ही सदनों में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी। लोकसभा में अभिभाषण पर चर्चा के साथ ही कई प्रतिवेदन भी पेश किए जाने हैं और मंत्रालयों से संबंधित प्रश्न भी एजेंडे में शामिल हैं। एक दिन पहले वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने वित्त वर्ष 2023-24 के लिए सदन में आम बजट पेश किया।

### सत्र से जुड़ी कुछ प्रमुख बातें

- राज्यसभा में नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जिन खड़गे ने रूल 267 के तहत मार्केट वैल्यू खोने वाली कंपनियों के मुद्दे पर चर्चा के लिए स्थगन प्रस्ताव का नोटिस दिया।
- कांग्रेस सांसद मनीष तिवारी ने चीन के साथ सीमा की स्थिति पर चर्चा के लिए लोकसभा में स्थगन प्रस्ताव नोटिस दिया।
- सांसद संजय सिंह ने रूल 267 के तहत अडाणी ग्रुप के जरिए दी की गई फाइनेंशियल इरेगुलेटरी और फ्रॉड का मुद्दा उठाने के लिए नोटिस दिया।
- सीपीआई के राज्यसभा सांसद बिनॉय विश्वम ने रूल 267 के तहत सभापति जगदीप धनखड़ से अडाणी स्टॉक क्रैश पर चर्चा की मांग की।



**शहर का तापमान**
- अधिकतम 23.00 डिग्री सेल्सियस
- न्यूनतम 11.00 डिग्री सेल्सियस

**शहर में आज**
- सूरजकुंड मेले का उद्धाटन: दोपहर 4 बजे
- बीके सिविल अस्पताल की ओपीडी शुरू: सुबह 9 बजे
- शहर में जगह-जगह वैक्सीनेशन कैम्प: सुबह 10 बजे

## निवेश गुरु

**जो** लोग अपने पैसों को किसी ऐसे म्यूचुअल फंड में इन्वेस्ट करना चाहते हैं जो उन्हें लंबे वक्त में ज्यादा रिटर्न दे तो लार्ज कैप फंड्स उनके लिए एक बेहतरीन ऑप्शन साबित हो सकता है। ज्यादातर लोगों को यह बड़ी अवधि के बाद उनके वित्तीय गोल पाने में मदद करता है। आप इस फंड में पैसे लगाने के बाद 5 से 7 सालों में बेहतर रिटर्न की उम्मीद रख सकते हैं. ऐसे में आप अपने भविष्य के बड़े वित्तीय जरूरतों को लार्ज कैप फंड्स में निवेश करके प्राप्त कर सकते हैं। बता दें कि मिडकैप और स्मॉल कैप में बाजार की उठापटक का असर बहुत ज्यादा होता है। वहीं लार्ज कैप फंड्स में इसका असर बहुत कम होता है।

## यूटीलिटी न्यूज

### विद्यालय में लगाए पौधे



**फरीदाबाद।** सेक्टर 9 स्थित डीसी मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल फरीदाबाद में एनएसएस स्वयंसेवकों के द्वारा कार्यक्रम के चौथे दिन वृक्षारोपण तथा उनकी देखभाल कार्यक्रम के तहत विभिन्न प्रकार के पौधे विद्यालय परिसर में लगाए गए। इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या डॉ. ज्योति गुप्ता तथा एकेडमिक डायरेक्टर लक्ष्मी बोथरा उपस्थित रही। इन अधिकारियों ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला तथा मानव जीवन में इनके योगदान के विषय में विद्यार्थियों का उत्तरदायित्व क्या होना चाहिए बताया। स्वयंसेवकों और कार्यक्रम अधिकारी ने कदमताल का भी अभ्यास कराया। बच्चों को आदर्श नागरिक बनने की प्रेरणा दी।स्वयं सेवकों ने विद्यालय परिसर में अमरूद, पीपल, नीम, नींबू सहित अनेक फलदार पेड़ लगाए गए।

## क्विक न्यूज

### स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

**फरीदाबाद।** जेसी बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद द्वारा भारत विकास परिषद (बीवीपी), फरीदाबाद के अंतर्गत डॉ. सूरज प्रकाश आरोग्य केंद्र के सहयोग से आज महिला स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को लेकर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। विश्वविद्यालय के चिकित्सा केंद्र के विशेषज्ञ डॉ. सूरज प्रकाश की टीम ने विश्वविद्यालय चिकित्सा केंद्र के सहयोग से छात्राओं और महिला कर्मचारियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। शिविर के दौरान छात्राओं के हीमोग्लोबिन की जांच की गई। शिविर में 200 से अधिक छात्राओं तथा फैकल्टी सदस्यों ने मुफ्त स्वास्थ्य जांच सुविधा का लाभ उठाया।

# लापरवाही : सीएम के शिलान्यास को गुजरे ढाई महीने, नहीं बनी सूरजकुंड रोड

**राजेश दास।** फरीदाबाद

### सड़क की मरम्मत न करवाने से मेले के दौरान लाखों पर्यटकों को होगी परेशानी

**सूरजकुंड** मेले में आने वाले लाखों पर्यटकों की सुविधा का ध्यान रखते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने करीब ढाई महीने पहले अनखीर चौक से दिल्ली सीमा तक जाने वाली सूरजकुंड रोड के निर्माण का कार्य का शिलान्यास किया था। दिल्ली और फरीदाबाद को जोड़ने वाली इस सड़क के निर्माण की जिम्मेदारी एफएमडीए को सौंपी गई थी। लेकिन इस गुजरे समय अवधि के दौरान सड़क का निर्माण करना तो दूर एफएमडीए के अधिकारियों ने एक ईंट तक नहीं लगाई। मरम्मत के अभाव में पूरी सड़क बुरी तरह जर्जर हो चुकी है। एफएमडीए की इस लापरवाही का खामियाजा सूरजकुंड मेले में आने वाले लाखों पर्यटकों को रोज उठाना पड़ेगा।

**24.70 करोड़ से बननी है सड़क :** अनखीर चौक से दिल्ली सीमा तक जाने वाली सड़क का निर्माण करीब दस साल पहले एचएसवीपी द्वारा करवाया गया था। लेकिन इसके बाद एचएसवीपी अथवा नगर निगम की तरफ से इस सड़क पर कभी ध्यान ही नहीं दिया गया। जिसके कारण सड़क समय गुजरने के साथ जर्जर होती चली गई। ऐसे में सूरजकुंड मेले में आने वाले लाखों पर्यटकों को परेशानी से बचाने के लिए करीब साढ़े आठ किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण 24.70 करोड़ रुपये की लागत से करवाने का फैसला लिया था। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने 20 नवंबर 2022 को शहर में होने वाले 2500 करोड़ रुपये के विकास कार्यों के साथ इस सड़क के निर्माण कार्य का भी शिलान्यास किया था।



सूरजकुंड रोड के अनंगपुर चौक पर बने गड्ढे।



सड़क की इन खामियों के कारण हो सकते हैं हादसे।

**निर्माण में नहीं दिखाई रुचि :** नगर निगम और एचएसवीपी की लापरवाही और लेटलतीफी को देखते हुए प्रदेश सरकार ने पहले स्मार्ट सिटी प्राइवेट लिमिटेड और करीब दो साल पूर्व शहर को महानगर का दर्जा देते हुए एफएमडीए का गठन किया था। ताकि शहर का समुचित विकास तेजी के साथ किया जा सके। लेकिन एफएमडीए की कार्यशैली नगर निगम और एचएसवीपी से जरा भी अलग नहीं है। अनखीर सूरजकुंड रोड का शिलान्यास हुए करीब ढाई महीने का समय गुजर चुका है। लेकिन इस दौरान सड़क का निर्माण शुरू करने में एफएमडीए ने रुचि नहीं दिखाई। यदि एफएमडीए के अधिकारी चाहते तो सड़क का निर्माण सूरजकुंड मेला शुरू होने से पहले ही पूरा कर सकते थे।

**पर्यटक झेलेंगे परेशानी :** सूरजकुंड हस्तशिल्प मेला देखने के लिए एनआइटी, बल्लभगढ़, ग्रेटर फरीदाबाद और ग्रामीण क्षेत्र के लोग अनखीर सूरजकुंड रोड का ही इस्तेमाल करते हैं। शनिवार और रविवार को मेला देखने के लिए आने वाले दर्शकों की संख्या आम दिनों के मुकाबले कई गुणा बढ़ जाती है। ऐसे में अक्सर जाम लगने की समस्या उत्पन्न होती रहती है। फिलहाल पूरी सड़क पर जगह जगह गड्ढे बने हुए हैं। वहीं कई स्थानों पर तो सड़क बुरी तरह टूट चुकी है। लेकिन निर्माण कार्य तो दूर निगम ने इस सड़क पर पैच वर्क तक करवाने की जरूरत महसूस नहीं की। जिससे दुर्घटना और जाम लगने की समस्या की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। वहीं यातायात सुचारू करने के लिए पुलिस को भी कड़ी मशक्कत करनी पड़ेगी।

# 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2023 का आज होगा आगाज

### केंद्रीय पर्यटन सचिव अरविन्द शर्मा द्वारा कर्टेन अप समारोह की अध्यक्षता की गयी

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**36वां** सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला-2023 का एक नई ऊर्जा और उत्साह के साथ आज आगाज हो रहा है। 36वां संस्करण दुनिया भर से और पूरे भारत से अभूतपूर्व भागीदारी का गवाह बनेगा। भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेले के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता करेंगे। यह जानकारी सूरजकुंड मेला की बड़ी चौपाल में मीडिया कर्मियों को संबोधित करते हुए अरविंद सिंह, सचिव, पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार ने दी। उन्होंने बताया कि इस मौके पर हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल, पर्यटन मंत्री कंवर पाल, कृष्ण पाल, केंद्रीय बिजली और भारी उद्योग मंत्री तथा मूलचंद शर्मा, परिवहन मंत्री, खान और भूविज्ञान, चुनाव और उच्च शिक्षा, सीमा त्रिखा, एमएलए बडखल, हरियाणा पर्यटन निगम के अध्यक्ष डॉ. अरविंद यादव मौजूद रहेंगे।



प्रेसवार्ता को सम्बोधित करते हुए अधिकारी।



मेल में आए कलाकार।

#### 1987 में शुरू हुआ था मेला

**सूरजकुंड** शिल्प मेला 1987 में पहली बार हस्तशिल्प, हथकरघा और भारत की सांस्कृतिक विरासत की समृद्धि और विविधता को प्रदर्शित करने के लिए आयोजित किया गया था। केंद्रीय पर्यटन, कपड़ा, संस्कृति, विदेश मंत्रालय और हरियाणा सरकार के सहयोग से सूरजकुंड मेला प्राधिकरण और हरियाणा पर्यटन द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित, इस मेले ने अंतरराष्ट्रीय पर्यटन कैलेंडर में अपना स्थान बनाया है। यह शिल्प मेला भारत भर के हजारों शिल्पकारों को अपनी कला और उत्पादों को व्यापक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने में मदद करता है।

#### ऑनलाइन टिकट उपलब्ध

**मेला** परिसर में प्रवेश करने में मदद करने के लिए क्क्षश्चद्व4ह्यद्धश्2.ष्श्व जैसे पोर्टल के माध्यम से ऑनलाइन टिकट उपलब्ध हैं। आसपास के क्षेत्रों के आगंतुकों को मेला स्थल तक ले जाने के लिए विभिन्न बिंदुओं से विशेष बसें चलाई जाएंगी। सूरजकुंड शिल्प मेले को 2013 में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपग्रेड किया गया था। 2022 में यूरोप, अफ्रीका और एशिया के 30 से अधिक देशों ने मेले में भाग लिया था।

#### 40 देश ले रहे हिस्सा

**इस** वर्ष 40 से अधिक देश मेले का हिस्सा होंगे, जिसमें भागीदार राष्ट्र - शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) शामिल हैं। जिसके तहत कजाकिस्तान, चीन, रूस, उजबेकिस्तान, अजरबैजान, आर्मेनिया जैसे 25 से अधिक देश शामिल हैं। तुर्की, कंबोडिया, संयुक्त अरब अमीरात, श्रीलंका, सऊदी अरब, कतर जैसे कुछ नाम बहुत उत्साह के साथ भाग लेंगे।



आकर्षण का केंद्र होगा मेले में बनने वाला अपनाघर।

#### थीम स्टेट है भारत का उत्तर पूर्वी क्षेत्र

**भारत** का उत्तर पूर्वी क्षेत्र 36वें सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला 2023 के लिए थीम स्टेट है, जो इस क्षेत्र से विभिन्न कला रूपों और हस्तशिल्प के माध्यम से अपनी अनूठी संस्कृति और समृद्ध विरासत को प्रदर्शित कर रहा है। आगंतुकों को अरुणाचल प्रदेश, असम, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम, नागालैंड, सिक्किम और की विरासत और संस्कृति से रूबरू होने का मौका मिलेगा। पूर्वोत्तर क्षेत्र के सैकड़ों कलाकार विभिन्न लोक कलाओं और नृत्यों का प्रदर्शन करेंगे। पारंपरिक नृत्य कला से लेकर उत्कृष्ट शिल्प तक, दर्शकों को लुभाने के लिए उत्तर पूर्वी क्षेत्र की विरासत और संस्कृति का गुलदस्ता है।

#### सांस्कृतिक कार्यक्रम करेंगे मदहोश

**मेले** में राजस्थान के कच्ची घोड़ी, पंजाब के भांगड़ा, हरियाणा के लोक नृत्य, हिमाचल प्रदेश के जमकदा और नाटी, हिमाचल पुलिस बैंड, उत्तर प्रदेश के लोक नर्तक और सदाबहार बहरूपिया जैसे कलाकार आगंतुकों का मनोरंजन करेंगे। मेला पखवाड़े के दौरान शाम को होने वाले आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम आगंतुकों का भरपूर मनोरंजन करेंगे। शुभा मुद्गल, मीका सिंह, काका, नूरैन सिस्टर्स, मामे खान, यूफोरिया जैसे बैंड्स, टेटसेओ सिस्टर्स के अलावा उत्तर पूर्वी राज्यों के फुट टैपिंग डांस और सॉन्ग शो और भाग लेने वाले विदेशी कलाकारों के शानदार प्रदर्शन का आनंद लें।

#### मेले में होंगी 1179 वर्क हट्स

**एमडी** सिन्हा, प्रमुख सचिव, पर्यटन, हरियाणा-सह-उपाध्यक्ष, सूरजकुंड अंतर्राष्ट्रीय शिल्प मेला ने कहा कि मेला मैदान 43.5 एकड़ भूमि में फैला हुआ है और शिल्पकारों के लिए 1179 वर्क हट्स और एक बहु व्यंजन फूड कोर्ट है। मेले का माहौल पूर्वोत्तर क्षेत्र प्रतिनिधित्व करने वाले सांस्कृतिक रूपांकनों को प्रदर्शित करेगा। मेले में अपना घर में हरियाणा का एक परिवार राज्य की प्रामाणिक जीवन शैली को प्रदर्शित करेगा।

#### पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था

**सुरक्षा** व्यवस्था को मजबूत करने के लिए मेला मैदान में नाइट विजन कैमरों के साथ 300 से अधिक सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। मेला परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना या दुर्घटना को रोकने के लिए महिला गार्ड सहित बड़ी संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात हैं। मेला पार्किंग में प्रवेश करने वाले वाहनों की नंबर प्लेट पहचान को पकड़ने के लिए ई-निगरानी के लिए एनपीआर प्रौद्योगिकी का उपयोग। पूरे मेले में किसी भी आपात स्थिति के लिए फायर ब्रिगेड टीम और मेडिकल टीम उपलब्ध रहेगी।

#### टिकट में 50 प्रतिशत की छूट

**कॉर्पोरेट** सामाजिक उत्तरदायित्व पहल के रूप में, सूरजकुंड मेला प्राधिकरण दिव्यांग व्यक्तियों, वरिष्ठ नागरिकों और सेवारत रक्षा कर्मियों और पूर्व सैनिकों को प्रवेश टिकट पर 50 प्रतिशत छूट प्रदान करता है। ऑनलाइन सॉफ्टवेयर और क्यूआर कोड के माध्यम से पूरे मेला अवधि में स्कूली छात्रों के लिए 25 से अधिक प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## सूरजकुंड मेले के लिए बदरपुर बॉर्डर, बल्लभगढ़ और गुडगांव से भी मिलेंगी बस

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड मेले में यात्रियों की सुविधा के लिए हरियाणा रोडवेज ने रूट प्लान तैयार है। आज से शुरू हो रहे मेले में जाने वाले दर्शकों के लिए फरीदाबाद के अलावा बदरपुर बॉर्डर और गुडगांव से भी स्पेशल मेला बस लगाई है। हरियाणा रोडवेज की ये बसें मेले तक सुबह 8 बजे से शाम 7:30 बजे तक हर 15 मिनट पर उपलब्ध रहेंगी। फरीदाबाद डिपो की भी 20 बस मेले में सुविधा देंगी।

फरीदाबाद के अलग-अलग हिस्सों से हर साल हजारों की संख्या में लोग सूरजकुंड मेला देखने जाते हैं। अधिकांश लोग अपने वाहनों से जबकि अनेक लोग बसों के माध्यम से मेला परिसर तक पहुंचते है। फरीदाबाद डिपो अधिकारियों ने बताया कि ये बसें बल्लभगढ़ और एनआइटी बस अड्डे से चलाई जाती हैं। ये बसें अनखीर चौक से सूरजकुंड रोड के रास्ते मेला परिसर में पहुंचती है। दोपहर के समय अचानक भीड़ बढ़ने पर रिजर्व बसों को रवाना किया जाएगा। बल्लभगढ़ से चलकर वाया एनआईटी बस अड्डे से सूरजकुंड जाने वाली बसों में किराया 20 रुपये प्रति यात्री होगा।

## जेसी बोस में दो दिवसीय गणित उत्सव का आयोजन

**पायनियर समाचार सेवा।** फरीदाबाद

**जेसी** बोस विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, वाईएमसीए, फरीदाबाद के गणित विभाग ने राष्ट्रीय गणित दिवस के उपलक्ष्य में दो दिवसीय गणित उत्सव का आयोजन किया।यह आयोजन हरियाणा स्टेट काउंसिल फॉर साइंस, इनोवेशन एंड टेक्नोलॉजी द्वारा प्रायोजित था।

कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में नॉर्थकैप यूनिवर्सिटी, गुड़गांव के प्रोफेसर डॉ. सी.बी. गुप्ता कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डॉ. गुप्ता ने दैनिक जीवन में गणित के अनुप्रयोगों पर चर्चा की। अध्यक्षता कर रहे कुलपति प्रो सुशील कुमार तोमर ने छात्रों को दैनिक जीवन की घटनाओं को गणित से जोड़ने की सलाह दी। कार्यक्रम का संयोजन विज्ञान की संकायाध्यक्ष प्रो. नीतू गुप्ता की देखरेख में किया गया।

इस अवसर पर 'समकालीन गणित' पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन भी किया गया। सेमिनार में आईआईटी दिल्ली के प्रो. मैथिली शरण मुख्य अतिथि रहे तथा विभिन्न क्षेत्रों में गणित की उपयोगिता को लेकर चर्चा की। सत्र में विशिष्ट अतिथि दिल्ली विश्वविद्यालय से प्रो. बीके दास रहे तथा गणित को सभी प्रौद्योगिकी की



जननी बताया। सत्र में पंजाब विश्वविद्यालय से प्रो. दिनेश खुराना तथा प्रो. कल्पना दहिया मुख्य वक्ता रहे। इस अवसर पर रंगोली मेकिंग, गणित मॉडल प्रेजेंटेशन और क्विज प्रतियोगिता जैसे कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। आयोजनों में 66 टीमों ने भाग लिया तथा प्रत्येक टीम में दो छात्र शामिल थे। कार्यक्रम में प्रतिभागी डीएवी कॉलेज फरीदाबाद, अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़, आईबी पीजी कॉलेज पानीपत, सरस्वती कॉलेज पलवल, गवर्नमेंट कॉलेज नाचोली, पंडित जेएलएन गवर्नमेंट कॉलेज फरीदाबाद, सीआरएम जाट कॉलेज हिसार और विश्वविद्यालय के विभिन्न शिक्षण विभाग से शामिल रहे। रंगोली प्रतियोगिता में गवर्नमेंट गर्ल्स कालेज नाचोली की सुचिस्मिता व साक्षी प्रथम पुरस्कार जीता। जेसी बोस विश्वविद्यालय के गणित विभाग की साक्षी व प्रीति ने दूसरा तथा सरस्वती कॉलेज पलवल की तराना व मनीषा ने तीसरा स्थान हासिल किया। गणित मॉडल प्रेजेंटेशन में आईबी पीजी कॉलेज पानीपत ने प्रथम पुरस्कार जीता। दूसरे स्थान पर अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ एवं पंडित जेएलएन कॉलेज फरीदाबाद तीसरे स्थान पर रहे। क्विज प्रतियोगिता में जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के गणित विभाग के ध्रुव व रिंकी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। आईबी पीजी कॉलेज पानीपत के शक्ति और दिव्या ने दूसरा और जे.सी. बोस विश्वविद्यालय के जतिन और शिवांश तीसरा स्थान हासिल किया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. अर्पिता चटर्जी और अभिषेक ने किया।

**पायनियर पाठकों के लिए**

यदि आपको अखबार की प्रति मिलने में कठिनाई आ रही है,तो आप निम्न पते से प्राप्त कर सकते हैं

- विनोद कुमार, ओल्ड रेड लाइट
- आनंद,एनआईटी 4-5 चौक 9818848494
- मदनलाल, अंबेडकर चौक बल्लभगढ़ 9811477204
- पाहुजा,पलवल मीनार गेट मोबाइल नंबर- 9255029919
- त्रिलोक,फोर्टिस हॉस्पिटल, नीलम चौक
- हितेश सेक्टर 29, 9910533103




विफलता तंत्र की है हर कोई कल भूल जायेगा
लगेगा दांव जिसका वो हमें फिर लूट खायेगा
बड़ों की शह के चलते ही लुटेरा देश में अपने
कोई कल था, कोई है अब, कोई कल और आयेगा

## मेले में मिलेगी बेहतर इलाज की सुविधा : डॉ. श्योकंद

### तीन डिस्पेंसरियों के साथ दस एम्बुलेंस रोजाना रहेंगी तैयार

### हर वीआईपी के लिए होगी अलग से एम्बुलेंस

**कविता।** फरीदाबाद




मेले में मौजूद डिस्पेंसरी में स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाते मेले में काम करने वाले कर्मचारी



डॉ.राजेश श्योकंद तथा डॉ. परीक्षित

**अंतरराष्ट्रीय** सूरजकुंड मेले में देश-विदेश से आने वाले दर्शकों और कलाकारों को स्वास्थ्य संबंधी कोई परेशानियां नही होगी। इसके लिए जिला स्वास्थ्य विभाग ने पूरी तैयारी कर ली है। मेले की स्वास्थ्य सेवाओं के लिए डिप्टी सिविल सर्जन डॉ. राजेश श्योकंद को नोडल अधिकारी, डॉ. परीक्षित को कोर्डिनेटर और डॉ. मनदीप को मेले की डिस्पेंसरी का इंचार्ज बनाया है। डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि मेला परिसर में दो डिस्पेंसरियां बनाई गई हैं। एक डिस्पेंसरी मेला परिसर के अंदर होंगी। जबकि दूसरी मेला परिसर के बाहर होगी। इनके अलावा एक निजी अस्पताल की निशुल्क डिस्पोंसरी भी होगी। वहीं खाने पीने की चीजों की जांच की जाएगी। खाद्य सामग्री के निरीक्षण की प्रक्रिया तीन फरवरी से शुरू कर दी जाएगी। जो कर्मचारी खाना बनाने का काम करेंगे, उनके स्वास्थ्य की भी जांच की जा रही है।

**24 घंटे डिस्पेंसरी की सुविधा:** डॉ. राजेश श्योकंद ने बताया कि स्वास्थ्य केंद्रो पर एक-एक टीम सुबह आठ बजे लेकर रात्रि आठ बजे तक और दूसरी टीम रात आठ बजे से सुबह तक तैनात रहेगी। जिसमें तीन चिकित्सक मेले की मुख्य डिस्पेंसरी में और चार चिकित्सकों की ड्यूटी राउंड द क्लॉक लगाई जाएगी।

**10 एम्बुलेंस :** मेले के स्वास्थ्य कोर्डिनेटर डॉ. परीक्षित ने बताया कि मेले में दस एम्बुलेंसों को भी मेले में तैनात किया गया है। ताकि आपातकाल स्थिति होने पर मरीज को तुरंत स्वास्थ्य सेवा मिल सके। 10 एम्बुलेंस में तीन सरकारी और शेष सात एम्बुलेंस निजी अस्पतालों की हैं। मेले के पांच गेटों पर एक एक एम्बुलेंस, दो एम्बुलेंस मेला परिसर के अंदर, जिसमें एक-एक एम्बुलेंस डिस्पेंसरियों पर और एक चौपाल पर होगी। एक फूड कोर्ट पर और एक एम्बुलेंस रास्तों पर रहेगी। ताकि आने-जाने वालों को दिक्कत होने पर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवा सकें।

## रावल इंस्टीट्यूशंस में रक्तदान शिविर का आयोजन



रक्तदाताओं का हौसला बढ़ाते गण्यमान्य अतिथि।

**फरीदाबाद।** रावल इंस्टीट्यूशंस द्वारा लायंस क्लब फरीदाबाद डैफोडिल के सहयोग से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। डॉ. हमबीर सिंह डायरेक्टर, आरआईईटी ने लायंस क्लब फरीदाबाद डैफोडिल के गण्यमान्य अतिथियों का स्वागत किया।

आरआईएम के डायरेक्टर डॉ. राजेश तिवारी ने छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ को नेक काम में योगदान देने के लिए प्रोत्साहित करते हुए कहा रक्तदान सबसे अच्छा दान है जो हर व्यक्ति कर सकता है। मुख्य अतिथि लायंस क्लब फरीदाबाद के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अनिल अरोड़ा ने रक्तदान के लिए योगदान देने के प्रयास में रावल इंस्टीट्यूशंस के प्रयासों की सराहना की। छात्रों, फैकल्टी और स्टाफ के सदस्यों ने पूरे दिल से रक्तदान किया। रावल इंस्टीट्यूशंस के प्रशासक अनिल प्रताप सिंह, ने इस कार्य में योगदान देने के लिए फैकल्टी, स्टाफ और छात्रों को धन्यवाद दिया।

# अस्पताल की रसोई में पशुओं के आने से बढ़ी परेशानी

कविता। फरीदाबाद

शहर के बादशाह खान सिविल में आए दिन पशुओं द्वारा मरीजों और तीमारदारों के अलावा अस्पताल की सम्पति को नुकसान पहुंचने के मामले सामने आते रहते हैं। जिसे देखते हुए अस्पताल प्रबंधन ने पशुओं के न घुसने के इंतजाम किये थे। लेकिन अब फिर अस्पताल में शुरू हुई रसोई के कारण मरीजो, तीमारदारों और एम्बुलेंस चालकों की परेशानी बढ़ गई है। अस्पताल में दस रुपये में भरपेट भोजन उपलब्ध करवाने के लिए इसीनियत शुद्ध रसोई की शुरुआत की गई थी। अब शुद्ध रसोई के संचालकों द्वारा अस्पताल परिसर में ही पशुओं के लिए भोजन की व्यवस्था कर दी है। ऐसे में आवारा पशुओं द्वारा टक्कर मार कर मरीजों और तीमारदारों को घायल करने के साथ अस्पताल में मौजूद एम्बुलेंस को नुकसान पहुंचाने की संभावनाएं बढ़ गई हैं।

**लगाया गया है बोर्ड:** बीके सिविल अस्पताल के गेट के निकट मौजूद शुद्ध रसोई द्वारा एक बोर्ड लगाया गया है, जिसमें लिखा कि 'शुद्ध रसोई-पशुओं के लिए भोजन' इस बोर्ड के निकट ही रसोई परिसर में भोजन को जमीन पर गिराया गया था। ऐसे में यहां आवारा पशुओं को मंडराते हुए देखा गया। जिससे मरीजों और तीमारदारों में भय बना हुआ है कि कहीं आवारा पशु टक्कर मारकर उन्हें घायल न कर दें।



शुद्ध रसोई की पशुओं को भोजन योजना से लोगों को हो रही परेशानी

**एम्बुलेंस और वाहनों को नुकसान:** रसोई के सामने ही डायल 112 एम्बुलेंस नियंत्रण कक्ष मौजूद है। उसके सामने लाखों रुपये कीमत की कई एम्बुलेंस खड़ी होती है। वहीं अस्पताल परिसर में मरीजों और तीमारदारों के अलावा चिकित्सकों के वाहन भी खड़े रहते हैं। अस्पताल की रसोई में आवारा पशुओं के भोजन की व्यवस्था करने उन्हें भी नुकसान पहुंचाने की आशंकाएं जताई जा रही है।

**लोगों का कथन:** अस्पताल में मौजूद रसोई में खाना खा रहे लोगों से जब इस विषय में पायनियर द्वारा बात की गई तो उन्होंने कहा कि लाखों की गाड़ियां और एम्बुलेंस यहां खड़ी रहती हैं। ऐसे में यदि आवारा पशुओं ने भी एम्बुलेंस को टक्कर मार दी तो भारी नुकसान होगा। वहीं आवारा पशुओं का खाना खाने के कारण एम्बुलेंस को निकलने में दिक्कत आई तो मरीजों की जान पर भी बन सकती है। लोगों के लिए भोजन की व्यवस्था तक तो ठीक है लेकिन पशुओं के लिए अस्पताल परिसर में भोजन की व्यवस्था करना पूरी तरह से गलत है।

# व्यवसायी ने साझेदार पर लगाया सवा करोड़ रुपये की धोखाधड़ी का आरोप

## साइबर ठगों ने शहर के दो अन्य लोगों के खातों से उड़ाई रकम

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

शहर में धोखाधड़ी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। हालांकि पुलिस की तरफ से आए दिन ठगों पर शिकंजा कसा जा रहा है। लेकिन फिर भी वारदातें कम नहीं हो रही है। सेक्टर 19 में रहने वाले एक व्यवसायी ने अपने एक सांझेदार पर सवा करोड़ रुपये की धोखाधड़ी करने का आरोप लगाया है। इसके अलावा साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के पास लिंक भेज कर खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए। एक अन्य मामले में ठगे ने व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 32 हजार रुपये उड़ा लिए हैं। पुलिस ने तीनों मामले दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।



पुलिस आयुक्त कार्यालय।

**सवा करोड़ की धोखाधड़ी:** सेक्टर-19 निवासी राजीव भसीन ने पुलिस को बताया कि गुरुकृपा के नाम से उनकी कंस्ट्रक्शन कंपनी है। बल्लभगढ़ के रहने वाले केशव गोयल के साथ मिलकर छोटे-छोटे काम किए। केशव गोयल ने राजीव भसीन को पुणे में एक बिल्डिंग प्रोजेक्ट में साझेदारी का आफर दिया तो वे तैयार हो गए। आरोप है कि केशव गोयल ने उनके नाम से फर्जी फर्म बनाई और जाली हस्ताक्षर करके उनके खातों से सवा करोड़ रुपये निकाल लिए। इसके बाद उनके पास पुणे से एक बदमाश का फोन आना शुरू हुआ। उसने धमकी दी कि यदि रुपये वापस मांगे तो जान से मरवा देगा। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**लिंक भेज कर ठगी:** गांव डामका अनंगपुर के रहने वाले नवीन ने पुलिस को बताया कि उसके पास 23 जनवरी को एक काल आई। काल करने वाले ने उससे क्रेडिट कार्ड बनवाने के लिए कहा। उसने नवीन से उसका आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि मांगे। इसके बाद वाट्स-एप पर एक लिंक भेजा। लिंक पर उसके क्रेडिट कार्ड से संबंधित सभी जानकारी ले ली। इसके कुछ समय बाद ही नवीन के क्रेडिट कार्ड से 32 हजार रुपये निकल गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**डेढ़ लाख उड़ाए:** एसजीएम नगर के रहने वाले जरीफ ने पुलिस को बताया कि उनके मामा अली हसन के पास एक व्यक्ति ने कहा वह बजाज फिनसर्व का कर्मचारी बोल रहा है। उसने बजाज फिनसर्व का क्रेडिट कार्ड लेने के लिए एक लिंक अली हसन के मोबाइल पर भेजा। उस लिंक पर क्लिक कर अली हसन ने अपने क्रेडिट कार्ड से संबंधित जानकारी भेज दी। इसके कुछ समय बाद ही उनके खाते से डेढ़ लाख रुपये निकाल लिए गए। अली हसन शहर से बाहर हैं, इसलिए उनके भांजे की शिकायत पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# विधायक ने किया वाईएमसीए रोड के निर्माण का निरीक्षण



वाईएमसीए सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण करते विधायक नरेंद्र गुप्ता और एफएमडीए के अधिकारी

प्रवीण शर्मा। फरीदाबाद

फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के भाजपा विधायक नरेंद्र गुप्ता ने निर्माणाधीन वाईएमसीए रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने अधिकारियों से समयबद्ध सीमा में गुणवत्तायुक्त निर्माण को पूरा करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान पाई गई खामियों को ठीक कराने को भी कहा। सड़क निर्माण कार्य के साथ ड्रेनेज सिस्टम को लेकर भी अधिकारियों से चर्चा की। इस दौरान एफएमडीए के अधिकारी, भाजपा जिला सचिव मुकेश अग्रवाल व सिही मंडलाध्यक्ष नीरज मित्तल मौजूद रहे। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने बताया कि वाईएमसीए रोड का निर्माण तेज गति से किया जा रहा है। बरसात के समय में सड़कों पर जलभराव की स्थिति न हो और सड़क न खराब हो इसके लिए सड़क के साथ-साथ ड्रेनेज सिस्टम बनाया जा रहा है। जिसके तहत सैक्टर-8-9 की डिवाइडिंग पर भी ड्रेनेज बनाया जा रहा है। आज सड़क निर्माण के साथ-साथ जो अन्य कार्य चल रहे हैं उन्हें लेकर संबंधित ठेकेदार व एफएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे ड्राइंग के अनुरूप ही निर्माण कार्य पूरा करें। इसके बाद विधायक ने सेक्टर-9 में कृष्णा आटा चक्की के समीप उखड़ी हुई सड़क को नए सिरे से बनवाने को कहा। विधायक नरेंद्र गुप्ता ने कहा कि उनके क्षेत्र के लोगों को गुणवत्तायुक्त विकास मिले, इसे अधिकारी सुनिश्चित करें।

# हसला और शिक्षा बोर्ड के बीच मानदेय बढ़ोतरी पर बनी सहमति



शिक्षा बोर्ड के चेयरमैन संग बैठक करते हसला के सदस्य।

**फरीदाबाद।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर्स एसोसिएशन (हसला) राज्य प्रधान सतपाल सिन्धु के नेतृत्व में हसला प्रतिनिधिमण्डल ने बोर्ड चेयरमैन वी.पी. यादव, बोर्ड सचिव कृष्ण कुमार और ज्वाइंट सेक्रेटरी पी.के. शर्मा के साथ आगामी बोर्ड परीक्षाओं और मूल्यांकन को लेकर बैठक की। बैठक में राज्यप्रधान सतपाल सिन्धु ने संगठन के मांगपत्र के मुद्दों को रखा। बैठक में बारहवीं कक्षा के अंग्रेजी, लेखांकन व रसायन शास्त्र की परीक्षा तिथियों में बदलाव करने सहमति बनी। सभी प्रकार के बकाया मानदेय का जल्द से जल्द भुगतान किया जाएगा। ऑब्ज़र्वर व केंद्र अधीक्षक के मानदेय को 150 रुपये से बढ़ाकर 225 रुपये, उप केन्द्र अधीक्षक व पर्यवेक्षक, लिपिक का मानदेय 100 रुपये से बढ़ाकर 150 रुपये तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी का मानदेय 60 रुपये से बढ़ाकर 100 रुपये करने पर सहमति बनी। अगले सत्र से बाहय व आंतरिक प्रयोगिक पर्यवेक्षको के लिए निश्चित मानदेय देने पर सहमति बनी। बैठक में हसला राज्य राज्य उपप्रधान अशोक बाल्याण, सुरेंद्र मलिक, तरशेम कौशिक, राज्य संगठन सचिव सुरेन्द्र परमार, सुरेन्द्र यादव, राज्य प्रवक्ता राजेश देशवाल, राज्य वित्त सचिव पवन मोर, राज्य प्रेस सचिव अजीत चंदेलिया, राज्य सचिव महेंद्र मान, भिवानी जिला प्रधान अत्तर सिंह मलिक, पानीपत ज़िला प्रधान अजेन्द्र कुण्डू, हिसार जिला प्रधान विक्रम सिसाय , फरीदाबाद जिला प्रधान संदीप चौहान मौजूद रहे।

# समाजसेवी ने जन्मदिन पर किया पौधारोपण

**फरीदाबाद।** सांसे मुहिम के द्वारा वरिष्ठ समाजसेवी व पर्यावरणविद रूप सिंह नागर के जन्मदिन पर कबूलपुर खादर पट्टी मेहताब लाल कोठी हनुमान मंदिर के प्रांगण में पौधारोपण किया गया जिसमें फलदार पौधे लगाए गए जिसमें बरगद, जामुन, पीपल, अमरुद के पौधे लगाए। इस मौके पर इनलाइटेन्ड वर्ल्ड रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश धामा से उपस्थित रहे और अपनी संस्था के द्वारा समाज हित मेरे किए गए कार्यों के बारे में भी बताया। संयोजक जसवंत पंवार ने बताया कि वरिष्ठ समाजसेवी रूपसिंह नागर से सभी लोगों को सीख लेनी चाहिए, क्योंकि वह पर्यावरण के प्रति इतने सचेत हैं कि उन्होंने लाखों पौधे लगाकर प्रकृति की सेवा की है और हजारों बेजुबान पशु पक्षियों के लिए भोजन का प्रबंध किया। आने वाली पीढ़ी भी शुद्ध हवा मेरे सांस ले सके इसलिए सबको मिलकर पर्यावरण को बचाना होगा और ज्यादा से ज्यादा पौधे लगाकर उनको वृक्ष बनाना होगा,इस मौके पर इनलाइटेन्ड वर्ल्ड रिसर्च फाउंडेशन के अध्यक्ष मुकेश धामा, सुनील ,जसवंत पवार मौजूद रहे।

# राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में दिया व्याख्यान

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**सामाजिक** दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के इतिहास विभाग की प्राध्यापिका डॉ. सुप्रिया ढांडा द्वारा राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ में व्याख्यान दिया गया। इस व्याख्यान का आयोजन अग्रवाल महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्ण कांत गुप्ता मार्गदर्शन में हुआ।

व्याख्यान का विषय-स्वच्छता पर महात्मा गांधी के विचार रहा। डॉ. सुप्रिया ढांडा ने बताया कि साफ-सफाई हमारे जीवन की प्राथमिकता है। स्वच्छ रहने से हम जीवन में आने वाली कई परेशानियों से मुक्ति पा सकते हैं। महात्मा गांधी ने कहा था-स्वच्छता ही सेवा है। हमारे देश के लिए, हमारे जीवन में स्वच्छता की बहुत जरूरत है। हमें व्यक्तिगत व आसपास भी सफाई अवश्य रखनी चाहिए और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करना चाहिए। डॉ0 सुप्रिया ने स्वच्छता पर महात्मा गांधी जी के विचारों को विस्तारपूर्वक बताते हुए



डॉ. सुप्रिया ढांडा व्याख्यान देते हुए।

कहा कि गांधी जी राजनीतिक स्वतंत्रता से भी ज्यादा जरूरी व्यक्तिगत स्वच्छता को मानते थे। उनके विचार थे कि यदि कोई व्यक्ति स्वच्छ नहीं है तो वह स्वस्थ नहीं रह सकता है और बेहतर साफ-सफाई से ही भारत के गांवों को आदर्श बनाया जा सकता है। स्वच्छता का महत्व कोरोना काल में रोगियों की बढ़ती संख्या एवं अस्पतालों में साफ-सफाई को ध्यान देने की आवश्यकता से यह बात और भी स्पष्ट हो गई है कि आज जीवन में स्वच्छता की कितनी जरूरत है। स्वच्छता एक अच्छी आदत है जो हमारे जीवन की गुणवत्ता को बढ़ाती है।अंत में विद्यार्थियों ने व्याख्यान के विषय से जुड़े अनेक प्रश्न पूछे, जिनका मुख्य वक्ता डॉ0 सुप्रिया ढांडा ने व्याख्यापूर्ण विवरण दिया।राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, की कॉमर्स विभाग की प्राध्यापिका श्रीमती रजनी ने अंत में डॉ0 सुप्रिया ढांडा का इस प्रेरक व्याख्यान हेतु आभार प्रकट किया। अग्रवाल महाविद्यालय के इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष डॉश जयपाल सिंह ने बताया की सामाजिक दायित्व के निर्वहन के अंतर्गत इतिहास विभाग ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, साहूपुरा, बल्लभगढ़ को अडॉप्ट किया है तथा समय-समय पर दोनों विभागों के मध्य इसी तरह भविष्य में भी विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी।

# प्राइवेट स्कूल व शिक्षा विभाग की सांठगांठ का एक और नमूना

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## शिक्षा निदेशालय द्वारा स्कूलों से अब मांगा जा रहा है फॉर्म-6 पर प्रस्तावित फीस का ब्यौरा

**शिक्षा** निदेशालय हरियाणा ने सभी प्राइवेट स्कूलों को पत्र भेजकर फॉर्म-6 पर आगामी शिक्षा सत्र में ली जाने वाली फीस, छात्रों को दी जाने वाली सुविधाओं, अध्यापकों को दी जाने वाली तनख्वाह आदि का ब्यौरा मांगा है। फार्म 6 के सभी कॉलम में ठीक से जानकारी भेजने की आखिरी तारीख 15 फरवरी रखी गई है। हरियाणा अभिभावक एकता मंच का आरोप है कि सभी प्राइवेट स्कूलों ने एक अप्रैल 2023 से शुरू होने वाले आगामी शिक्षा सत्र के लिए प्राथमिक कक्षाओं नर्सरी केजी एलकेजी व अन्य कक्षाओं के लिए नए दाखिले दिसंबर जनवरी महीने में ही कर लिए हैं।

मंच का कहना है कि अभिभावकों से आगामी शिक्षा सत्र में अपनी मर्जी से बढ़ाई गई ट्यूशन, दाखिला फीस आदि चार महीने पहले ही एडवांस में वसूल ली है। ऐसे में शिक्षा निदेशक द्वारा फार्म 6 पर प्रस्तावित फीस व फंडस का ब्यौरा मांगना छात्र व अभिभावकों की आंखों में धूल झोंकना है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओपी शर्मा, प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा ने कहा है कि नियमानुसार फार्म 6 पर दी गई प्रस्तावित फीस व फंड्स के ब्योरे व अन्य सभी जानकारी की जांच पड़ताल करने के बाद शिक्षा निदेशक से मंजूरी मिलने के बाद ही स्कूल संचालक आगामी शिक्षा सत्र में फीस बढ़ा कर वसूल सकते हैं। लेकिन स्कूल प्रबंधक पिछले कई शिक्षा सत्रों से इस नियम का उल्लंघन कर रहे हैं। संरक्षक सुभाष लांबा ने कहा है कि फार्म 6 सरकार द्वारा स्कूल संचालकों को फीस बढ़ाने का एक कानूनन लाइसेंस देना है।स्कूल वाले फार्म 6 पर कुछ भी लिख दें वही सही। ना उसकी कोई जांच व पड़ताल, ना स्कूलों का ऑडिट,ना स्कूलों के खातों की जांच। मंच का कहना है कि यह सब सरकार व प्राइवेट स्कूलों की आपसी सांठगांठ के चलते हो रहा है प्रदेश महासचिव कैलाश शर्मा व विधि सलाहकार एडवोकेट वीएस विरदी ने कहा है कि प्रदेश में कुल 9880 प्राइवेट स्कूल हैं। इनमें 3134 सीनियर सेकेंडरी, 2061 हाई, 3439 मिडिल और 1237 प्राइमरी स्कूल हैं। इन सभी स्कूलों को फीस बढ़ाने से पहले निर्धारित तारीख तक निदेशालय को फार्म-6 भरकर देना होता है। इतना ही नहीं जो स्कूल तय तारीख तक फॉर्म-6 भरकर नहीं देता वह स्कूल अगले शैक्षणिक सत्र में फीस नहीं बड़ा सकता है। अधिकांश स्कूल फार्म 6 जमा कराते ही नहीं है जो कराते हैं उनमें अधूरी जानकारी होती है। मंच के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट ओ पी शर्मा ने कहा है कि सरकार द्वारा कार्रवाई न करने पर मंच अब दोषी स्कूल प्रबंधकों के खिलाफ उचित कार्रवाई कराने के लिए पंजाब एंड हरियाणा हाईकोर्ट का सहारा लेगा। जिसमें शिक्षा मंत्री, शिक्षा सचिव, शिक्षा निदेशक व चेयरमैन एफएफआरसी को भी पार्टी बनाया जाएगा। मंच ने अभिभावकों से कहा है कि वे एकजुट होकर स्कूलों की मनमानी व जनप्रतिनिधियों द्वारा स्कूल संचालकों को दिए जा रहे संरक्षण के खिलाफ आवाज उठाएं।

# अरविन्द केजरीवाल के खिलाफ डाली याचिका खारिज

**फरीदाबाद।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल के खिलाफ धार्मिक भावना भड़काने के आरोप को लेकर अदालत में डाली गई याचिका अदालत ने खारिज कर दी। इससे पहले याचिका निचली अदालत से भी खारिज हो चुकी थी। वरिष्ठ अधिवक्ता ओपी शर्मा अरविंद केजरीवाल की तरफ से अदालत में पैरवी कर रहे थे। शर्मा ने बताया साल 2020 में दिल्ली विधानसभा चुनाव के समय अरविंद केजरीवाल ने एक ट्वीट किया था। इसको लेकर चार अधिवक्ताओं ने निचली अदालत में याचिका दी थी। उनका कहना था ट्वीट से उनकी धार्मिक भावनाएं आहत हुई हैं। साल 2022 में निचली अदालत ने याचिका खारिज कर दी। इसके बाद शिकायतकर्ताओं ने रिव्यू पिटिशन फाईल कर दी। अतिरिक्त न्यायाधीश राजेश शर्मा की अदालत ने बुधवार को इसे खारिज कर दिया। आम आदमी पाटी के लीगल सेल प्रभारी अधिवक्ता दिनेश भारद्वाज का कहना है। कुछ लोग सस्ती लोकप्रियता का लिए इस तरह की याचिका दाखिल करते हैं। इससे अदालत का समय खराब होता है।

# कैंसर मरीजों के परिजनों के लिए शुरू की हेल्पलाइन

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

## नेशनल हेल्पलाइन नंबर 8586९1051 उपलब्ध है

## सोमवार से शनिवार सवेरे 9 बजे से शाम 6 बजे तक

**फोर्टिस** कैंसर इंस्टीट्यूट ने मरीज़ों और उनके परिवार के सदस्यों को मनोवैज्ञानिक रूप से सहयोग प्रदान करने के मकसद से एक कैंसर सपोर्ट हेल्पलाइन शुरू की है। नेशनल हेल्पलाइन नंबर - 8586091051 इन परिवारों को कैंसर के खिलाफ जारी उनके युद्ध के दौरान उनकी भावनात्मक तकलीफों को कम करने में मददगार होगा। हेल्पलाइन नंबर से संपर्क करने वाले लोगों को मदद देने के लिए फोर्टिस मेंटल हैल्थ एंड बिहेवियरल साइंसेज़ द्वारा संचालित साइको-ओंकोलॉजी प्रोग्राम के तहत् हैल्थ एक्सपर्ट्स की टीम उपलब्ध होगी।

कैंसर का इलाज लंबा चलता है, रोग का पता लगाने से थेरेपी और रिहेबिलिटेशन तक की प्रक्रिया काफी समय तक चलती है। साथ ही, कैंसर और उसका इलाज भी मरीज़ों तथा उनकी देखभाल में जुटे केयरगिवर्स के लिए भावनात्मक संकट का कारण बनता है जिसके चलते वे डर, चिंता, अवसाद और कभी इस नई सच्चाई से तालमेल बैठाने तथा अपनी लाइफस्टाइल में बदलाव लाने पर परेशानियों से जूझते हैं। ऐसे वक्त में इन परिवारों के लिए साइको-सोशल सपोर्ट की आवश्यकता होती है ताकि वे इस रोग से एकजुट होकर जूझ सकें। फोर्टिस कैंसर इंस्टीट्यूट ने इसी उद्देश्य से इस नेशनल कैंसर सपोर्ट हेल्पलाइन को शुरू किया है। डॉ समीर पारीख, डायरेक्टर, मेंटल हैल्थ एंड बिहेवियरल साइंसेज़, फोर्टिस हैल्थकेयर ने कहा, कैंसर की संपूर्ण देखभाल के लिए यह समझना जरूरी होता है कि इस रोग से मरीज़ों और उनकी देखभाल करने वाले परिवारों पर किस प्रकार का मनोवैज्ञानिक प्रभाव पड़ता है। परिजन इस दौरान कई प्रकार के भावनात्मक तनाव, मनौवैज्ञानिक संकट के दौर से गुजरते हैं और साथ ही, उन्हें अपने मरीज़ के लिए भी सपोर्ट की आवश्यकता होती है।

# संक्षिप्त समाचार

## ट्रस्ट ने सरकारी स्कूल में कुर्सियां व दरियां भेंट की



**फरीदाबाद।** नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट द्वारा आज ग्रेटर फरीदाबाद के गांव फरीदपुर राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कुर्सियां व बच्चों के बैठने के लिए दरियां भेंट की। नवदीप सेवा समिति ट्रस्ट के अध्यक्ष यशपाल शर्मा, फरीदाबाद जिला टैक्स बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष एडवोकेट संदीप सेठी, समाजसेवी मनोज सिंघल ने बताया कि उनकी संस्था फरीदाबाद के विभिन्न सरकारी स्कूलों में अब तक कुर्सी, मेज, दरियां, कॉपी, किताबें व जर्सियां आदि वितरित करते रहते है। इसी कड़ी में आज उनकी संस्था ने ग्रेटर फरीदाबाद गांव फरीदपुर स्थित राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में अध्यापकों के लिए कुर्सियां व बच्चों के बैठने के लिए दरियां व टाट विद्यालय की प्रिंसीपल रंजना अरोड़ा व अध्यापक अनुराधा, मूर्ति सहरावत, नरेन्द्र कुमार, पुष्पा हुड्डा व सोनिया रानी को सौंपे। उन्होंने कहा कि उनकी संस्था का हमेशा से ही प्रयास रहा है कि जरूरतमंद व गरीब बच्चों की शिक्षा ग्रहण करने में मदद की जाए। वहीं संस्था के पदाधिकारियों ने कहा कि जब भी किसी स्कूल में इस तरह के सामान आदि की जरूरत होगी उनकी संस्था हमेशा मदद के लिए तैयार रहेगी।

## गृहक्लेश में घर से भागा, तीन माह बाद मुंबई में मिला

**फरीदाबाद।** परिवार वालों से नाराज होकर नवंबर 2022 में घर छोड़कर भागे युवक को क्राइम ब्रांच कैंट टीम ने ठाणे, मुंबई से सकुशल बरामद किया। पुलिस प्रवक्ता सूबेदार सिंह के मुताबिक शहर निवासी 26 वर्षीय युवक तीन महीने पहले अचानक लापता हो गया था। उसकी तलाश में क्राइम ब्रांच कैंट टीम लगाई गई थी। क्राइम ब्रांच प्रभारी सुरजीत सिंह को मुखबिर ने सूचना दी कि लापता युवक मुंबई के ठाणे में है। इस पर टीम रवाना हुई और उसे बरामद किया। थाने पहुंचे परिजनों ने बताया कि गृहक्लेश के कारण युवक घर से भाग गया था। पुलिस ने उसे परिजनों के हवाले कर दिया।

## धर्म रक्षक हैं भगवान परशुरामः बबली



**फरीदाबाद।** गांव दोस्तपुर मोहना मे भगवान परशुराम जी प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ब्राह्मण सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पंडित सुरेन्द्र शर्मा बबली ने शिरकत की। उन्होंने इस मौके पर कहा गांव दोस्तपुर कि सरदारी का आदेश हुआ कि मन्दिर में भगवान परशुराम विराजेंगे तो जयपुर राजस्थान से भगवान परशुराम जी की प्रतिमा गांव पहुंच गई। स्थापना के बाद भण्डारे का आयोजन हुआ। इस अवसर पर भगवान सहाय नम्बरदार, नवीन नन्दन, ओम, लेखराज, धर्मचंद गौतम, शम्भु, मुकेश, दीपक, साहिल, नरेन्द्र, करण, पाराशर इंजीनियर सहित अन्य उपस्थित रहे।

## ट्रेन की चपेट में आकर दो लोगों की मौत

**फरीदाबाद।** विभिन्न स्थानों पर ट्रेन की चपेट में आने से दो व्यक्तियों की मौत हो गई। जीआरपी ने शव पोस्टमार्टम के लिए बीके अस्पताल के शवगृह में रखवा दिए हैं। सबइंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने बताया कि बुधवार शाम जंक्शव केबिन के निकट रेलवे लाइन से एक व्यक्ति का शव बरामद किया था। मौके से एक मोबाइल भी बरामद हुआ जिससे मृतक की पहचान मुकेश भारद्वाज के रूप में हुई। मुकेश तिलपत गांव का निवासी थे, जिनका पानी का प्लांट था। सेक्टर-46 में रेलवे लाइन पार करके घर जा रहे थे, लेकिन ट्रेन की चपेट में आने से उनकी मौत हो गई। सबइंस्पेक्टर संजय कुमार ने मेवला महाराजपुर रेलवे फाटक के निकट एक व्यक्ति का शव बरामद किया। गुरुवार को अशोक कुमार अपने साले के लापता होने के मामले में जीआरपी से मिले। अशोक को पुलिसकर्मी संजय कुमार और सबइंस्पेक्टर राजपाल सिंह ने मोबाइल में मृतक का फोटो दिखाया तो अशोक कुमार ने पहचान की। 32 वर्षीय राहुल मेवला महाराजपुर में अशोक के दोस्त अजय के पास रहता था , जो काम धंधे की तलाश में आया था। राहुल पहले दिल्ली के कड़कड़डूमा एरिया में रहता था।

## मांगों को लेकर सीटू ने सौंपा सीएम के नाम ज्ञापन



**फरीदाबाद।** परिवार पहचान पत्र में सत्यापन के नाम पर असल आय से अधिक इनकम दिखाकर बीपीएल कार्डों की कटौती बंद करने, चारों लेबर कोड्स एवं भूमि अधिग्रहण कानून 2003 का संशोधन रद्द करने, परियोजना वर्करों, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, न्यूनतम वेतन 24 हजार करने, ग्रामीण टुयूबवैल आपरेटरों को हटाने पर रोक लगाने सहित अन्य मांगों को लेकर सेंटर आफ इंडियन ट्रेड यूनियन सीटू जिला कमेटी फरीदाबाद, ने वीरवार को खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी, तिगांव, के कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के फौरन बाद प्रदेश के मुख्यमंत्री के नाम 15 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सहायक बीडीपीओ को सौंपा। प्रदर्शन को नीमका के देबीराम, गुरदयाल सोलंकी कोराली, अरूण कुमार बुवापुर, जसवंत,आदि ने संबोधित किया।

## मानव रचना ने अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन किया आयोजित

**फरीदाबाद।** डिपार्टमेंट ऑफ़ इंग्लिश, फैकल्टी ऑफ़ मीडिया स्टडीज एंड हयूमैनिटिज़, मानव रचना इंटरनेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ रिसर्च एंड स्टडीज ने हाल ही में हाइब्रिड मोड में भारतीय समाज में महिलाएं साहित्य, कला और संस्कृति का प्रतिनिधित्व पर दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया। इसमें अंग्रेजी भाषा, साहित्य, कला और संस्कृति की दुनिया के दिग्गजों ने शिरकत की। प्रोफेसर डॉ. संजय श्रीवास्तव, वीसी, एमआरआईआईआरएस; डॉ. मैथिली गंजू, डीन, फैकल्टी ऑफ मीडिया स्टडीज एंड ह्यूमैनिटीज; और डॉ शिवानी वशिष्ठ, संयोजक और एचओडी, डिपार्टमेंट ऑफ़ इंग्लिश, फैकल्टी मेंबर्स व छात्र-छात्राएं कांफ्रेंस के दौरान मौजूद रहे। मुख्य अतिथि डॉ. दीप्ति मिश्री, यूनिवर्सिटी ऑफ कोलोराडो बोल्डर, यूएसए ने कहा कि दुनिया भर में सामान्य रूप से महिलाओं को भेदभाव का सामना करना पड़ता है। मुख्य वक्ता, डॉ अर्लीन प्लेविन, अंग्रेजी के एमेरिटस प्रोफेसर, ओलंपिक कॉलेज, वाशिंगटन विश्वविद्यालय, यूएसए ने साझा किया। डॉ संजय श्रीवास्तव ने साझा किया कि भारत में महिलाओं ने एक गृहिणी से दबंग महिला बनने तक लंबा सफर तय किया है। प्लेनरी सत्र डॉ नीर कंवल मणि, सेवानिवृत्त प्राचार्य, गवर्नमेंट कॉलेज, फरीदाबाद; और डॉ. राज कुमार, प्रोफेसर, दिल्ली विश्वविद्यालय द्वारा लिए गए। सत्रों की अध्यक्षता डॉ. नरगिस ढिल्लों, जेसी डीएवी कॉलेज, दसुआ होशियारपुर, पंजाब, डॉ. विनय कांडपाल, एसोसिएट प्रोफेसर, स्कूल ऑफ बिजनेस, यूनिवर्सिटी ऑफ पेट्रोलियम एनर्जी स्टडीज, देहरादून और डॉ. रश्मी अत्री, प्रोफेसर, अलीगढ़ मुस्लिम यूनिवर्सिटी, अलीगढ़ द्वारा की गई। दो दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में जिसमें डॉ. रतन भट्टाचार्य, इंटरनेशनल विजिटिंग फैकल्टी फेयरलेघ ने भी विचार प्रकट किए।

# विदेशी मेहमान देखेंगे हरियाणवीं संस्कृति, चखेंगे हरियाणवीं व्यंजन

## गुरूग्राम में जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत उपायुक्त ने किया हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का दौरा



तावडू स्थित हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का दौरा करते उपायुक्त निशांत कुमार यादव

पायनियर समाचार सेवा। गुरूग्राम

**गुरूग्राम** में प्रस्तावित जी-20 शिखर सम्मेलन की तैयारियों के तहत बृहस्पतिवार को डीसी निशांत कुमार यादव ने तावडू स्थित ट्रांसपोर्ट म्यूजियम का दौरा किया। दौरे के दौरान उन्होंने हेरिटेज म्यूजियम में प्रदर्शित ईसा पूर्व से लेकर वर्तमान यातायात व्यवस्था में शामिल विभिन्न वाहनों का अवलोकन करने के साथ म्यूजियम की व्यवस्थाओं का भी जायजा लिया। जी-20 शिखर सम्मेलन के अंतर्गत 1 से 3 मार्च तक गुरूग्राम में एंटी करप्शन वर्किंग ग्रुप की बैठक होनी प्रस्तावित है। इसके लिए होटल लीला का चयन किया गया है। इस बैठक के दौरान प्रतिदिन शाम को तथा इसके बाद 4 मार्च को जी-20 वर्किंग ग्रुप के सदस्य शैक्षणिक भ्रमण पर रहेंगे। राज्य सरकार का प्रयास है कि विश्व के विभिन्न हिस्सों से पधारने वाले अतिथियों को हरियाणा की कला व सांस्कृतिक विरासत से परिचय करवाने के साथ साथ उन्हें प्रदेश में स्थित ऐतिहासिक धरोहरों से भी रूबरू करवाया जाए ताकि वे यहां से हरियाणा प्रदेश के बारे में एक अच्छी छवि लेकर अपने देशों को जाएं। इसी कड़ी में दर्शनीय स्थलों का भी भ्रमण करवाया जा रहा है।

डीसी निशांत कुमार यादव ने ट्रांसपॉर्ट म्यूजियम का दौरा करने बाद मीडियाकर्मियों को जानकारी देते हुए बताया कि मुख्यमंत्री मनोहर लाल की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में यह निर्णय लिया गया था कि विदेशी मेहमानों को भ्रमण की दृष्टि से गुरूग्राम के सेक्टर-29 स्थित कैमरा म्युजियम व सुल्तानपुर गांव में स्थित पक्षी अभ्यारण्य का विकल्प दिया जा सकता है। इसी क्रम में अब संभवत: तावडू बिलासपुर रोड स्थित हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम को भी भ्रमण की सूची में रखा जा सकता है। ईसा पूर्व से लेकर आधुनिक युग की यातायात व्यवस्था के इतिहास को समेटे यह अनूठा म्यूजियम काफी रोचक जानकारियों से परिपूर्ण है। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा विदेशी मेहमानों के समक्ष इन स्थानों का संक्षिप्त विवरण रखते हुए उन्हें इनमें से किसी भी या सभी में भ्रमण के लिए न्यौता दिया जाएगा, बाकि उन मेहमानों की रूचि और समय की उपलब्धता पर निर्भर करेगा कि वे कहाँ जाना चाहेंगे।

# श्रीराम कथा सुनने का मौका मिलना सबके लिए सौभाग्य की बात : विधायक

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



लेजर वैली पार्क में भूमि पूजन व झंडा आरोहन कार्यक्रम के दौरान विधायक सुधीर सिंगला व अन्य अतिथि।

**गुरुग्राम** के विधायक सुधीर सिंगला ने आगामी नौ फरवरी से होने वाली श्रीराम कथा के निमित्त बृहस्पतिवार को लेजर वैली पार्क में भूमि पूजन व झंडा आरोहण कार्यक्रम में शिरकत की। मालूम हो कि 9 से 15 फरवरी तक जूनापीठाधीश्वर आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी अवधेशानन्द महाराज के मुखबिंदार से श्रीराम कथा सुनने का अवसर गुरुग्रामवासियों को मिलेगा।

बृहस्पतिवार को भूमि पूजन में आयोजन के संरक्षक पवन जिंदल (प्रांत संचालक-हरियाणा) और कार्यक्रम के संयोजक महेंद्र लाहौरिया भी आशीर्वाद देने पहुंचे। विधायक सुधीर सिंगला ने कहा कि कार्यक्रम बहुत ही भव्य व दिव्य होगा। कार्यक्रम में ज्यादा से ज्यादा संख्या में कथा को सुनने आएं और अन्य लोगों को भी इस सामाजिक और धार्मिक कार्यक्रम से जोड़ें, क्योंकि श्रीराम कथा माता पिता का सम्मान, भाई भाई का प्रेम तथा बुराई से अच्छाई की ओर जाने की सीख देती है। हमे जीवन में अच्छी व सकारात्मक सोच के साथ आगे बढ़ना चाहिए। श्रीराम कथा सुनने का मौका मिलना हम सबके लिए सौभाग्य की बात हैं। हमें जरुरतमंदों की मदद करनी चाहिए, जिससे हमें वे शुभाशीष दें तथा और अधिक अच्छा करने की प्रेरणा मिले। विधायक सिंगला के साथ हरीश, संजीव, रामअवतार गर्ग बिट्टू,अनिल यादव सरपंच, पार्षद सुभाष सिंगला, अनिल आरती यादव, मनीष वजीराबाद, अमित गोयल, कमल तलवार, प्रवीण शर्मा, अमित लाहोरिया, कर्मवीर यादव, सुनील नंबरदार,मोहन गुप्ता, विक्रम गुप्ता, धीरज रावलवासिया, कृष्णा सिंगला, संजय जैन, कुलदीप भूषण, प्रेम प्रकाश गुप्ता, कृष्ण गोरखपुरिया, गुरूप्रकाश गुप्ता, रामबिलास गोयल, विनोद मित्तल, संजीव अग्रवाल, मनोज गर्ग, सुभाष जैन, हनुमान गुप्ता, राकेश अग्रवाल, अशोक गोयल, कुसुम जी, एस पी गुप्ता, एडवोकेट सतेदर गोयल, पंकज सिंगला , सुरेंद्र गहलोत सहित अनेक गणमान्य मौजूद रहे ।

# नगर निगम ने अवैध वेयर हाउस को किया जमींदोज




जहाजगढ़ रोड़ पर वेयरहाउस को तोड़ती नगर निगम की टीम।

**गुरूग्राम।** नगर निगम गुरुग्राम द्वारा लगातार अतिक्रमण और अवैध कब्जों पर कार्रवाई की जा रही है। गुरुवार को भी जहाजगढ़ रोड़ पर अनाधिकृत रूप से बनाए गए एक वेयर हाऊसनुमा बिल्डिंग पर नगर निगम का पीला पंजा चला और पूरे भवन का ध्वस्त कर दिया। निगम के सहायक अभियंता प्रेमसिंह के नेतृत्व में कनिष्ठ अभियंता अमन की टीम जेसीबी व पुलिस बल लेकर जहाजगढ क्षेत्र में पहुंची। यहां पर टीम ने अनाधिकृत रूप से एक वेयर हाऊसनुमा बिल्डिंग का निर्माण किया गया था उसे जेसीबी की मदद से उसे जमींदोज कर दिया। किसी भी प्रकार के विरोध की स्थिति से निपटने के लिए मौके पर पुलिस बल मौजूद रहा।

# आम बजट : किसी ने सराहा तो किसी ने उठाए सवाल

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



हरिश नंदा।



सतबीर पहलवान।



सरोज।

**केन्द्र** सरकार के 2023 के बजट को जहां विपक्षी दल के नेताओं ने चुनावी बताया वहीं मध्यमवर्गीय नागरिकों ने मिलाजुला करार दिया। महिलाओं ने बजट को रसोई पर भारी बताया।

केन्द्र की भाजपा सरकार ने वर्ष 2023 के आम बजट को ऊर्जा, किसान और मध्यमवर्गी के लिए विशेष बजट करार दिया है। लेकिन विरोध दल के नेताओं ने भाजपा के बजट को चुनाव में लुभाने वाला बताया। विपक्षी दल के नेताओं का कहना है कि एकमात्र टैक्स में छूट देकर मध्यम वर्ग को लुभाने का प्रयास किया गया है। उन्होंने फ्री अनाज की योजना को बजट में शामिल करके मानवता से खिलवाड़ बताया है। महिलाओं ने रसोई में उपयोग होने वाला गैस सिलेंडर की कीमतों में कोई कमी न करना, रसोई में उपयोग होने वाले इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की कस्टम ड्यूटी में बढ़ोत्तरी को आर्थिक बोझ करार दिया। समाजसेवी व नगर परिषद वार्ड 16 के पार्षद हरीश नन्दा ने बजट की तरीफ करते हुए टैक्स में दी गई छुट को सराहा। लघु उद्योग को बढ़ावा देने की योजना को छोटे उद्यमियों के लिए बेहतर बताया। कांग्रेस किसान सेल के जिला अध्यक्ष सतबीर पहलवान ने आम बजट को गरीब से लेकर किसान, मध्यम वर्ग का विरोधी बताया है। केन्द्र सरकार पर कच्चे तेल में गिरते दाम के बावजूद पेट्रोल व डीजल की कीमतों में कोई कटौती नहीं की गई। जिससे गरीब नागरिक से लेकर किसान की जेब पर बोझ बढ़ेगा। किसान के लिए एमएसपी में कोई बढ़ोतरी नहीं की गई है। कृषि यंत्रों पर भी किसी तरह की छूट नहीं दी गई। बजट पूंजीपतियों के हित में बताया। घरेलू महिला सरोज का कहना है कि मध्यमवर्गी परिवार आज बढ़ती मंहगाई के कारण आर्थिक बोझ के नीचे दब रहा है।

# नप नवनियुक चेयरपर्सन अंजू देवी ने जिला भाजपा अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से की मुलाकात

पायनियर समाचार सेवा। सोहना



सोहना नगर परि-ुनवजयाद चेयरपर्सन अंजू देवी भाजपा जिला गार्गी कंकड से मुलाकात करते हुए।

**नगर** परिषद की नवनियुक्त चेयरपर्सन अंजू देवी ने भाजपा जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ से मुलाकात की। गार्गी कक्कड़ ने अंजू देवी को अपना शुभाशीर्वाद देते हुए जनकल्याणकारी कार्य करने की नसीहत दी।

सोहना नगर परिषद की चेयरपर्सन अंजू देवी ने पद संभालने के बाद बुधवार को पहली बार भाजपा पार्टी जिला अध्यक्षा गार्गी कक्कड़ से शिष्टाचार मुलाकात की। इस अवसर पर अंजू देवी के पति पति लेखराज और सोहना मंडल अध्यक्षत गौरव चुघ भी मौजूद थे।

मुलाकात के बाद अंजू देवी ने बताया कि गार्गी कक्कड़ ने उन्हे अपना आशीर्वाद देते हुए पार्टी की नीतियों को अपनाने की सलाह दी। उन्होने कहा कि सभी वार्ड में एक सामान कार्य करते हुए जनसमस्याओं को प्राथमिकता से निपटान करें। प्रदेश मुख्यमंत्री मनोहर लाल व देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा जनहित में चलाई जा रही योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने तथा कार्य करने को कहा। विकास के कार्यो में किसी प्रकार की कोताही न आने देने, शहर में जलभराव, साफ-सफाई पर विशेष जोर देने को कहा है। परिषद की चेयरपर्सन ने जिला अध्यक्ष को जनहित में कार्य करने का भरोसा दिया।

# टैक्सी चालक के शव का डॉक्टरों के बोर्ड ने किया पोस्टमार्टम

**सोहना।** टैक्सी चालक जीतराम के शव का पोस्टमार्टम दो डॉक्टरों के बोर्ड से कराया गया। स्थानीय नागरिक अस्पताल के पीछे खाली प्लाट की झाड़ियों में बुधवार को जखोपुर निवासी जीतराम (45) का शव मिला था। पत्नी रुपवती ने हत्या किए जाने का शक जताते हुए शव का पोस्टमार्टम बोर्ड से पुलिस को अपनी शिकायत में शव का बोर्ड के द्वारा पोस्टमार्टम कराने की मांग की थी। बृहस्पतिवार को दो डॉक्टरों के बोर्ड ने जीतराम के शव का पोस्टमार्टम किया। मौत के कारण स्पष्ट न होने पर बोर्ड ने विशेष जांच के लिए विसरा सुरक्षित कर लिया। पुलिस के अनुसार मधुवन लैब से विसरा रिपोर्ट आने के बाद ही जीतराम की मृत्यु के सही कारणों का पता चलेगा।

# क्षेत्रवासियों के विरोध के चलते नागरिक अस्पताल में एमडीआर वार्ड पर लगी रोक

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

> **विभाग** की तरफ से एमडीआर टीबी वार्ड को लेकर किसी प्रकार की सूचना मुझे अभी तक नहीं मिली है। न ही मुझे वार्ड स्थापित नहीं करने की जानकारी है।
>
> **डॉ. दशराथ एसएमओ नागरिक अस्पताल**

**स्थानीय** नागरिक अस्पताल में बुधवार को प्रस्तावित मल्टी ड्रग रजिस्टेंस (एमडीआर) टीबी वार्ड का उद्घाटन न हो सका।

जिसे क्षेत्रवासी द्वारा 23 जनवरी को किया गया विरोध का असर मान रहे हैं। स्थानीय नागरिक अस्पताल में बुधवार को खुलने वाले एमडीआर टीबी वार्ड की योजना पर स्वास्थ्य विभाग ने रोक लगा दी है। एमडीआर (टीबी वार्ड) खुलने से पहले स्थानीय नागरिकों ने इसका विरोध करते हुए अपनी ताकत दिखाई थी। जानकार सूत्रों के अनुसार स्वास्थ्य विभाग ने इस विरोध से पूर्व एमडीआर टीबी वार्ड स्थगित कर दिया है। नागरिक अस्पताल में एमडीआर टीबी के इलाज के लिए आठ बेड का वार्ड बनाने की तैयारियां शुरु कर दी गई थीं लेकिन क्षेत्रवासियों ने 23 जनवरी को इसका विरोध करते हुए एसडीएम को एक ज्ञापन सौंपा था। जिसमें एमडीआर वार्ड न खुलने देने के लिए कड़ा विरोध करने की चेतावनी दी गई थी।

## संक्षिप्त समाचार

### इनेलो प्रमुख चौधरी ओमप्रकाश चौटाला पहुंचे रोहताश खटाना के घर



**सोहना।** इनेलो के राष्ट्रीय अध्यक्ष चौधरी ओमप्रकाश चौटाला पार्टी के जिला अध्यक्षत रोहताश खटाना के निवासी गांव लोहटकी में पहुंचे। बुधवार को रोहताश खटाना की बेटी की शादी और बेटा का लगन आने का कार्यक्रम था। ओमप्रकाश चौटाला ने बेटी शिखा और खटाना के पुत्र को शुभा आशीर्वाद दिया। इस दौरान इनेलों के क्षेत्रीय व जिला स्तरीय नेताओं ने भी चौधरी ओमप्रकाश चौटाला से मुलाकात की। चौधरी ओमप्रकाश चौटाला करीब आधा घंटा शादी समारोह में शामिल रहे। इस दौरान उनसे मुलाकात करने वालों का तांता लगा रहा। लेकिन चौधरी ओमप्रकाश चौटाला ने किसी भी प्रकार की राजनीति की बातें नहीं कीं। सामाजिक दायरे में रहते हुए पार्टी के कार्यकर्ताओं से मुलाकात करते रहे।

### देसी तमंचे-कारतूस समेत दो गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-65 प्रभारी ब्रह्मप्रकाश की टीम ने कुलदीप निवासी गांव बुखारपुर और पवन उर्फ मोनी निवासी गांव मुजेडी को अवैध तमंचे के साथ गिरफ्तार किया। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर क्राइम ब्रांच टीम ने दोनों को समयपुर चुंगी के पास से पकड़ा। दोनों के पास एक-एक तमंचा और कारतूस बरादम हुए। पूछताछ में दोनों ने बताया कि यह कट्टे वह उत्तर प्रदेश के बुलन्द शहर में रहने वाले मुस्तफा नाम के व्यक्ति से 2500-2500 रुपये में खरीद कर लाए थे। आरोपी पवन पर हत्या, हत्या का प्रयास, अपहरण के केस चल रहे हैं। दोनों को जेल भेज दिया गया, तमंचा बेचने वाले मुस्तफा की तलाश की जा रही है।

### बटनदार चाकू, तीन बाइक के साथ गिरफ्तार

**फरीदाबाद।** क्राइम ब्रांच सेक्टर-85 की टीम ने आकाश (19) निवासी भाटी कॉलोनी सेक्टर 86 को बटनदार चाकू के साथ पकड़ा। जाट चौक सेक्टर 65-86 के पास से पकड़े गए आकाश ने बताया कि वह मूल रुप से उत्तर प्रदेश के आगरा जिले के गांव नगंला रेवती का रहने वाला है। उसने थाना पल्ला, आदर्श नगर और मैट्रो में वाहन चोरी की तीन वारदात अंजाम दे रखी हैं। उसकी निशानदेही पर पुलिस ने तीन बाइक भी बरामद कीं। आरोपी को अदालत में पेश कर जेल भेज दिया गया।

### गुरुग्राम में भव्य होगी संत शिरोमणि गुरु रविदास जयंती



**गुरूग्राम।** संत शिरोमणि रविदास जयंती की तैयारियों को लेकर निगम पार्षद, जिला पार्षदों, मोर्चा के अध्यक्षों की बैठक जिला अध्यक्ष गार्गी कक्कड़ की अध्यक्षता में जिला कार्यालय गुरु कमल पर संपन्न हुई। बैठक में जिलाध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को अलग-अलग जिम्मेवारी सौंपी। गार्गी कक्कड़ ने कहा कि देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने के बाद साधु संतों एवं महापुरुषों के सम्मान में निरंतर कार्यक्रम हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि महापुरुष किसी जाति या वर्ग विशेष से संबंध नहीं रखते बल्कि उनकी विचारधारा समाज के लिए प्रेरणा का स्रोत होती है। संतो महापुरुषों की जयंती समाज को जोड़ने का काम करती हैं। उन्होंने कहा कि समाज के सभी वर्गों को महापुरुषों के जयंती में बढ़-चढ़कर भाग लेना चाहिए। भाजपा जिला मीडिया प्रमुख अजीत यादव ने बताया कि संत रविदास जयंती कार्यक्रम में केंद्रीय संस्कृति मंत्री अर्जुन राम मेघवाल मुख्य अतिथि होंगे। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ओम प्रकाश धनखड़ व एससी मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष लाल सिंह आर्य, हरियाणा सरकार में मंत्री डॉ बनवारीलाल, कार्यक्रम के संयोजक पटौदी से विधायक सत्यप्रकाश जरावता विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम में गुरुग्राम, फरीदाबाद, पलवल, नूंह, रेवाड़ी, महेंद्रगढ़, झज्जर जिले के प्रमुख जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। गुरुवार को हुई बैठक में प्रदेश उपाध्यक्ष जीएल शर्मा , जिला महामंत्री मनीष गाडोली, कार्यालय मंत्री यादराम जोया, स्थानीय निकाय के प्रदेश संयोजक अनिल यादव, पार्षद कुलदीप यादव, योगेंद्र सरवान, राकेश यादव, वीरेंद्र राज, नीरज यादव, महेश दायमा, अनिल यादव, सुभाष सिंगला, रविंदर यादव, मंगतराम बागड़ी, राकेश फाजिलपुर, सीमा पाहुजा, कपिल दुआ, ब्रह्म यादव, अनूप सिंह, धर्मवीर सिंह, महेश यादव,किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष वीरेंद्र यादव, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष सर्वप्रिय त्यागी, ओबीसी मोर्चा जिला अध्यक्ष कृष्ण स्वामी, मुकेश जैलदार, अजीत यादव, कृष्ण गुर्जर, नीरज यादव, मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले छह मनचले दबोचे गए

**फरीदाबाद।** सार्वजकि जगहों पर खड़े होकर आने-जाने वाली महिलाओं पर फब्तियां कसने वाले छह मनचलों को दुर्गा शक्ति टीम ने दबोच लिया। परिजनों के मिन्नतें करने और दोबारा ऐसी हरकत नहीं करने की जमानत पर पुलिस ने मनचलों को सख्त हिदायत देते हुए छोड़ा। पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि शहर में महिला सुरक्षा जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके तहत नागरिकों के साथ छात्र-छात्राओं को जागरूक करने और महिलाओं से छेड़खानी करने वाले मनचलों को काबू करने के लिए ऑपरेशन मजनू चलाया गया।

# आईएएपीआई एक्सपो 2023: अम्यूजमेंट, लीजर, एंटरटेनमेंट और अलाइड सेक्टरों के लिए भारत की सबसे बड़ी प्रदर्शनी मार्च 2023 में लगेगी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली



**आईएएपीआई** एक्सपो 2023 भारत के अम्यूजमेंट, लीजर और एंटरटेनमेट इंडस्ट्री की विशेष व्यापारिक प्रदर्शनी के 21वें संस्करण का आयोजन इस साल मुंबई के बॉम्बे एग्जिबिशन सेंटर में होगा। 1 से 3 मार्च 2023 तक लगने वाली इस प्रदर्शनी में इस इंडस्ट्री से जुड़ी सभी प्रमुख भारतीय कंपनियों और ब्रैंड्स को विभिन्न वर्गों के सामने अपने नए प्रॉडक्ट्स, ऑफर और तकनीक के प्रदर्शन का मौका मिलेगा। प्रदर्शनी को सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उपक्रम (एमएसएमई) मंत्रालय, भारत सरकार का सहयोग प्राप्त है जबकि उत्तर प्रदेश पर्यटन एवं मध्य प्रदेश पर्यटन एक्सपो के पार्टनर स्टेट हैं।

राजीव जलनापुरकर, चेयरमैन आईएएपीआई ने बताया कि हमारी संस्थान भारत में अम्यूजमेंट इंडस्ट्री के विकास को तेजी देने एवं इसे सहयोग करने में अहम भूमिका निभाती है। हमारा मिशन उद्योग अग्रणी संसाधन मुहैया कराना, एक सहयोगी समुदाय को बढ़ावा देना, और नवाचार का प्रचार करना है। गुणवत्तायुक्त एवं सुरक्षित मनोरंजन अनुभवों की लगातार हो रही बढ़ोतरी के साथ, भारत में अम्यूजमेंट इंडस्ट्री के भविष्य में अपार संभावनाएं हैं। आईएएपीआई की यह प्रदर्शनी विभिन्न कारोबारों, जैसे कि अम्यूजमेंट और थीम पार्क, वॉटर पार्क और आईएसी ऑपरेटर, आर्किटेक्ट, रिसॉर्ट्स, होटल श्रृंखला, सरकारी अधिकारी, रियल स्टेट और मॉल डेवलपर, नगर निकाय और स्थानीय अधिकारी, सलाहकार, म्यूजियम, साइंस सेंटर, ऐतिहासिक और पर्यटन संबंधी आकर्षणों के मुद्दों पर निर्णय करने वाले विभिन्न क्षेत्रों के अधिकारी से जुड़े प्रोफेशनल्स को आकर्षित करेगी। यह ट्रेडशो नेपाल, बांग्लादेश, भूटान और श्रीलंका सहित भारतीय उपमहाद्वीप के उद्योग पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करता है। प्रदर्शनी में बुल्गारिया, कनाडा, चीन, जर्मनी, हांगकांग, भारत, इटली, लिचेंस्टेन, सिंगापुर, ताईवान, नीदरलैंड, यूएई, यूनाइटेड किंगडम, यूएसए आदि 14 देशों के 135 से अधिक प्रदर्शक शामिल होंगे। प्रदर्शनी में विभिन्न प्रॉडक्ट्स और सर्विसेज एक ही छत के नीचे होंगे। व्यापारिक लेनदेन के अलावा इंडस्ट्री में कई विदेशी भागीदारों की ओर से इंटरनेशनल ट्रेंड्स का प्रदर्शन किया जाएगा। प्रदर्शनी में नेशनल अवॉर्ड्स फॉर एक्सिलेंस 2023 भी प्रदान किए जाएंगे। इन पुरस्कारों के जरिए उन लोगों और संस्थाओं को सम्मानित किया जाएगा जो भारत के अम्यूजमेंट, लीजर और इंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अपने लिए एक खास मुकाम बनाया है।

# कौशल के जरिए भारत बनेगा विकसित राष्ट्र

## अमृत पीढ़ी बनेगी विकसित भारत का आधार

## पीएम विश्वकर्मा कौशल सम्मान से बनेगा देश में कौशल के प्रति वातावरण

**गुरूग्राम।** केंद्रीय बजट में कौशल को लेकर किए गए प्रावधान ऐतिहासिक ह। इस बार कौशल पर बजट में खास फोकस किया गया है। इससे अमृत काल में भारत अतिरिक्त कौशल की ओर अग्रसर होगा और शिक्षा के क्षेत्र में कौशल के नए आयाम सामने आएंगे। अमृत पीढ़ी कुशल और विकसित भारत का आधार बनेगी।

केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में कौशल को अपनी विशेष प्राथमिकताओं में रखा है। शिक्षा बजट में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो कि अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। कोविड के दौरान शिक्षा पर जो प्रभाव पड़ा उसको दूर करने के लिए डिजिटल मोड में काम होगा। विद्यार्थियों को डिजिटल के साथ जोड़ कर तेजी से उनकी स्किलिंग की जाएगी। बजट में स्किल पर जितना फोकस किया गया है, यह अमृत काल में अमृत पीढ़ी तैयार करने की दिशा में कारगर कदम साबित होगा। यही अतिरिक्त कौशल भारत को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। श्री राज नेहरू ने कहा कि इंडस्ट्री पार्टनरशिप और ऑन द जॉब ट्रेनिंग पर बजट में विशेष फोकस है। यह कौशल को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण आयाम हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस दिशा में सफल प्रयोग कर चुका है।

प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना के अंतर्गत नए दौर के कोर्स शुरू होंगे। इनमें आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, कोडिंग, रोबोटिक्स, मैक्ट्रॉनिक्स, इंटरनेट ऑफ थिंग्स, 3डी प्रिंटिंग, ड्रोन और सॉफ्ट स्किल्स पर बजट में विशेष जिक्र है।

# एडब्लूएस ने भारत में एडब्लूएस डेटा लैब लॉन्च की

## भारत में डेटा का उपयोग करने वाले बिजनेसेज को हर साल राजस्व में 13.6 प्रतिशत वृद्धि का अवसर

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**एमेजॉन.कॉम** कंपनी, एमेजॉन वेब सर्विसेज.इंक. (एडब्लूएस) ने आज एक नई रिसर्च रिपोर्ट के परिणाम जारी किए। रिपोर्ट के अनुसार भारत में जो संगठन डेय का उपयोग करते हैं, वो अपने वार्षिक राजस्व में 13.6 प्रतिशत की औसत वृद्धि कर सकते हैं। बड़े संगठनों के लिए यह 7,451 मिलियन रुपये के अतिरिक्त वार्षिक राजस्व के बराबर है।

एडब्लूएस द्वारा कमीशन की गई और डेलॉयट एक्सेस इकॉनॉमिक्स ने डिमिस्टिफाईंग डेय 2022 रिपोर्ट तैयार की है। इस रिपोर्ट में भारतीय संगठनों में 521 सीनियर बिजनेस डिसीजन मेकर्स का सर्वे किया गया। इस रिपोर्ट में उनकी डेय मेच्योरिटी एक संगठन द्वारा निर्मित डेय का उपयोग करने की उसकी सीमा को पांच प्वाइंट के स्केल पर मापा गया। भारत में सर्वे में शामिल 63 फीसद संगठनों ने बताया कि डेय को प्रभावशाली तरीके से कैप्चर और एनालाईज़ करके प्रोडक्टिविटी बढ़ाई जा सकती है। इससे सेल्स एवं राजस्व बढ़ने के बारे में 60 प्रतिशत और बेहतर ग्राहक अनुभव के बारे में 56 प्रतिशत संगठनों ने बताया। रिपोर्ट में पाया गया कि तेजी से डिजिटल होती दुनिया में डेय क्षमताओं के बढ़ते महत्व के बावजूद भारत में 93 प्रतिशत संगठन अभी भी डेय मैच्योरिटी में बेसिक और बिगनर स्टेज में हैं।

रिटेल ट्रेड सेक्टर में 78 प्रतिशत संगठनों ने एडवांस्ड या मास्टर लेवल प्राप्त किए, जिसके बाद इन्फॉर्मेशन, मीडिया एवं टेलीकम्युनिकेशंस (68 प्रतिशत), और फाईनेंस एवं इंश्योरेंस (67 प्रतिशत) का स्थान आया। इसके विपरीत, शिक्षा एवं प्रशिक्षण में संगठनों की डेय मैच्योरिटी सबसे कम थी। भारत में डेय मैच्योरिटी में आगे बढ़ने के लिए संगठनों को चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। संगठनों ने डेय और एनालिटिक्स का उपयोग करने में सबसे बड़ी बाधा डेय क्वालिटी (64 प्रतिशत), डेय सिक्योरिटी एवं रिस्क (60 प्रतिशत) और डेय एवं एनालिटिक्स स्ट्रेटजी की कमी (59 प्रतिशत) बताई।

डेलॉयट में पार्टनर, मोनोजीत मजूमदार ने कहा कि संगठन डिजिटल परिवर्तन में ज्यादा निवेश कर रहे हैं, जिससे उत्पादकता बढ़ने, अपने बिजनेस के लिए फाइनेंशल रिटर्न प्राप्त करने, और अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक असर पड़ता है। अध्ययन के मुताबिक भारत में केवल 6 प्रतिशत संगठनों ने ही अपने डेय की पूर्ण क्षमता का उपयोग करने के लिए आवश्यक टेक्नॉलॉजी, प्रतिभा, और प्रक्रियाओं में निवेश किया है।

क्लाउड सॉल्यूशंस में निवेश से बिजनेसेज को अपने डेय मैच्योरिटी लेवल में तेजी लाने और डेय पर आधारित जानकारी हासिल करने में मदद मिलेगी। भारत में एडब्लूएस डेय लैब पूरे विश्व में स्थित लैब्स के नेटवर्क में से एक है, जो ऑस्ट्रेलिया, एसियान, न्यूजीलैंड, ब्राजील, कोरिया, यूनाइटेड किंगडम, और यूनाइटेड स्टेट्स में फैला है।

# दो आरएमसी प्लांटों पर छापेमारी में मिलीं अनियमितताएं

## सीएम टीम को न तो आरएमसी अनुमति दिखाई और न ही ई-रवाना बिल दिखा सके

## डीएसपी राजेश चेची ने कहा, अवैध आरएमसी प्लांट संचालित होने की मिली थी सूचना

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**मुख्यमंत्री** उड़नदस्ता टीम एक्शन मोड़ में नजर आ रहा है। टीम ने बुधवार देर शाम उपमंडल के अंतर्गत अवैध रूप से चल रहे दो आरएमसी प्लांट पर छापा मारा। कार्रवाई के दौरान संबंधित विभागों के अधिकारी भी मौजूद रहे। इस कार्रवाई से अवैध कारोबार से जुड़े लोगों में हड़कंप का माहौल है।


छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री उड़नदस्ता टीम।

मुख्यमंत्री उड़नदस्ता डीएसपी राजेश चेची ने बताया कि क्षेत्र में अवैध रूप से आरएमसी प्लांट संचालित होने की सूचना प्राप्त हुई थी। बुधवार को मुख्यमंत्री उड़नदस्ता से सहायक उप निरीक्षक सचिन कुमार, खुफिया विभाग जिला नूंह प्रभारी राजकुमार, सिपाही प्रवीण व पवन, जिला नगर योजनाकार विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनोज कुमार, खनन विभाग से रक्षक राकेश कुमार व बिजली विभाग के कनिष्ठ अभियंता सत्य प्रकाश और कर्मचारी राजेश सहित संयुक्त रूप से टीम ने छापेमारी की। सबसे पहले धुलावट केएमपी के साथ प्लांट पर टीम पहुंची। जिसका मालिक प्लांट संचालन संबंधी अनुमति के दस्तावेज पेश नहीं कर सका तो वहीं मौके पर स्टॉक से अधिक भवन निर्माण सामग्री मिली। जिनका ई रवाना बिल भी मालिक टीम के समक्ष पेश नहीं कर सका। इसी प्रकार उपमंडल के खोरी कला में श्रीकृष्णा इंफ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड के नाम से संचालित आरएमसी प्लांट पर टीम ने छापेमारी की। इधर भी प्लांट से संबंधित अनुमति दस्तावेज नहीं मिले। इधर भी अधिक मात्रा में सामग्री मिलने के साथ-साथ ई-रवाना बिल भी मालिक पेश नहीं कर सका। टीम ने दोनों प्लांट मालिकों को खामियों से संबंधित नोटिस थमा दिए हैं।

# भाजपा में हर वर्ग के लोगों को दिया जाता है मान सम्मान : आमिर खान

## भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री ने कहा, पूर्व की सरकारों ने विकास को किया था बाधित



पायनियर समाचार सेवा। नूंह

**नूंह** भाजपा किसान मोर्चा के महामंत्री आमिर खान बीबीपुर ने कहा कि पूर्व की सरकारों ने नूंह जिले में विकास को बाधित किया था। लेकिन अब केंद्र व प्रदेश की सरकार ने जिले में विकास का पहिया तेज कर दिया है। उन्होंने कहा कि भाजपा में हर वर्ग के लोगों को मान सम्मान दिया जाता है। अन्य किसी पार्टी में लोगों को मान सम्मान नहीं दिया जाता है। ऐसे में लोगों को भाजपा के साथ जुड़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश की भाजपा सरकार पूर्व से ही देशहित के लिए कार्य कर रही है। इसलिए हर वर्ग के लोग भाजपा पार्टी के साथ जुड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र के साथ प्रदेश में भाजपा की सरकार द्वारा बिना किसी भेदभाव के विकास कार्य कराए जा रहे हैं। ऐसे में पार्टी कार्यकर्ता पार्टी की इन जनकल्याणकारी नीतियों को जन जन तक लेकर जाए।

उन्होंने कहा कि नूंह जिले का रिकार्ड तोड़ विकास भाजपा ही करा सकती है। इससे पूर्व अन्य पार्टियों ने जिले में लोगों की वोटों को लेने का कार्य किया, लेकिन भाजपा ने अपने कम समय में लोगों के विकास के लिए काफी कार्य किए है। उन्होंने कहा कि पूर्व से ही भाजपा पार्टी में हर वर्ग के लोगों को प्रमुखता दी जाती है उन्होंने कहा कि भाजपा की सरकार ने यहां पर विकास कार्यों को गति देने में कोई कमी नहीं छोड़ी है।

# संक्षिप्त समाचार

## बाबा खाटू श्याम के ताली कीर्तन में झूमे भक्त



**फिरोजपुर झिरका।** श्रीश्याम सखा मंडल के तत्वाधान में पिछले कई दिनों से चल रहे बाबा खाटू श्याम के ताली कीर्तन के अंतर्गत गढ़ अंदर गौरी शंकर मंदिर के प्रांगण में एकादशी के उपलक्ष पर बाबा खाटू श्याम का ताली कीर्तन का आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ों की संख्या में धर्म प्रेमियों ने इस विशेष धार्मिक कार्यक्रम में भाग लिया। बाबा खाटू श्याम का ताली कीर्तन का आयोजन संजय सैनी निवासी वार्ड-09 द्वारा बड़ी धूमधाम के साथ कराया गया। जिसमें रंग-बिरंगे चंपा, चमेली, मोगरा व गेंदे के फूलों से बाबा का अलौकिक श्रंगार किया गया। इस धार्मिक कार्यक्रम के उपलक्ष्य पर श्याम प्रेमियों ने बाबा श्याम की छवि का दरबार लगाया। ताली कीर्तन की शुरुआत भगवान दास सेन ने गणेश वंदना से कि जिसमें श्रीश्याम सखा मंडल की टीम ने भी बाबा श्याम के सुर मधुर भजनों का गुणगान किया। धर्म प्रेमियों के ऊपर पुष्प वर्षा व इत्र वर्षा की गई। बाबा श्याम के भजनों पर सभी धर्म प्रेमी महिलाएं व पुरुष झूमे नाचे और सैकड़ों की संख्या में बाबा श्याम के ताली कीर्तन में हाजिरी लगा कर धर्म लाभ उठाया। ताली कीर्तन का आयोजन शाम 7.00 बजे से लेकर रात्रि 12.00 बजे तक चला इसके उपरांत कीर्तन में उपस्थित समस्त धर्म प्रेमियों में प्रसाद वितरण किया गया। इस मौके पर श्री श्याम सखा मंडल के प्रधान दीपक गोयल उर्फ मोनू, अनमोल सिंघल, हर्षित सोनी, चेतन गोयल, एडवोकेट हेमंत आहूजा, निखिल गर्ग, ललित गोयल, दीपक भरेजा, हेमराज गुप्ता, विशाल सोनी, सचिन मंगला, हर्ष चावला सहित काफी संख्या में श्याम सखा मंडल की टीम व धर्म प्रेमी महिला एवं पुरुष उपस्थित रहे।

## प्रदर्शनी के माध्यम से होगा ऑटोमोटिव उद्योग का प्रचार

**गुरुग्राम।** केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ. महेंद्र नाथ पांडेय चार फरवरी को मानेसर स्थित इंटरनेशनल सेंटर फॉर ऑटोमोटिव टेक्नोलॉजी (आईसीएटी) में भारत में ऑटोमोटिव उद्योग के प्रचार और विकास के लिए एमएचआई (भारी उद्योग मंत्रालय) योजनाओं पर केंद्रित-पंचामृत की ओर सम्मेलन और प्रदर्शनी का उद्घाटन करेंगे। यह आयोजन सीओपी 26-पंचामृत की सौगात में प्रधान मंत्री की घोषणाओं के अनुरूप एमएचआई की योजनाओं को बढ़ावा देने के लिए आयोजित किया जा रहा है। शनिवार को आयोजित किए जा रहे इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि केंद्रीय भारी उद्योग मंत्री डॉ महेंद्र नाथ पांडेय और भारी उद्योग राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर प्रदर्शनी सहित आईसीएटी इन्क्यूबेशन सेंटर का उद्घाटन करेंगे और कुछ इलेक्ट्रिक वाहनों का अनावरण भी करेंगे। प्रवक्ता ने बताया कि कार्यक्रम में ऑटोमोटिव उद्योग जगत के दिग्गज, नीति आयोग के वरिष्ठ अधिकारी, एमएचआई, सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय, पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, योजना मंत्रालय, पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय सहित वरिष्ठ शिक्षाविद, स्टार्टअप और छात्र शामिल होंगे। आईसीएटी के प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि योजनाएं नवाचार के पारिस्थितिकी तंत्र को विकसित करने पर केंद्रित हैं जो हरित और स्वच्छ गतिशील समाधान को सक्षम करेगा। उन्होंने बताया कि सम्मेलन के दौरान नियोजित तकनीकी सत्रों में हाइड्रोजन, ईवी, जैव ईंधन और गैस ईंधन वाले वाहनों के लिए प्रौद्योगिकियों के विकास पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा। वहीं पर्यावरण अनुकूल और घरेलू विनिर्माण की दिशा में भारत में मोटर वाहन उद्योग के प्रचार और विकास के लिए एमएचआई योजनाओं - पीएलआई-ऑटो, पीएलआई एसीसी, सीजी-2 और फेम के कार्यान्वयन पर भी विचार-विमर्श किया जाएगा।

## आईएनए/जीएलएस अंक 10 तक अपलोड करें नहीं तो देना होगा जुर्माना : डीईओ

**मेवात।** हरियाणा विद्यालय शिक्षा बोर्ड भिवानी द्वारा संचालित की जाने वाली सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2023 हेतु राजकीय/अराजकीय स्थाई मान्यता प्राप्त विद्यालयों के लिए आंतरिक मूल्यांकन एवम विद्यार्थियों के लिए अन्य आंतरिक मूल्यांकन अंक ऑनलाइन भरने हेतु 10 फरवरी 2023 तक लिंक लाइव रहेगा। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश यादव ने बताया कि सभी विद्यालय मुखिया सैकेण्डरी एवं सीनियर सैकेण्डरी (शैक्षिक) वार्षिक परीक्षा फरवरी/मार्च-2023 के ये अंक संबंधित कार्य बोर्ड की अधिकारिक वेबसाइट पर दिये गये लिंक पर जाकर लॉगिन आईडी/पासवर्ड से लॉगिन करते हुए 10 फरवरी 2023 तक ऑनलाइन भरना सुनिश्चित करें और जो विद्यालय निर्धारित तिथि तक ये अंक ऑनलाइन नहीं भरते हैं तो ऐसे विद्यालयों को 500/-रुपये प्रति परीक्षार्थी व अधिकतम 5000 रुपये जुर्माने के साथ 11 फरवरी से 16 फरवरी, 2023 तक ऑनलाइन अंक अपलोड करने होंगे। सम्बन्धित विद्यालय मुखिया समय रहते अंक अपलोड करना सुनिश्चित करें। किसी भी लापरवाही के लिए लिए सम्बन्धित विद्यालय मुखिया स्वयं जिम्मेदार होंगे।

## अमृत पीढ़ी बनेगी विकसित भारत का आधार : राज नेहरू

**फरीदाबाद।** श्रीविश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने केंद्रीय बजट में कौशल को लेकर किए गए प्रावधानों को ऐतिहासिक करार दिया है। उन्होंने कहा कि इस बार कौशल पर बजट में खास फोकस किया गया है। इससे अमृत काल में भारत अतिरिक्त कौशल की ओर अग्रसर होगा और शिक्षा के क्षेत्र में कौशल के नए आयाम सामने आएंगे। अमृत पीढ़ी कुशल और विकसित भारत का आधार बनेगी। केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इस बार के बजट में कौशल को अपनी विशेष प्राथमिकताओं में रखा है। शिक्षा बजट में 9 प्रतिशत की बढ़ोतरी की गई है जो कि अब तक की सबसे बड़ी वृद्धि है। कोविड के दौरान शिक्षा पर जो प्रभाव पड़ा उसको दूर करने के लिए डिजिटल मोड में काम होगा। विद्यार्थियों को डिजिटल के साथ जोड़ कर तेजी से उनकी स्किलिंग की जाएगी। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय के कुलपति राज नेहरू ने कहा कि बजट में स्किल पर जितना फोकस किया गया है, यह अमृत काल में अमृत पीढ़ी तैयार करने की दिशा में कारगर कदम साबित होगा। यही अतिरिक्त कौशल भारत को विकसित बनाने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। राज नेहरू ने कहा कि इंडस्ट्री पार्टनरशिप और ऑन द जॉब ट्रेनिंग पर बजट में विशेष फोकस है। यह कौशल को बढ़ावा देने के महत्वपूर्ण आयाम हैं। श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय इस दिशा में सफल प्रयोग कर चुका है। ऑन द जॉब ट्रेनिंग और इंडस्ट्री पार्टनरशिप के दोहरे एकीकृत मॉडल ने रोजगार के नए अवसर सृजित किए हैं और इंडस्ट्री को कुशल पेशेवर उपलब्ध करवाए हैं। अब राष्ट्रीय स्तर पर यह अवधारणा क्रियान्वित होगी तो निश्चित ही इसके शानदार परिणाम आएंगे।

PUBLIC NOTICE
TO WHOSOEVER IT MAY CONCERN
Re: Delhi International Arbitration Centre (DIAC), Delhi High Court, Case Ref. No. DIAC/4425D/07-22
M/s. Vasu Polymers India Pvt. Ltd. ....Claimant
-Versus-
M/S RT Packaging Pvt Ltd. ....Respondent
TAKE NOTICE THAT my client M/S Vasu Polymers India Pvt. Ltd has filed a Statement of claim the captioned proceedings before Delhi International Arbitration Centre(u/S.23 of Arbitration and Conciliation Act, 1996 r/w S.18(3) of MSMED Act, 2006. Notice is hereby given to representatives of the above mentioned Respondent Company and all concerned that next date of hearing in the above proceeding is fixed on 07.02.2023 at 02:00P.M. through Video Conferencing for direction before the Ld. Arbitral Tribunal. All concerned are requested to remain present in person or though their advocate. They may contact the undersigned and/or Ms. Robin Tagore, Deputy Counsel, DIAC (Email-delhiarbitrationcentre@gmail.com; Tel.- +91-11-23386493) for any inquiry.
Dated : 02.02.2023
Sd/-
Harsh Mittal
Advocate for Claimant
Email: advharshmittal@outlook.com

# कुपोषित बच्चों के लिए पूरक आहार के पैकेट बांटे



**तावडू।** उपमंडल ग्राम पंचायत मंडारका में बृहस्पतिवार को बाल उमंग दृश्य संस्था द्वारा एक नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ जिला उपायुक्त अजय कुमार ने किया। जिसमें कुपोषित बच्चों को न्यूट्रीमिक्स नामक पूरक आहार जैविक अनाज पैकेट का वितरण किया गया।

जिला उपायुक्त अजय कुमार ने बताया कि मंडारका गांव को मुख्यमंत्री ग्राम संरक्षक योजना के तहत गोद लिया गया है। इसी पहल में बृहस्पतिवार को गांव के आंगनबाड़ी भवन में बाल उमंग दृश्य संस्था द्वारा नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन कराया गया। जिला उपायुक्त ने संस्था द्वारा गांव में मध्यम वर्ग के कुपोषित बच्चों के लिए उच्च कैलोरी प्रोटीन युक्त पूरक आहार वितरित करने की शुरुआत की प्रशंसा करते हुए कहा कि सभी इसका लाभ अवश्य लें। इसके अलावा आगामी 6 फरवरी से रुबेला-खसरा टीकाकरण अभियान शुरू होने जा रहा है। अभियान से संबंधित टीकाकरण में सहयोग करें।

# जी-20 सम्मेलन की तैयारियों में जोर-शोर से जुटा प्रशासन

## विदेशी मेहमानों को राज्य की संस्कृति और विरासत से परिचय कराएंगे

पायनियर समाचार सेवा। तावडू

**आगामी** मार्च माह में गुरुग्राम में होने जा रहे जी-20 सम्मेलन की तैयारियों में प्रशासन तेजी से जुटा है। नूंह के हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम को भी जी-20 सम्मेलन के लिए सूची में परिवहन साधनों की संस्कृति और विरासत का प्रस्तुतिकरण के लिए शामिल किया गया है।

सम्मेलन के दौरान विदेशी मेहमानों की टीम इस संग्रहालय का दौरा करेंगी। इसी को लेकर बृहस्पतिवार को गुरुग्राम जिला उपायुक्त निशांत यादव व नूंह जिला उपायुक्त अजय कुमार विभिन्न अधिकारियों के साथ तावडू के बिलासपुर रोड पर स्थित हेरीटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम में पहुंचे। इस दौरान उन्होंने संग्रहालय के दो कर्मचारियों के साथ निरीक्षण किया। साथ ही संग्रहालय में संजोए गए पुराने परिवहन संसाधनों से संबंधित विस्तारित जानकारी ली। निरीक्षण करने के बाद गुरुग्राम जिला उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने बताया कि आगामी 1 मार्च से 4 मार्च तक जी 20 सम्मेलन की बैठकें गुरुग्राम के होटल लीला में होंगी। सरकार के निर्देश पर सम्मेलन में राज्य की संस्कृति और विरासत से विदेशी मेहमानों का परिचय करवाया जाएगा। जी-20 सम्मेलन टीम द्वारा सूची में सुलतानपुर बर्ड सेंचुरी और सूरजकुंड मेला फरीदाबाद पहले से ही शामिल है इसी सूची में देश के एकमात्र हेरिटेज ट्रांसपोर्ट म्यूजियम को भी शामिल किया गया है। बृहस्पतिवार को इसी से संबंधित इस संग्रहालय का निरीक्षण किया गया। उन्होंने कहा कि संग्रहालय में पुराने परिवहन संसाधनों को बड़े अच्छे ढंग से संजो कर रखा गया है,जिनका विदेशी मेहमान दर्शन करेंगे।


निरीक्षण के दौरान गुरुग्राम व नूंह जिला उपायुक्त।

उन्होंने बताया कि जी-20 सम्मेलन में आने वाले विदेशी मेहमानों के अलावा केंद्र सरकार के कैबिनेट मंत्रियों का दौरा भी संग्रहालय में हो सकता है। जिनके भ्रमण की तैयारियों को लेकर निरीक्षण किया गया है। बिलासपुर सड़क का सुधारीकरण का कार्य शुरू कर दिया गया है इस दौरान उनके साथ नूंह जिला उपायुक्त अजय कुमार के अलावा तावडू उप मंडल अधिकारी सिद्धार्थ दहिया, तहसीलदार शालिनी लाठर, गुरुग्राम लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता विशाल कुमार,कनिष्ठ अभियंता कृष्ण कुमार, नूंह लोक निर्माण विभाग के कार्यकारी अभियंता शमशेर सिंह, कनिष्ठ अभियंता आवेश कुमार सहित ट्रांसपोर्ट हेरिटेज म्यूजियम कर्मचारी इकबाल सिंह व रागिनी आदि मौजूद रहे।

# युवक पर दहेज को लेकर पत्नी की गला घोंटकर हत्या करने का आरोप

## पुलिस ने मृतक के पिता की शिकायत पर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंपा

पायनियर समाचार सेवा। फिरोजपुर झिरका

**शहर** की सुभाष कालोनी में रहने वाले एक युवक द्वारा पत्नी की रस्सी से गला दबाकर हत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने मृतक महिला के पिता की शिकायत पर उसके पति के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्जकर जांच शुरू कर दी है। मृतका के शव का पुलिस ने जिला अस्पताल मांडीखेड़ा में पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर की सुभाष कालोनी में रहने वाले अशोक खान ने पुलिस चौकी सिटी में शिकायत दर्ज करवाई है। उसने अपनी बेटी रजीन की शादी रोहिन पुत्र रशीद निवासी सांगानेर, जयपुर के साथ दो वर्ष पूर्व की थी। रोहिन के मां बाप की मौत होने की वजह से वह सुभाष कालोनी, फिरोजपुर झिरका में अपने सास एवं ससुर के साथ ही रह रहा था।

अशोक खान का आरोप है कि शादी के बाद से ही रोहिन उसकी बेटी से दहेज की मांग करने लगा और उसे प्रताड़ित करता रहा। कई बार उसको मना भी किया। आरोप है कि उसके दामाद रोहिन ने उसकी बेटी रजीन की एक फरवरी बुधवार की रात्रि को उसकी रस्सी से गला दबाकर निर्ममता से हत्या कर दी। पुलिस को इसकी सूचना दो फरवरी वीरवार सुबह 11 बजे मिली। पुलिस चौकी सिटी प्रभारी सुनील कुमार ने मौके पर पहुंचकर जांच प्रारंभ कर दी। पुलिस इस मामले की गहनता से जांच कर रही है। अशोक खान की शिकायत पर पुलिस ने उसके दामाद रोहिन खान के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज लिया है।

> “सुभाष कालोनी निवासी अशोक खान की शिकायत पर उसकी बेटी रजीन की हत्या के आरोपी दामाद रोहिन खान के खिलाफ दहेज हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। मृतका के शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया है। आरोपित को शीघ्र दबोचा जाएगा।
> 
> सुनील कुमार
> प्रभारी, पुलिस चौकी सिटी फिरोजपुर झिरका

# पंचायत समिति पिनगवां वाइस चेयरमैन साहिब कलाम ने ली शपथ

रिजवान कासिम। मेवात

**पंचायत** समिति पिनगवां वाइस चेयरमैन साहिब कलाम ने गुरुवार को उपमंडल अधिकारी पुनहाना कार्यालय में पद की शपथ ली। पुनहाना उपमंडल अधिकारी मनीषा शर्मा ने साहिब कलाम को शपथ दिलाई। साहिब कलाम वार्ड नंबर-18 से पंचायत समिति सदस्य चुने गए थे। पंचायत समिति सदस्य चुने जाने के बाद उन्होंने वाइस चेयरमैन का चुनाव लड़ा और 12 मत हासिल करते हुए अपने प्रतिद्वंदियों को पछाड़ दिया। साहिब कलाम शिक्षित युवा हैं, जो लंबे समय से पत्रकारिता एवं समाज सेवा से जुड़े रहे हैं। साहिब कलाम ने वाइस चेयरमैन की शपथ लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि उनके कंधों पर बड़ी जिम्मेदारी है। पिनगवां खंड में पहली बार पंचायत समिति का चुनाव हुआ है और उन्होंने पहली बार में ही वाइस चेयरमैन का चुनाव सहयोगियों की मदद से जीत कर इतिहास कायम किया है। उन्होंने कहा कि पिनगवां खंड के गांवों का सर्वांगीण विकास कराने कि उन पर बड़ी जिम्मेदारी है। जिस पर खरा उतरने के लिए वे दिन-रात मेहनत करेंगे। उन्होंने कहा कि आमजन के सहयोग से पहले तो उन्हें वार्ड नंबर 18 से पंचायत समिति सदस्य चुना गया और बाद में चुने गए पंचायत समिति के सदस्यों ने उन्हें वाइस चेयरमैन की जिम्मेदारी के लायक समझा। लिहाजा अब शपथ ली जा चुकी है। खंड विकास एवं पंचायत कार्यालय के साथ-साथ पंचायत समिति पिनगवां का कार्यालय भी नए भवन में शिफ्ट हो रहा है। अब जल्दी ही ग्रामीण विकास के कामों में तेजी लाई जाएगी। साहिब कलाम के अलावा चेयरमैन रफीक तेड, इसराइल चेयरमैन पंचायत समिति पुनहाना एवम वाइस चेयरमैन पुनहाना को भी मनीषा शर्मा एसडीएम पुनहाना के द्वारा शपथ दिलाई गई।


साहिब कलाम वाइस चेयरमैन पंचायत समिति पिनगवां को शपथ दिलाते हुए एसडीएम पुन्हाना मनीषा शर्मा।

# बहकावे में न आएं, टीका लगवाएं, पूरा सहयोग करें लोग : मुफ्ती जाहिद

## खसरा-रुबेला उन्मूलन को स्वास्थ्य विभाग कर रहा डोर-टू-डोर सर्वेः डीसी

## खसरा-रुबेला को जड़ से मिटाने के लिए विशेष अभियान शुरू : अजय कुमार

पायनियर समाचार सेवा। मेवात

**खसरा** व रुबेला बीमारी को जड़ से खत्म करने के किये अब सरकार व जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। कसी कड़ी में आज जिला सचिवालय के सभागार में जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ मुस्लिम धर्मगुरुओं के साथ बैठक आयोजित की गई है। बैठक में मुफ्ती जाहिद ने जिला के लोगों को आह्वान करते हुए कहा है कि लोग आगे आकर अपने बच्चों को टीकाकरण अवश्य कराए। उन्होंने कहा कि किसी के बहकावे में आने की जरुरत नहीं है।

उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग का इस अभियान में पूरा सहयोग देना है, और अपने बच्चों को खसरा, रुबेला जैसी जानलेवा बीमारियों से बचाना है। मुफ्ती जाहिद ने कहा कि हम पूरा सहयोग करेंगे कि जिला से खसरा, रुबेला जैसी खतरनाक बीमारी को दिसंबर 2023 तक खत्म कर सकें। उन्होंने कहा कि बिमारी किसी धर्म या जाति को नही होती है। बीमारी किसी भी धर्म या जाति के लोगों को हो सकती है। इसलिए हम सब का फर्ज है कि आगे आकर स्वास्थ्य विभाग व जिला प्रशासन का सहयोग करें। मौलाना याहया करीमी ने अपने आह्वान में कहा है कि स्वास्थ्य विभाग द्वारा जो खसरा, रुबेला का टीकाकरण किया जा रहा है, वह बिल्कुल ठीक है क्योंकि हम सबकों मिलकर इस अभियान में अपना पूर्ण सहयोग देना है। उन्होंने कहा कि सबसे पहले हमें अपने बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति ध्यान देना है और जो ये टीकाकरण किया जा रहा है। इसमें आगे आकर टीकाकरण करना है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि जब हमारे ही स्वास्थ्य नहीं रहेंगे तो वे आगे बढ़कर क्या करेंगे ना ही उनका मन का विकास होगा और ना उनका शरीर स्वास्थ्य ठीक रहेगा। इसलिए जिलावासियों से आह्वान करते हुए कहा है आने वाली 6 फरवरी को स्वास्थ्य की टीम का पूर्ण सहयोग करें और अपने बच्चों को टीकाकरण अवश्य कराए।


खसरा रुबेला टीकाकरण अभियान में धर्मगुरुओं के साथ बैठक करते हुए उपायुक्त अजय कुमार व अन्य जिला प्रशासन के अधिकारी गण।

मौलाना शेर मोहम्मद ने भी जिला के लोगों से अपील करते हुए कहा है कि टीकाकरण अभियान में पूर्ण सहयोग दें और जिला प्रशासन में स्वास्थ्य विभाग का पूरा सहयोग करें। उन्होंने कहा है कि पहले में भी कोविड काल में लोगों ने आगे आकर पूर्ण सहयोग किया है। इसी प्रकार फिर हम सबको को मिलकर खसरा, रुबेला जैसी खतरनाक बिमारी को जड़ से खत्म करना है। उपायुक्त अजय कुमार ने कहा है कि इस खसरा-रुबेला बीमारी को जड़ से खत्म करने के लिए दिसंबर 2023 का लक्ष्य रखा गया है। इसके लिए अभी से ही तैयारी शुरू कर दी गई है। स्वास्थ्य विभाग के द्वारा अभियान चला कर खसरा रुबेला टीका से वंचित बच्चों का पता लगाने के लिए डोर टू डोर सर्वे का कार्य शुरू कर दिया गया है। इसको लेकर राज्य स्वास्थ्य समिति के द्वारा पत्र जारी कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। आशा कर्मी घर-घर जा कर पांच वर्ष से कम वैसे बच्चों का पता लगा रही हैं। जिन्हें खसरा और रुबेला की प्रथम और दूसरी डोज का टीका नहीं पड़ा है। एडीसी रेनू सोगन ने कहा है कि खसरा और रुबेला दो अलग-अलग वायरल रोग है।

आमतौर पर रुबेला खसरे की तुलना में हल्के संक्रमण का कारण बनता है, लेकिन इसके परिणाम स्वरूप गंभीर जन्म दोष होते हैं। खसरा रोग संक्रामक रोग के कारण होता है। यह एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति में फैलने वाली बीमारी है। खसरा होने पर इसमें पूरे शरीर पर लाल चकत्ते उभर आते है। शुरूआत में दो चार जगहों पर दाने दिखाई देते फिर धीरे धीरे पूरे शरीर पर फैल जाते हैं। वहीं रुबेला भी एक वायरल बीमारी है, जिसे जर्मन खसरा भी कहते हैं। सिविल सर्जन डा. सुरेन्द्र यादव ने बताया कि खसरा और रुबेला बीमारी को जड़ से मिटाने के लिए देशव्यापी अभियान को सफल बनाने के लिए अभियान की शुरुआत कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि इस अभियान में आम लोगों की सहभागिता भी जरूरी है, क्योंकि जब तक आम लोगों में जागरूकता नहीं आएगी तब तक किसी भी अभियान को सफलता नहीं मिल सकती है। सिविल सर्जन ने लोगों से अपील की है कि खसरा रुबेला जैसी बीमारी के लिए कराए जा रहे टीकाकरण सर्वे में सही जानकारी उपलब्ध कराएं ताकि वंचित बच्चों का टीकाकरण किया जा सके। इस अवसर पर एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार, एसडीएम रणबीर सिंह, एसएमडीएम मनीषा शर्मा, एसडीएम तावडू व नगराधीश सिद्धार्थ दहिया, डीडीपीओ नवनीत कौर, जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी मुकेश यादव, बीडीपीओ नरेन्द्र ढुल, बीडीपीओ मनीष मलिक, बीडीपीओ नूंह कुलजीत सिंह दहिया सहित अन्य अधिकारी व धर्मगुरु भी मौजूद रहे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक प्रवीण मोहंती द्वारा सोका क्रिएशन प्राइवेट लिमिटेड, प्लाट नंबर 262 आईकेएल, सेक्टर-24, फरीदाबाद (हरियाणा) से प्रकाशित और बीएफएल इंफोटेक लिमिटेड, सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, जिला- गौतमबुद्ध नगर - 201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक : नवीन उपाध्याय, स्थानीय संपादक : प्रवीण मोहंती। दूरभाष नंबर : (0129) 4195000। पी.आई.बी. एक्ट के अनुसार सभी विवादित समाचारों की जिम्मेदारी लेखक की होगी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापन के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं।

# भारतीय अर्थव्यवस्था

## भविष्य की उम्मीद

**वर्ष** 2022-23 के आर्थिक सर्वेक्षण ने उज्ज्वल भविष्य के बारे में बहुत उम्मीद जताई है और उसकी ये उम्मीदें यथार्थ पर आधारित हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी कहा है कि आज सारी दुनिया की नजरें भारत की अर्थव्यवस्था पर टिकी हैं। हालांकि, 2023-24 में सकल घरेलू उत्पाद-जीडीपी की वृद्धि दर वर्तमान वित्त वर्ष से थोड़ी कम होने की आशंका है, पर भविष्य में अच्छे दिन आने वाले हैं। 400 से अधिक पेजों में फैले आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23 का यही संदेश है। वित्त मंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को संसद में सर्वेक्षण की रिपोर्ट पटल पर रखी। इसमें भविष्य के प्रति आशा के अनेक संकेत हैं। हालांकि, सर्वेक्षण ने 2023-24 के लिए वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत होने का अनुमान लगाया है, जबकि यह 2022-23 में 7 प्रतिशत तथा पिछले वित्त वर्ष में 8.7 प्रतिशत थी। लेकिन सर्वेक्षण में दावा किया गया है कि महामारी से भारत तुलनात्मक रूप से तेजी से उबरा है तथा आने वाले वर्ष में वृद्धि ठोस रूप से घरेलू मांग तथा पूंजी निवेश के कारण होगी। उसका यह कहना ठीक है कि वर्तमान समय में वृद्धि दर को अनेक ढांचागत परिवर्तनों से सहायता मिल रही है जिनका क्रियान्वयन पिछले सालों में, खासतौर से 2014 के बाद किया गया है। सर्वेक्षण में संकेत किया गया है कि 'वित्तीय व्यवस्था पर दबाव' 2014 के पहले दिए गए भारी कर्ज के कारण था जिनकी अभिव्यक्ति गैर-निष्पादित परिसंपत्तियों, कर्ज में कम वृद्धि तथा पूंजी सृजन की कम वृद्धि दर के रूप में सामने आई। अब महामारी के कारण पैदा सुस्ती से बहाली वाले समय की तरह दबाव के वे साल पीछे छूट गए हैं। मुख्य आर्थिक सलाहकार वेंकटरमन अनंत नागेश्वरन ने पिछले कुछ



वर्षों की स्थितियों पर भी नजर डाली है जिनमें 1998-2002 के वर्ष शामिल हैं। लगभग दो दशक पहले सरकार ने परिवर्तनकारी सुधार किए थे, पर अर्थव्यवस्था को लगे अस्थाई झटकों के कारण आर्थिक वृद्धि प्रभावित हुई। जब ये झटके कमजोर पड़े तो 2003 से ढांचागत सुधारों ने अच्छा लाभ दिखाया। वैंकटरमन का आशावाद न केवल इतिहास, बल्कि यथार्थ पर भी आधारित है। आमतौर पर उन्होंने सर्वेक्षण में एक गुलाबी तस्वीर पेश की है। वित्त वर्ष 15 के बाद 2022-23 की पहली छमाही में निजी उपभोग सर्वाधिक था तथा केन्द्र सरकार द्वारा बढ़ाए पूंजीगत खर्च के कारण निजी निवेश में तेजी आई है जिससे निगमों की बैलेंसशीटों में मजबूती आई है। इसके साथ ही एमएसएमई क्षेत्र में कर्ज की वृद्धि अच्छी है, अप्रैल-दिसंबर 2022 में अन्य उभरती बाजार अर्थव्यवस्थाओं की तुलना में भारतीय रुपये ने बेहतर प्रदर्शन किया है, शहरी बेरोजगारी दर घटी है, खुदरा मुद्रास्फीति पर लगाम लगी है, अप्रैल-नवंबर 2022 में प्रत्यक्ष कर संग्रह में वृद्धि हुई है तथा बेहतर व स्वस्थ होती बैलेंसशीटों से नए कर्ज का चक्र शुरू हुआ है। पिछले महीनों में बैंक कर्जों में दो अंक का उछाल आया है। लेकिन सर्वाधिक रोजगार का सृजन करने वाले विनिर्माण क्षेत्र की प्रगति इतनी अच्छी नहीं रही है। सर्वेक्षण में स्वीकार किया गया है कि प्रत्यक्ष विदेशी निवेश 'वित्त वर्ष 23 की पहली छमाही में विनिर्माण क्षेत्र में थोड़ा घटा है'। लेकिन आशा प्रकट की गई है कि 'विदेशी मुद्रा का प्रवाह पूर्व-महामारी स्तरों से काफी ऊपर बना हुआ है जिसका कारण सरकार द्वारा बिजनेस सुगमता के लिए उठाए गए ढांचागत सुधार हैं।' भारत की तेज होती आर्थिक प्रगति के बावजूद बदलती हुई विश्व परिस्थितियों के कारण समस्यायें बनी हुई हैं। इनके चलते जनवरी-नवंबर 2022 में 2021 के इसी कालखंड की तुलना में औद्योगिक निवेश में कमी आई है। इसका एक कारण अमेरिका व अन्य पश्चिमी देशों द्वारा पैसे को आकर्षित करने के लिए अपनाई नीतियां भी हैं। वैसे कुल मिला कर आर्थिक सर्वेक्षण ने यथार्थवादी तस्वीर सामने रख कर भविष्य के प्रति पूरी उम्मीद जताई है।

# तेजी से प्रगति करती अर्थव्यवस्था

भारत सरकार ने सबकी उम्मीदों पर ध्यान देते हुए बजट में सभी क्षेत्रों के लिए समुचित आबंटन किए हैं। इनसे अर्थव्यवस्था में तेजी आएगी।



**रवि कुमार गुप्ता**
**रोहन गुप्ता**
(लेखक, पेशे से अध्यापक हैं)




वित्तमंत्री सुश्री निर्मला सीतारमण ने अन्य मंत्रियों के साथ मिल कर बजट तैयार किया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 112 के अनुसार, प्रत्येक वित्त वर्ष के लिए 'प्राप्तियों व खर्च की सूची सरकार को संसद के पटल पर रखनी चाहिए।' भारतीय अर्थव्यवस्था तेजी से प्रगति के रास्ते पर है। हाल में इसने ब्रिटेन को पीछे छोड़ दिया और अब यह दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गई है। बजटीय आबंटनों से अर्थव्यवस्था की गति और तेज होगी। उम्मीद की जाती है कि भारत 2024-25 तक 5 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बन जाएगी। इसके लिए सभी क्षेत्रों में बजट आबंटन बढ़ना चाहिए। अनेक अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों ने पहले ही अनुमान लगाया था कि बजट 2023-24 संतुलित होगा। आर्थिक वृद्धि के लिए हर आयाम पर बुद्धिमानी से जोर देना जरूरी है। इनमें ढांचागत संरचना, शिक्षा, कर, प्रावीडेंट फंड, कर स्लैबों, सब्सिडी, उत्पादन से जुड़ी योजनाओं को प्रोत्साहन, विनिर्माण व सेवा क्षेत्र को बढ़ावा, सेमीकंडक्टर-आधारित औद्योगिक अवस्थापनायें, स्वास्थ्य, बैंकिंग, आवास, रक्षा तथा ग्रामीण आवश्यकतायें व मांगें शामिल हैं। कोविड-19 वैश्विक महामारी तथा रूस-यूक्रेन युद्ध ने वर्ष 2020-2022 में पूरी दुनिया की अर्थव्यवस्था और जीडीपी पर गहरा प्रभाव डाला है। भारत पर भी इसका काफी प्रभाव पड़ा है। विनिर्माण व सेवा क्षेत्र में सुस्ती के कारण रोजगारों पर गंभीर प्रभाव पड़ा है। हालांकि, सभी क्षेत्रों समुचित बजटीय आबंटनों से इन प्रभावों से निपटने में काफी सहायता मिलेगी।

शिक्षा समग्र विकास का महत्वपूर्ण औजार है। शिक्षा के अवसर सारी जनता को मिलने चाहिए। शिक्षा का कौशल व सीखने के प्रति उन्मुखीकरण बढ़ाने के लिए अच्छी किताबों, प्रयोगशालाओं, कार्यशालाओं व ढांचागत संरचना की जरूरत है। पिछले साल शिक्षा बजट में 11 प्रतिशत बढ़ोत्तरी कर इसे कुल जीडीपी का 3.1 प्रतिशत कर दिया गया था। अनेक शिक्षाशास्त्री इसे नाकाफी बताते हैं और वे इसे जीडीपी के 6 प्रतिशत तक ले जाने की आवश्यकता बताते रहे हैं। टैक्स भारत में समेकित निधि को मजबूत करने वाली प्राप्तियों में सर्व प्रमुख हैं। कर प्रत्यक्ष कर हो सकते हैं जिनको व्यक्तियों से आयकर, कार्पोरेट कर, संपत्ति कर, आदि के माध्यम से एकत्र किया जाता है। इसके साथ ही जीएसटी, स्टेट एक्साइज़ ड्यूटी, आदि के माध्यम से करों का परोक्ष संग्रह होता है। वित्त वर्ष 2022 में कर राजस्व व जीडीपी का अनुपात लगभग 17.11 प्रतिशत था। इस वित्त वर्ष में इसके बढ़ने का अनुमान पहले से लगाया जा रहा था। अक्टूबर, 2022 में जीएसटी संग्रह रिकार्ड 1.52 लाख करोड़ दर्ज हुआ जो एक सकारात्मक संकेत है। लेकिन अनेक लोग अब भी कर नियमों में कमियों का अनुचित लाभ उठाते हुए कर देने से बचते हैं। अच्छी कर व्यवस्था के पांच प्रमुख आयाम हैं-न्यायोचित होना, सरलता, पारदर्शिता, सटीकता तथा प्रशासनिक सुगमता। पूंजी बाजार में निवेश भी ढांचागत संरचना में निवेश की तरह महत्वपूर्ण है इससे विनिर्माण, रोजगार, पर्यटन व बाजार में तेजी आने की संभावना तेज होती है। पूंजी बाजार का आधार मुख्यत: प्रावीडेंट फंड, म्यूचुअल फंड, एलआईसी प्रीमियम, एनएससी, बांड व अन्य सरकार द्वारा अधिकृत निवेश हैं जिनसे एक निश्चित समय में लाभ सुनिश्चित होता है। आयकर की धारा 80सी के अंतर्गत हमें कर कटौती में रियायत मिलती है। वर्तमान समय में यह सीमा 1.5 लाख थी जिसे कम से कम 50,000 रुपये बढ़ाने की विशेषज्ञों ने संस्तुति की थी। 2014 के बाद से इसमें संशोधन नहीं किया गया था। अर्थशास्त्रियों का मानना है कि मुद्रास्फीति को देखते हुए इसमें परिवर्तन अच्छा रहेगा।

पिछले वर्षों में जीडीपी में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान घटा है। वित्त वर्ष 2012 में विनिर्माण क्षेत्र का योगदान जीवीए में 17.4 प्रतिशत था जो वित्त वर्ष 2021 में घट कर 14.5 प्रतिशत रह गया। सरकार ने इस क्षेत्र में पूंजीगत खर्च बढ़ाया है। इससे रोजगार सृजन तथा निर्यात बढ़ाने में सहायता मिलेगी। इससे अर्थव्यवस्था को 1 ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य प्राप्त करने में आसानी होगी। विभिन्न एलेक्ट्रानिक उपकरणों, जैसे वाहनों, मोबाइल फोनों व अन्य उपकरणों में चिप्स के प्रयोग से सेमीकंडक्टर चिपों की मांग में कई गुना वृद्धि हुई है। चिपों की पूर्ति मुख्यत: जापान, ताइवान व चीन से आयात द्वारा होती है। सरकार ने इनकी स्वदेशी आपूर्ति बढ़ाने की दिशा में कई कदम बढ़ाए हैं। निजी क्षेत्र के सहयोग से चिपों के उत्पादन में सहायता मिल सकती है। विनिवेश का अर्थ निवेशित परिसंपत्तियों की बिक्री है। सरकार इस प्रक्रिया के माध्यम से सार्वजनिक क्षेत्र उद्यमों-पीएसयू व पीएसयू के शेयरों को बेचती है। पिछले तीन साल में सरकार ने अनेक विनिवेशों की घोषणा की थी, लेकिन वह यह लक्ष्य पूरा करने में सफल नहीं हुई। बीपीसीएल, ओआईएल, आदि पीएसयू मुनाफे वाली कंपनियां हैं। अर्थशास्त्रियों के विचार से इनका विनिवेश नहीं किया जाना चाहिए। यदि ऐसा किया जाता है तो भी इसे ज्यादा ऊंचे स्तर पर नहीं ले जाना चाहिए। उच्च विनिवेश से राजस्व प्राप्त होता है, जबकि कम विनिवेश से सरकार को भावी निवेश से मुक्ति मिलती है। अत: विनिवेश में सावधानी बरती जानी चाहिए।

हमारा देश दुनिया की पांचवी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है। लेकिन सरकार द्वारा सब्सिडी पर भारी धनराशि खर्च करना आश्चर्यजनक है। खाद्य व उर्वरक सब्सिडी का जीडीपी में आठवां या 12 प्रतिशत हिस्सा है। उर्वरक सब्सिडी पर 2.3 लाख करोड़ रुपया खर्च होता है जिसे घटा कर 1.4 लाख किया जा सकता है। इसी प्रकार खाद्य सब्सिडी को भी 2.7 लाख करोड़ से घटा कर 2.3 लाख करोड़ किया जा सकता है। यदि सरकार राजकोषीय घाटा कम करना चाहती है तो उसे सब्सिडी अवश्य घटानी चाहिए। उसे निश्चित रूप से राजकोषीय घाटे के मामले में संतुलन बरतना चाहिए तथा इसे वर्तमान वित्त वर्ष में जीडीपी के 6.4 प्रतिशत पर लाने का प्रयास करना चाहिए। वर्तमान समय में भारत में 83,000 से अधिक स्टार्टअप व 100 से अधिक यूनीकार्न हैं। दुनिया भर में कोरोनावायरस वैश्विक महामारी तथा मंदी के प्रभाव के कारण स्टार्टअप को पैसा मिलना कठिन हुआ है। इसलिए भारत सरकार शुरू से ही स्टार्टअप को समर्थन देने की नीति पर चल रही है। अनेक अर्थशास्त्रियों का अनुमान था कि सरकार स्टार्टअप के बिजनेस क्षेत्र में विस्तार कर इनका बिजनेस और सुगम बनाएगी। उल्लेखनीय है कि स्टार्टअप कुशल उद्यमियों व नौजवानों को रोजगार प्रदान करने में बहुत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं। उम्मीद है कि जल्द ही स्टार्टअप का मूल्य 500 बिलियन डालर का आंकड़ा पार कर जाएगा। सरकार को स्टार्टअप का काम आसान बनाने के लिए विभिन्न योजनाओं तथा विनियमों की घोषणा करनी चाहिए।

'आत्मनिर्भर भारत' का लक्ष्य रक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत कर प्राप्त किया जा सकता है। स्टाकहोम रिसर्च इंस्टीट्यूट के अनुसार हिंद-प्रशांत देशों में हथियारों के उत्पादन में आत्मनिर्भरता के मामले में भारत का चौथा स्थान है, पर भारत हथियारों व रक्षा उपकरणों के आयात के मामले में दुनिया में दूसरे स्थान पर है। लेकिन इसके बावजूद भारत ने 14,000 करोड़ रुपये का रक्षा निर्यात किया है और 2025 तक इसके 25,000 करोड़ तक पहुंचने की आशा है। राजकोषीय नीति व बजट का उद्देश्य आय व बचत बढ़ाना, निवेश दर में वृद्धि करना, उत्पादक क्षेत्रों में खर्च बढ़ाना, मूल्य स्थिरीकरण तथा असमानता घटाना है। यदि असमानता में कमी नहीं आती है तो इससे जनता में टकराव बढ़ सकते हैं जिसका असर अर्थव्यवस्था पर नकारात्मक हो सकता है और इससे अस्थिरता पैदा हो सकती है। जीएसटी लागू करने से कर संग्रह में सुगमता व तेजी आई है। किसी भी देश का बजट संतुलित होना चाहिए। सरकार की जिम्मेदारी है कि वह अर्थव्यवस्था के सभी आयामों पर गौर करे तथा बजट सारी जनता की उम्मीदें पूरी करने का प्रयास करे। संभवत: वर्तमान बजट इन कसौटियों पर खरा उतरता है।

# अव्यवस्थाओं का शिकार विमानन उद्योग

**वीवी सुंदर**
(लेखक संप्रेषण विशेषज्ञ हैं)



भारतीय विमानन उद्योग अब एक तमाशा है। हाल ही में एअर इंडिया पर एक अनियंत्रित यात्री की शर्मनाक कथित घटना, यात्रियों से भरी एक बस को छोड़ कर उड़ान भरने वाली एक एयरलाइन, दिल्ली अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (डायल) पर व्यवस्थित अराजकता, और अन्य हवाईअड्डों पर बार-बार होने वाली और असूचित घटनाएं एक चिंता पैदा करती हैं। सवाल। उद्योग किस दिशा में जा रहा है? यात्री टर्मिनल शुल्क का भुगतान करने के बदले इन हवाई अड्डों से एक यात्री को वास्तव में क्या मिलता है? एयरलाइंस अपने दायित्वों को कैसे संभालती हैं? यात्रा को सुरक्षित और कम तनावपूर्ण बनाने के लिए क्या किया जा रहा है? भारत में हवाई अड्डे और एयरलाइंस स्पष्ट रूप से उस स्तर की सेवा प्रदान नहीं करते हैं जिसकी उनसे अपेक्षा की जाती है। यात्रा का तनाव शुरू होता है और जारी रहता है क्योंकि हवाईअड्डे जमीनी परिस्थितियों को कैसे संभालते हैं। दुनिया के व्यस्ततम या सर्वश्रेष्ठ हवाई अड्डे होने के उदात्त उपाधियों और ख्याति की आवश्यकता किसे है? यात्री अधिक कुशल हवाई अड्डे को पसंद करेंगे! व्यस्ततम हवाई अड्डे से केवल ऑपरेटर को लाभ होता है, ग्राहक को नहीं।

हमारे वैभवशाली हवाईअड्डों पर विचार करें, जो उल्टे भले ही एक क्रांति का सूत्रपात करते प्रतीत होते हैं। कई आधुनिक हवाई अड्डों की भव्य प्रकृति के बावजूद, अक्षमता व्यापक प्रतीत होती है। लोगों को यात्रा करने के तरीके को बदलने के लिए विमानन बनाया गया था, जिससे उन्हें अन्य तरीकों से कम समय में लंबी दूरी की यात्रा करने की अनुमति मिल सके। हवाई अड्डे इस सिद्धांत में सेंध लगाते दिखाई देते हैं। वे अधिकांश यात्रियों का बहुमूल्य समय और ऊर्जा बर्बाद करते हैं। घरेलू यात्रा के लिए भी एयरलाइंस और एयरपोर्ट ने 2-3 घंटे का रिपोर्टिंग टाइम तय किया है। यह एक अस्वीकार्य कदम है। क्या यह अजीब नहीं है कि इतने समय में कोई विदेशी तट पर उतर सकता है? ग्राहक को केंद्र में रखे बिना एयरलाइंस और हवाई अड्डे के संचालकों द्वारा स्थापित किए गए पैमाने केवल स्वयं-सेवा कर रहे हैं। विडंबना और समान रूप से आकर्षक यह है कि कैसे तकनीक उस बिंदु तक उन्नत हो गई है जहां यह पता लगा सकती है कि क्या किसी के दिल के वाल्व की मरम्मत की जरूरत है, जबकि हवाई अड्डे की एक्स-रे मशीनें अभी भी बैग के माध्यम से नहीं देख सकती हैं और हमें इसके बजाय पुरानी प्रक्रिया से गुजरने के लिए मजबूर करती हैं।



केबिन सामान के साथ-साथ हमारे जैकेट, बेल्ट, जूते और मोजे से सामान निकालना। इस तरह की नासमझ जांच किसी भी सभ्य प्रक्रिया का अपमान है। यह सार्वजनिक अपमान का एक रूप है जिसे हम सभी आवश्यक रूप से स्वीकार करने लगे हैं। क्या हम यह कह रहे हैं कि तैनात आदमी और मशीन एक-दूसरे के प्रति इतने शंकालु हैं कि वे इस बात की दोबारा जांच करना चाहते हैं कि यात्री किसी मिशन पर अपराधी तो नहीं है? यह पुरुषों और मशीनों दोनों की क्षमताओं पर सवाल उठाता है। एक्स-रे मशीनों के संचालक उन वस्तुओं या इलेक्ट्रॉनिक्स से अपरिचित हैं जिन्हें ठीक से संभाला जाना चाहिए। हम में से कई लोगों ने हाल के वर्षों में हवाईअड्डे के सामान्य वातावरण को बिगड़ते देखा है। टेढ़ी-मेढ़ी रेखाएं और तंग क्वार्टर आपको सिरदर्द देते हैं, लेकिन हवा के संचलन की कमी स्थिति को बढ़ा देती है। दिल्ली में कड़ाके की ठंड में, लाइनों को नेविगेट करते समय कोई भी आसानी से अपनी जैकेट में पसीना बहा सकता है। यात्रियों के लिए इससे क्या फायदे हैं?

व्यावहारिक समाधान, जैसे चेक-इन और सुरक्षा क्षेत्रों के अंदर यात्रियों या भीड़ के आकार को साफ करने में लगने वाले अनुमानित समय को प्रदर्शित करना फायदेमंद हो सकता है। यात्रियों के तनाव के स्तर को कम किया जा सकता है यदि वे वास्तविक समय में एयरलाइन या गंतव्य प्रस्थान के क्रम में साफ हो जाते हैं। बोर्डिंग के अंत तक यात्री पूरी तरह से अपने दम पर है। इसके बजाय, यह एयरलाइन और हवाईअड्डा संचालकों की जिम्मेदारी होनी चाहिए कि वे हवाईअड्डे के अंदर आने के बाद ग्राहक को अपना लें और टिकट की कीमत और उसके द्वारा भुगतान किए गए करों के बदले में अपनी यात्रा को सुरक्षित, सुरक्षित और परेशानी मुक्त बनाएं। किसी भी सेवा प्रदाता से न्यूनतम यही अपेक्षा की जाती है।

एक यात्री को कष्ट क्यों दिया जाना चाहिए क्योंकि वह एक विशिष्ट एयरलाइन उड़ा रहा है और अन्य एयरलाइनों के साथ सार्डिन की तरह बंच है जिसकी उस समय अधिकतम क्षमता है? अनिवार्य रूप से, प्रत्येक एयरलाइन यात्री को एक ही खरगोश छेद से क्यों गुजरना चाहिए? ये पैसे बचाने के एकमात्र उद्देश्य के साथ एक अलग युग के लिए डिज़ाइन की गई प्रणालियां हैं। यह उन प्रक्रियाओं की समीक्षा करने का समय है जो घर्षण और तनाव पैदा करते हैं और उन्हें समाप्त करते हैं। हम खामोश हवाई अड्डे नहीं चाहते, हम उत्साहित हवाईअड्डे चाहते हैं। हवाईअड्डे जो ग्राहकों की जरूरतों के प्रति सचेत हैं और जो व्यावहारिक हैं। हम ऐसे हवाईअड्डे चाहते हैं जो यात्री के टर्मिनल में प्रवेश करने से लेकर प्रस्थान करने तक गति, दक्षता और देखभाल प्रदान करें।

काश, एयरपोर्ट संचालक और एयरलाइंस इन मुद्दों पर ध्यान नहीं दे रहे होते। लापरवाही और हवाई रोष हवाईअड्डे, एयरलाइंस और हितधारकों के टूटे, लापरवाह और हाथों से दूर रहने वाले रवैये का प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष परिणाम है।

## आप की बात

### खेलो इंडिया

**प्रदेश** में खेलो इंडिया का शुभारंभ हो गया है । भारत सरकार की पहल पर सन 2017 में खेलो इंडिया खेल का श्री गणेश हुआ था। अब इन खेलों में जमीन से जुड़े हुए खेलों की संख्या 30 से अधिक हो गई है। जिसमें स्कूली व यूनिवर्सिटी के बच्चे खेलों में भाग लेकर आगे कदम बढ़ा रहे हैं। खेलो इंडिया एक ऐसा प्लेटफार्म है जिसके माध्यम से भिन्न-भिन्न प्रकार के खेलों से ऐसी कई प्रतिभाएं राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपना प्रदर्शन करेगी जो निश्चित ही एशियाड ओलंपिक व अन्य स्पर्धाओं में देश का नाम रोशन करेगी व इनसे एशियाड और ओलंपिक जैसे खेलों में पदकों की संख्या बढ़ेगी । 2017 से पहले जो खेल हाशिए पर जा रहे थेए अब खेलो इंडिया स्पर्धा के बाद वे पुनर्जीवित हो चुके हैं। यह भारत सरकार की दृढ़ इच्छाशक्ति का परिणाम है कि आज खेलो इंडिया खेलों की धूम प्रदेश ही नहीं पूरे देश में है। यह एक ऐसा मील का पत्थर है जो भविष्य में देश के नाम रोशन करने वाले खिलाड़ियों की नई-नई पौध को प्रोत्साहित करेगा । खेलों को प्रोत्साहन देने से युवाओं व किशोरों में नशाखोरी व नेट के अत्यधिक उपयोग जैसी बुराइयों से मुक्ति पाने में सहायता मिलेगी तथा समाज व देश की समस्यायें हल करने की टीम भावना जाग्रत होगी।

**हेमा हरि उपाध्याय,** उज्जैन

### फिलिस्तीन समस्या

**अमेरिकी** विदेश मंत्री ऐंटनी ब्लिंकन जब तेलअवीव पहुंचे तो लगा शायद वे फिलिस्तीन व इस्राइल के बीच तनाव घटाने आए होंगे। वे येरुसलेम,पश्चिमी तट और रामल्ला गए। बेंजामिन नेतन्याहू से शांति बरतने की अपील की। महमूद अब्बास से इस्राइली बस्ती बसाये जाने पर चिंता व्यक्त की। उन्होंने वही पुराना राग दोहराया कि समस्या का समाधान दो राज्यों की नीति में है। संयुक्त राष्ट्र ने भी इसे समस्या का एकमात्र समाधान बताया था। मगर इसराइल ने इसे सिरे से खारिज कर दिया था। क्योंकि इसका अर्थ हथियाई भूमि खाली करना होगा। लेकिन यह संभव नहीं लगता है। 13 सितंबर 1993 को इजरायल के प्रधान मंत्री यित्जाक राबिन और पीएलओ के वार्ताकार महमूद अब्बास ने व्हाइट हाउस में आमतौर पर ओस्लो समझौते के रूप में संदर्भित अंतरिम स्वशासन व्यवस्था पर सिद्धांतों की घोषणा पर हस्ताक्षर किए थे। नेतन्याहू ने 1996 में सत्ता संभालते ही इस समझौते को रद्दी की टोकरी में फेंक दिया। इस्राइल में पुन: प्रधानमंत्री बनने के बाद नेतन्याहू शायद और कट्टर हो गए हैं। ऐसे में फिलिस्तीनी समस्या का समाधान अब और जटिल हो गया है।

**जंग बहादुर सिंह,** जमशेदपुर

### लाभदायक कड़कनाथ

**अभी** हाल ही में क्रिकेट खिलाड़ी महेन्द्र सिंह धोनी कड़कनाथ प्रजाति की और आकर्षित हुए। मुर्गे की कड़कनाथ प्रजाति को जीआई टेग मिल चूका है। इस प्रजाति के रोजगार को बढ़ावा देने की आवश्यकता है। कड़कनाथ में भरपूर प्रोटीन के साथ ही फैट व कोलेस्ट्रॉल कम होता है। एक जानकारी के मुताबिक यह मुर्गा अन्य प्रजातियों के मुर्गो से बेहतर और महंगा होता है तथा इसकी तासीर गर्म होती है। इसलिए इसका सेवन ठंड में लाभकारी होता है। इसमें कोलेस्ट्रोल की मात्रा बहुत कम होती है तथा यह विटामिनों से भरपूर रक्त, हड्डियों व गहरे काले रंग का होता है। वैसे इसकी संकर प्रजातियों के रंग अलग हो सकते हैं। मध्यप्रदेश के झाबुआ और आलीराजपुर आदि जिलों के अलावा छत्तीसगढ़ की जलवायु इसके लिए हितकारी है। कड़कनाथ मुर्गा पालन केंद्र अन्य जिलों के क्षेत्रो में स्थापित कर एवं ऐप के जरिए कड़कनाथ क्षेत्र को रोजगार हेतु बढ़ाने हेतु प्रयत्न करना होगा। कड़कनाथ के प्रोत्साहन से इस क्षेत्र के आदिवासियों को बेहतर रोजगार मिलेगा व उनकी आर्थिक स्थिति बेहतर होगी।

**संजय वर्मा,** धार


**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से pioneerhry@gmail.com पर भी भेज सकते है।**

## फरमाया



**कांग्रेस** कहीं नहीं है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा केवल अपने उद्देश्य के बारे में भ्रम पैदा करती है।

– **राकेश सिन्हा**
भाजपा नेता



**मैंने** यह यात्रा अपने या कांग्रेस के लिए नहीं की है। यह देश की जनता के लिए है।

– **राहुल गांधी**
कांग्रेस नेता



**मैं** आपको विशाखापट्टनम में आमंत्रित करता हूं जो आने वाले दिनों में हमारी राजधानी होगी।

– **वाई.एस. जगन रेड्डी**
आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री

# स्वस्थ शरीर से ही होता है सेहतमंद मस्तिष्क का विकास : बीडी गाबा

### लेमन रेस में कोमलप्रीत, तिलेशा व सोनम रही प्रथम

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


प्रतियोगिता में भाग लेते विद्यार्थी।


प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य बीडी गाबा।

**नवयुग** सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वार्षिक खेलकूद समारोह पूरे जोर शोर से मनाया गया। समारोह का शुभारंभ प्रधानाचार्य बीडी गाबा के द्वारा मां सरस्वती के सम्मुख दीप प्रज्ज्वलित करने से हुआ।

सबसे पहले प्रतिभागी छात्र एवं छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज हाथ में लेकर मार्च पास्ट किया। प्रधानाचार्य द्वारा आकाश में हरे, सफेद और केसरिया रंग के गुब्बारे छोड़कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। यह स्पोर्ट्स मीट कक्षा नौवीं से बारहवीं के विद्यार्थियों की दो वर्गों में करवाई गई। प्रथम वर्ग को अंडर-17 में रखा गया। जिसमें कक्षा नौवीं तथा दसवीं के विद्यार्थियों ने भाग लिया। दूसरे वर्ग में अंडर-19 के अंतर्गत कक्षा 11वीं तथा 12वीं के बच्चों ने भाग लिया। इन खेलों में लड़कों और लड़कियों ने बराबर भाग लिया। इसके अंतर्गत 100 मीटर,200 मीटर, 400 मीटर, 800 मीटर, रीले रेस, थ्री लेग रेस, स्लो साइक्लिंग, लेमन रेस, हर्डल रेस और वॉलीबॉल मैच आदि करवाए गए। अंडर-17 की 100 मीटर दौड़ में लड़कों में इस्लाम, शिवम, जयपाल और लड़कियों में पलक, भावना, सिमरन ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। 200 मीटर रेस में सिमरन, साक्षी, जयपाल, नीरज, पारस ने अपनी जगह बनाई। इसी तरह 400 मीटर में आदित्य, राहुल, कृष ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया। स्लो साइक्लिंग में मोहित, सागर, सूरज और लेमन रेस में सोनिया, वंशिका, मुस्कान तथा हर्डल रेस में सतीश, हिमांशु, अमन ने शानदार प्रदर्शन किया। अंडर-19 में भी विद्यार्थियों का प्रदर्शन जोरदार रहा। 100 मीटर रेस में मिस्बा, खुशी, भूमि, कुणाल, अनखवीर, जशनप्रीत ने प्रथम, द्वितीय तथा तृतीय स्थान प्राप्त किया।

200 मीटर में प्रीति, आरती, सानिया तथा लेमन रेस में कोमलप्रीत, तिलेशा, सोनम ने अपनी जगह बनाई। इसी के साथ-साथ कक्षा 11वीं व 12वीं के छात्रों के बीच बहुत ही रोमांचक वॉलीबाल मैच हुआ जिसमें ग्रुप बी के छात्रों ने जीत हासिल की। सभी वर्गों में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान लेने वाले विद्यार्थियों को प्रधानाचार्य बीडी गाबा, प्रबंधक विकास, उप-प्रधानाचार्य रिद्धिमा एवं कोर्डिनेटर रितु द्वारा प्रमाण-पत्र व मैडल पहना कर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिताएं विद्यालय के डीपीई जसमेर सिंह की देखरेख में सम्पन्न हुई।

## रोहतक टेंपो यूनियन के मुंशी-ड्राइवर को मारी गोलियां

**चंडीगढ़।** हरियाणा के रोहतक में दिल्ली रोड स्थित आईएटी की भाईचारा टेंपो यूनियन कार्यालय में मुंशी और ड्राइवर पर बदमाशों ने ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। बाइक सवार अज्ञात दो-तीन बदमाशों ने इस वारदात को अंजाम दिया।

गोली लगने से गंभीर घायल मुंशी और ड्राइवर को पीजीआई में दाखिल कराया गया है। वहीं वारदात की सूचना मिलते ही एएसपी सांपला मेधा भूषण पुलिस दलबल के साथ मौके पर पहुंची। मामले की जांच शुरू कर दी है।पुलिस के मुताबिक करीब 12 बजे सूचना मिली कि आईएटी में दी भाईचारा टेंपो यूनियन में फायरिंग हुई है। जहां पाकस्मा निवासी सुरेश राणा मुंशी और बलियाना निवासी रामनिवास ड्राइवर के तौर पर कार्यरत हैं। अचानक बाइक पर दो-तीन युवक आए और कार्यालय के अंदर अंधाधुंध फायरिंग कर दी।

# खेलों में होती है ऊंचा कॅरियर बनने की संभावना: राजीव जैन

### धैर्य एवं अनुशासन के मूल मंत्र को जीवन में अपनाना होगा

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



पदक विजेताओं का स्वागत करते राजीव जैन।

**खेलों** से बनता है, स्वस्थ शरीर एवं मन। स्वस्थ युवा ही होता है देश को मजबूत एवं सशक्त बनाने की नींव। खेलों में होती है ऊंचा कैरियर बनने की संभावना। बस हमें अपने जीवन का लक्ष्य तय करने। उसे पाने के लिए मेहनत, लगन, धैर्य एवं अनुशासन के मूल मंत्र को जीवन में अपनाना होगा। उक्त विचार मुख्यमंत्री के पूर्व मीडिया सलाहकार एवं वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने दिल्ली में आयोजित मिस्टर एण्ड मिस इण्डिया भारोतोलन प्रतियोगिता के विजेताओं को सम्मानित करने के बाद व्यक्त किये। पदक विजेता सागर 83 किलो ग्राम जूनियर मैन में प्रथम स्थान, राहुल 83 किलो ग्राम द्वितीय स्थान, सावन 83 किलो ग्राम तृतीय स्थान पर जीत कर आये। राजीव जैन एवं उपस्थित ग्रामीणों ने सभी का स्वागत भी नोटों की माला पहनाकर किया।

राजीव जैन ने कहा कि हरियाणा खेल एवं खिलाड़ियों की धरती है, विशेषकर सोनीपत खेलों का हब बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के खिलाड़ियों ने ओलंपिक, एशियाड खेलों जैसी प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन किया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने के लिए करोड़ों रुपये के ईनाम के साथ-साथ खिलाड़ियों की नई पौध तैयार करने के लिए पदक विजेता खिलाड़ियों को खेल विभाग में नौकरी ले रही है। सरकार खेलो इण्डिया के माध्यम से खिलाड़ियों को प्राथमिक स्तर पर ही प्रोत्साहित करने का काम कर रही है।

# ठेकेदार पकड़े गए बंदरों के साथ कर रहा अत्याचार : फाउंडेशन

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत



**नगर** निगम सोनीपत द्वारा बंदर पकड़ने का ठेका जिस ठेकेदार को दिया गया है। उसने कुछ बंदर पिछले कई दिनों से पिंजरों में कैद कर शम्भू दयाल स्कूल में छोड़ रखे है, यहां स्थानीय निवासी सुरेश सिंगला ने बताया कि एक-एक पिंजरे में कई-कई बंदर रोक रखे है। जिनका आपस में झगड़ा भी होता है और कई बंदर लहूलुहान हो चुके है। इनको खाने को भी कुछ नहीं दिया जा रहा। आज सुरेश सिंगला ने बंदरों को अपने खर्च से पूरी बनवाकर तथा दस दर्जन केले डाले। सेफ इंडिया फाउंडेशन के प्रधान संजय सिंगला ने निगम आयुक्त से इस बारे में संज्ञान लेने के लिए पत्र लिखा।

संजय सिंगला का कहना है कि निगम को ठेकेदार को हर पिंजरे में गिनती के ही बंदर रोकने की हिदायत देनी चाहिए। साथ में एक नोडल अधिकारी नियुक्त करना चाहिए। जिसकी देखरेख में इन बंदरो कों खाना रखा जाये।

# जनवरी का राशन मिल सकेगा सात तक : अनिल वर्मा

पायनियर समाचार सेवा। कुरुक्षेत्र


सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा जानकारी देते हुए।

**सहायक** खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा ने बताया कि राज्य सरकार ने जनहित में निर्णय लिया है कि जनवरी माह का राशन 7 फरवरी तक मिल सकेगा। इस निर्णय संबंधी एक पत्र निदेशक खाद्य, नागरिक आपूर्ति व उपभोक्ता मामले हरियाणा के चंडीगढ़ मुख्यालय द्वारा राज्य के सभी जिला नियंत्रकों को भेज कर इस निर्णय अनुसार कार्यवाही करने बारे आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। अनिल वर्मा ने बताया कि इस निर्णय को अमलीजामा पहनाने के उद्देश्य से जिला खाद्य व आपूर्ति नियंत्रक सुरेंद्र सैनी के निर्देशानुसार जिले के सभी केंद्रों पर डिपो धारकों को उपभोक्ताओं को जनवरी माह का राशन 7 फरवरी तक देने बारे आवश्यक आदेश दे दिए गए हैं। इसके अतिरिक्त सभी केंद्रों के अधीनस्थ डिपो पर अभी जनवरी माह का राशन दिया भी जा रहा है।

सहायक खाद्य व आपूर्ति अधिकारी अनिल वर्मा ने बताया कि सरकार का यह निर्णय पूरी तरह से जनहित में है और इससे उन गरीब उपभोक्ताओं को लाभ मिल रहा है, जो उपभोक्ता 31 जनवरी तक किसी कारणवश अपना सरकारी राशन लेने से वंचित रह गए थे। इसके अलावा कुछ केंद्रों पर सर्वर समस्या के कारण पीओएस मशीनों के न चलने से भी राशन निकलने में दिक्कत आ रही थी, अब इस निर्णय से गरीब उपभोक्ताओं को प्रत्यक्ष लाभ मिला है। इस अवसर पर खाद्य व आपूर्ति निरीक्षक प्रवीण कुमार, बृजमोहन, रिंकू, लवनीश, संदीप, कुलदीप, रिंकू, प्रदीप,अंकुर, जगबीर, मंजू, उप-निरीक्षक शैलेंद्र, आनंद, अशोक, रोहित ने भी इस जनहित के निर्णय के लिए सरकार का धन्यवाद किया।

# कारपोरेट घरानों का हित साधने वाला बजट : मंच

**कुरुक्षेत्र।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा वर्ष 2023-24 के लिए पेश किया गया बजट देश के पूंजीपतियों और कारपोरेट घरानों का हित साधने वाला बजट है। इस बजट में भयंकर महंगाई और बेरोजगारी से त्रस्त जनता के लिए कोई राहत नहीं दी गई है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण इस बजट को अमृत काल का पहला बजट, विकसित भारत के संकल्प और गरीबों एवं मध्यम वर्ग का बजट बता रहे हैं। मोदी सरकार के इस बजट में अमृत देश के कारपोरेट घरानों और पूंजीपतियों के हिस्से में देने की व्यवस्था की गई है और जनता के हिस्से में महंगाई व बेरोजगारी का जहर ही आया है। शिक्षा बजट 2.64 फीसद से घटाकर 2.5 फीसद किया जाना, स्वास्थ्य बजट 2.2 फीसद से घटाकर 1.98त्न किया जाना साफ दशार्ता है कि सरकार को जनता के शिक्षा व स्वास्थ्य की कितनी चिंता है। सार्वजनिक सरकारी संस्थानों का 51 हजार करोड़ रुपये का विनिवेश करके पूंजीपतियों को देने से पूंजीपति खुश हैं।

### डीसी ने सूर्य नमस्कार कार्यक्रम को लेकर निर्देश

# विवि प्रांगण में 10 हजार छात्र-छात्राएं एक साथ सूर्य नमस्कार करेंगे

पायनियर समाचार सेवा। सोनीपत


सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के समापन को लेकर बैठक लेते डीसी।


**आजादी** का अमृत महोत्सव के तहत आजादी की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 जनवरी से 14 फरवरी तक आयोजित किये जा रहे सूर्य नमस्कार अभियान के लिए 75 लाख सूर्य नमस्कार का लक्ष्य निर्धारित किया गया। जिसके समापन समारोह का आयोजन 14 फरवरी को भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय खानपुर कलां में किया जाएगा। उपायुक्त ललित सिवाच ने कहा कि सूर्य नमस्कार अभियान के समापन समारोह में करीब 10 हजार छात्र-छात्राएं एक साथ सूर्य नमस्कार करेंगे।

सूर्य नमस्कार कार्यक्रम के समापन समारोह के सफल आयोजन के लिए सभी अधिकारीगण एकजुटता व बेहतरीन तालमेल के साथ ड्यूटी का निर्वहन करें। अभियान का समापन सोनीपत में किया जाएगा। जिसके सफल आयोजन की तैयारियों के दृष्टिगत गुरूवार को लघु सचिवालय में संबंधित अधिकारियों तथा योग से जुड़े संस्थानों के पदाधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपायुक्त ललित सिवाच ने कार्यक्रम की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि यह एक बड़ा आयोजन है, जिसमें सबको मिल-जुलकर काम करना होगा। जिस अधिकारी-कर्मचारी को जो ड्यूटी दी जाए। उसका निर्वहन पूर्ण ईमानदारी व कर्मठता के साथ करें।

उपायुक्त सिवाच ने कहा कि सूर्य नमस्कार के लिए शिक्षण संस्थानों में सूर्य नमस्कार का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। समापन समारोह में विशेष रूप से शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों को शामिल किया गया है, जो एक साथ सूर्य नमस्कार करेंगे। इसके लिए हर प्रकार की बेहतरीन व्यवस्थाएं की जाए, ताकि विद्यार्थियों को कोई भी परेशानी न हो। आयोजन स्थल पर भी सभी प्रकार की उचित व्यवस्थाएं करें। पेयजल व शौचालय की समुचित व्यवस्था करें। कानून एवं व्यवस्था बनाये रखने के पर्याप्त बंदोबस्त करें। साफ-सफाई के साथ एंबुलेंस, ट्रांसपोर्टेशन, विद्युत आपूर्ति, मंच, साउंड आदि हर प्रकार की व्यवस्थाओं के लिए उन्होंने दिशा-निर्देश दिए। उपायुक्त सिवाच ने कहा कि खुद को स्वस्थ रखने के लिए हमें योग को जीवन में अपनाना चाहिए। करो योग रहो निरोग को जीवन में चरितार्थ करें, ताकि अपना और अपने परिजनों का स्वास्थ्य बेहतरीन रख सकें। योग को हमें अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाना चाहिए। नियमित रूप से योग करने वाला व्यक्ति खुद को स्वस्थ रख सकता है। तन-मन को स्वस्थ रखने के लिए नियमित रूप से योग करना चाहिए। सूर्य नमस्कार भी योग का प्रमुख हिस्सा है, जिसमें कई प्रकार के योगासन शामिल है। यदि हम रोजाना सूर्य नमस्कार भी करें तो भी खुद को स्वस्थ रख सकते हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### हॉकी खिलाड़ी साक्षी राणा का भारतीय हॉकी टीम में चयन



हॉकी खिलाड़ी साक्षी राणा।

**सोनीपत।** लिटल एंजल्स की हॉकी खिलाड़ी साक्षी राणा साऊथ अफ्रीका में 17 फरवरी 2023 से 25 फरवरी 2023 तक होने वाली प्रतियोगिता में भारत देश का प्रतिनिधित्व करेगी। साक्षी राणा लिटल एंजल्स स्कूल सोनीपत की कक्षा 11वीं की छात्रा है। साक्षी के भारतीय टीम में चयन होने पर साक्षी राणा के अभिभावकों ने कहा कि कोच प्रीतम व स्कूल प्रशासन के अत्याधिक मेहनत व सहयोग होने से ही साक्षी इतनी कम उम्र में भारतीय टीम में चयनित हुई है। विद्यालय के चेयरमैन तरसेम कुमार गर्ग, सेक्रेटरी डॉ. विशाल गर्ग व विद्यालय की प्रधानाचार्या आशा गोयल ने साक्षी राणा को बधाई दी और उसको भविष्य में भी बेहतर खेल प्रर्दशन के लिए प्रेरित किया।

### स्वस्थ रखने वाले पोषक तत्वों की शरीर में भूमिका अहम


कार्यशाला में छात्राओं को संबोधित करते मुख्य वक्ता।

**कुरुक्षेत्र/शाहाबाद।** आर्य कन्या महाविद्यालय में आयोजित 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के तहत सात दिवसीय योग कार्यशाला में चौथे दिन डॉ संजीव अरोड़ा, रसायन विभाग, कुरुक्षेत्र ने बतौर मुख्य वक्ता शिरकत की। सर्वप्रथम महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. आरती त्रेहन ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर उनका स्वागत किया। मुख्य वक्ता ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि शरीर को स्वस्थ रखने वाले पोषक तत्वों में विटामिंस व मिनरलस की भूमिका अहम होती है। उन्होंने विभिन्न प्रकार के विटामिंस व मिनरल्स की न केवल विस्तार में चर्चा की बल्कि उनके स्त्रोतों व फायदों से भी सबको अवगत करवाया। तत्पश्चात कार्यशाला प्रभारी डॉ. सोनिया मलिक ने मुख्य वक्त का धन्यवाद किया। इस कार्यशाला में 70 छात्राओं व शिक्षकों ने प्रतिभागिता की। कार्यशाला में संजुल गुप्ता, संतोष, कुशा गुप्ता, राजिन्द्र कौर, किरण खेवरिया व स्पोर्टस कमेटी के सभी सदस्य उपस्थित रहें।

# किसान 15 फरवरी तक करवाएं मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन

पायनियर समाचार सेवा। करनाल



**कृषि** एवं किसान कल्याण विभाग के उप कृषि निदेशक डॉ. आदित्य प्रताप डबास ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि वे मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर पंजीकरण के लिए गांवों का नियमित दौरा करें और उपमंडल के किसानों को फसल पंजीकरण के लिए प्रोत्साहित करें। गांवों में विभिन्न माध्यमों के जरिये किसानों को इस पोर्टल पर फसल पंजीकरण की संपूर्ण जानकारी दी जाए। उन्होंने किसानों का आह्वान किया कि वे 15 फरवरी तक मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण अवश्य करें।

उन्होंने कहा कि आजादी अमृत महोत्सव के तहत रबी की फसल को समर्थन मूल्य पर बेचने के लिए इस पोर्टल पर किसानों का पंजीकरण करवाना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा किसानों की सुविधा के लिए पोर्टल की शुरुआत की गई है,जिस पर फसलों का पंजीकरण करवाने के अनेक फायदे भी हैं। उन्होंने बताया कि मेरी फसल-मेरा ब्यौरा सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है, जोकि पूरी तरह किसानों के हित में है।

### पोर्टल पर भूमि का विवरण, बोई फसल को दर्ज करवाना अनिवार्य

किसानों को अपनी भूमि का विवरण, बैंक खाता संख्या एवं बोई गई फसल का विवरण मेरी फसल-मेरा ब्यौरा पोर्टल पर दर्ज करवाना होता है। राज्य सरकार द्वारा क्रियान्वित की जा रही विभिन्न योजनाओं को भी इस पोर्टल के माध्यम से ही लागू किया जा रहा है। जिसके चलते अब फसल पंजीकरण कराना बेहद जरूरी है। उपायुक्त ने बताया कि किसान अपनी फसलों का पंजीकरण फसल डॉट हरियाणा डॉट जीओवी डॉट इन पोर्टल पर जाकर कर सकते है।

इसके अलावा किसान ऑनलाइन या नजदीकी अटल सेवा केंद्र पर जाकर भी पंजीकरण करवा सकते है। इस संदर्भ में अधिक जानकारी के लिए कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के टोल फ्री नम्बर 1800-180-2117 पर भी सम्पर्क किया जा सकता है। किसान अपनी फसल का पंजीकरण करवाते समय मोबाइल पास रखें।

# भाजपा भ्रष्ट जुमला पार्टी: त्रिलोचन सिंह

पायनियर समाचार सेवा। करनाल

### हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता करें मेहनत



**करनाल** कांग्रेस ने हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरूआत कर दी है। अभियान का पहला कार्यक्रम परमजीत भारद्वाज द्वारा विकास कालोनी रांवर रोड में आयोजित किया गया। मुख्य रूप से करनाल जिला संयोजक त्रिलोचन सिंह, पूर्व अध्यक्ष अशोक खुराना, युवा अध्यक्ष मनिंद्र शंटी व रानी कांबोज ने शिरकत की। मीटिंग में मौजूद कार्यकर्ताओं को राहुल गांधी द्वारा देश की जनता के नाम जारी किए गए पत्र व भाजपा की पोल खोलने वाले पत्र सौंपे गए। कार्यकर्ता बूथ स्तर पर इन पत्रों को जन-जन तक पहुंचाने का काम करेंगे। राहुल गांधी के संदेश को हर व्यक्ति तक पहुंचाया जाएगा। मीटिंग में पहुंचे कार्यकर्ताओं को हाथ से हाथ जोड़ो अभियान का मकसद समझाया गया।

त्रिलोचन सिंह ने कहा कि भाजपा भ्रष्ट जुमला पार्टी है। भाजपा की सरकारें कुछ का साथ, खुद का विकास और सबके साथ विश्वासघात को सिद्धांत बनाकर काम कर रही हैं।

**त्रिलोचन** सिंह ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा को अपार जनसमर्थन देने पर राहुल गांधी ने देश की जनता का आभार व्यक्त किया। उन्होंने एक पत्र देश की जनता के नाम जारी किया है, जिससे कांग्रेस कार्यकर्ता घर-घर जाकर लोगों को भेंट करेंगे। पूर्व अध्यक्ष अशोक खुराना व युवा अध्यक्ष मनिंद्र शंटी ने कहा कि हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ता दिन-रात कार्य करें। लोगों के बीच जाकर भाजपा की जनविरोधी नीतियों की पोल खोलनी होगी। परमजीत भारद्वाज व रानी कांबोज ने कहा कि भारत जोड़ो यात्रा की तरह हाथ से हाथ जोड़ो अभियान इतिहास रचेगा।

रोजगार के नाम पर युवाओं के साथ सबसे बड़ा विश्वासघात किया गया। सालाना दो करोड़ नौकरियां का जुमला दिया गया। मोदी राज में पढ़ाई तीन गुणा महंगी हो गई है। किसानों के साथ भी केंद्र सरकार ने धोखा किया। इसके चलते किसान आए दिन सड़कों पर उतरने को मजबूर हो रहा है। उन्होंने कहा कि असल में भाजपा सरकारें लोकतंत्र का नाश कर रही है। लोग लोकतंत्र को बचाने के लिए कांग्रेस का साथ दें।

# न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी लिमिटेड ने लॉन्च की पे एज यू ड्राइव पॉलिसी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**न्यू** इंडिया एश्योरेंस (एनआईए) ने पे एज यू ड्राइव (पीएवाईडी) पॉलिसी लॉन्च की. यह एक क्रांतिकारी और विभिन्न तरह के फीचर्स से लैस एक सुविधाजनक प्रोडक्ट है। अगर वाहन पहले से निर्दिष्ट किलोमीटर से ज्यादा नहीं चला है तो ग्राहक छूट का लाभ उठाकर रिन्यूअल (नवीनीकरण) प्रीमियम पर अपने पैसों की बचत कर सकते हैं. यह छूट बेसिक ओन डैमेज प्रीमियम पर मिलती है.

अगर वाहन तय सीमा से ज्यादा चल जाता है तो भी पॉलिसी के बाकी बचे समय में कवरेज मिलेगी। ग्राहकों को तब भी रिन्यूअल पर छूट मिलेगी लेकिन थोड़ी कम। जीरो डेप्रिसिएशन, इंजन प्रोटेक्शन, रिटर्न टू इनवॉयस, रोड साइड असिस्टेंस जैसे ऐड-ऑन के जरिए पॉलिसी की कवरेज को और बेहतर किया जा सकता है. अतिरिक्त प्रीमियम के भुगतान के साथ यह उपलब्ध होगा।

प्रोडक्ट के लॉन्च को लेकर कंपनी की चेयरमैन सह मैनेजिंग डायरेक्टर नीरजा कपूर ने कहा, हमारी पीएवाईडी पॉलिसी अलग-अलग यूजर पैटर्न को ध्यान में रखकर सरल और लचीले प्रोडक्ट्स लॉन्च करने की ग्राहकों की लंबे समय से चली आ रही मांग को पूरी करती है।

हमारा प्रोडक्ट मार्केट में उपलब्ध उन कुछ विकल्पों में से एक है जो ग्राहकों को वाहन के रखरखाव पर होने वाले खर्च को मैनेज करने में मदद करता है। हमें विश्वास है कि इस प्रोडक्ट से वाहनों के इंश्योरेंस सेक्टर में एक नए युग की शुरुआत होगी। बेहतर अनुपालन को बढ़ावा मिलेगा जिससे सड़कों पर चल रहे अनइंश्योर्ड और अंडर इंश्योर्ड वाहनों से जुड़े जोखिम को कम करने में मदद मिलेगी।

# हिमालया वैलनेस कंपनी ने सरसों और चार आवश्यक औषधियों के गुणों से युक्त बेबी मसाज ऑयल लॉन्च किया

पायनियर समाचार सेवा। हिसार

### बिजनेस हेड-बेबीकेयर चक्रवर्ती एनवी ने कहा "बेबी मसाज ऑयल की हिमालया इंडियन है आयुर्वेदिक विधियों से प्रेरित

**भारत** के अग्रणी वैलनेस ब्रांड, हिमालया वैलनेस कंपनी ने हाल ही में हिमालया बेबी मसाज ऑयल के लॉन्च की घोषणा की, जो सरसों के गुणों से युक्त है। यह ऑयल चुनिंदा औषधियों और सामग्री से बनाया गया है, जो चिपचिपाहट रहित फॉर्मूला के साथ शिशु की स्किन को पोषण प्रदान करती हैं।

इसके अलावा ये मॉईस्चर को शिशु की स्किन में लॉक कर देती हैं, जिससे स्किन नरम और मुलायम बनी रहती है। चार औषधियों - एलोवेरा, वेटिवर, विंटर चेरी और कंट्री मैलो के गुणों को जब एक पारंपरिक ऑयल में मिलाया जाता है, तोवो खून का सर्कुलेशन बढ़ाते हैं, पेशियों को आराम देते हैं, और शिशु की वृद्धि में मदद करते हैं। हिमालया के बेबी मसाज़ ऑयल में पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक विज्ञान का बेहतरीन मिश्रण है, और यह ब्लनिक लिटेस्टेड है। इसे बनाने में पैराबंस, मिनरल ऑयल, और सिंथेटिक खुशबू का उपयोग नहीं किया गया है, जिसके कारण यह नवजात शिशुओं के लिए एक सुरक्षित स्किन केयर उत्पाद है।

इस लॉन्च के बारे में चक्रवर्ती एनवी, बिजनेसहेड-बेबीकेयर, हिमालया वैलनेस कंपनी ने कहा, "बेबी मसाज ऑयल की हिमालया इंडियन है रिटेज सीरीज सदियों पुरानी पारंपरिक आयुर्वेदिक विधियों से प्रेरित है, जो आपके शिशु की दिनचर्या में बॉडी मसाज (अभ्यंगा) के महत्व पर बल देती हैं।

इसके अलावा, मिले नियल अभिभावक अपने शिशुओं के लिए सामग्री और उत्पादों के इस्ते मालको लेकर ज्यादा सतर्क व जागरुक हो रहे हैं। वो अपने शिशुओं को सही पोषण देने के साथ कैमिकल के मामले में सुरक्षित उत्पादत लाशते हैं। इसलिए हमारा मानना है कि नया बेबी मसाज ऑयल, सरसों आज के अभिभावकों को बहुत पसंद आएगा। इस नए ऑयल के लॉन्च के साथ हम अभिभावकों को ऑल-इन-वन समाधान प्रदान करना चाहते हैं, जिसमें उन्हें अपने शिशुओं के लिए एक साफ-सुथरा अवक्षेपरहित विकल्प मिले।

विश्व के मुकाबले में हमारी विकास दर अच्छी

# हरियाणा की आर्थिक वृद्धि दर आठ फीसद

**पायनियर समाचार सेवा।** हरियाणा/चंडीगढ़

**मुख्यमंत्री** मनोहर लाल ने कैबिनेट की बैठक में 20 फरवरी से बजट सेशन बुलाने की मंजूरी दी। दो भागों में बजट सेशन रहेगा, पहले में राज्यपाल का अभिभाषण और बजट दूसरे भाग में बजट पर चर्चा होगी। मुख्यमंत्री ने कहा की केन्द्रीय बजट में चालू वित्त वर्ष की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 7 प्रतिशत दर्शाई गई, विश्व के मुकाबले में हमारी विकास दर अच्छी, हरियाणा की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 8 प्रतिशत है। केन्द्रीय बजट में वित्तीय घाटे की सीमा राज्य सकल घरेलू उत्पाद का 3 प्रतिशत तक तय की गई है, 2024-25 तक इसकी सीमा का लक्ष्य 5 फीसदी रखा गया, हम पहले ही वित्तीय घाटे को इससे कम रखने में सफल रहे। हमारा वित्त वर्ष 2021-22 का वित्तीय घाटा 2.9 प्रतिशत,मुझे विश्वास है,कि चालू वित्त वर्ष का घाटा भी इससे कम ही रहेगा।

## मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कैबिनेट की बैठक में 20 फरवरी से बजट सेशन बुलाने की मंजूरी दी

## कहा, केंद्रीय बजट 2023-2024 समावेशी और भविष्योन्मुखी



मुख्यमंत्री ने पत्रकार वार्ता में कहा की प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत मुफ्त अनाज देने की अवधि अगले एक साल के लिए बढ़ाई गई, हरियाणा के 29 लाख परिवारों को लाभ होगा। चंडीगढ़ में पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा कि केंद्रीय बजट 2023-2024 समावेशी और भविष्योन्मुखी है, जिसमें नौकरीपेशा लोगों, युवाओं, महिलाओं, पुरुषों और किसानों के सशक्तिकरण को ध्यान में रखा गया है। उन्होंने कहा कि यह बजट हरियाणा के लिए लाभकारी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा अपने पड़ोसी राज्यों की तुलना में बेहतर वित्तीय स्थिति में है। उन्होंने कहा कि केंद्रीय बजट में देश की चालू वित्त वर्ष की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 7 फीसदी दर्शाई गई है। जबकि हरियाणा की आर्थिक वृद्धि दर लगभग 8 फीसदी है, जोकि राष्ट्रीय औसत से भी अधिक है।

केन्द्रीय बजट के अनुसार देश में वर्ष 2014 से अब तक प्रति व्यक्ति आय दो गुणा से अधिक होकर 1.97 लाख रुपये हुई, हरियाणा की प्रति व्यक्ति आय लगभग 2 लाख 75 हजार रुपये हुई। मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने कहा की केन्द्रीय वित्त मंत्री ने कृषि क्षेत्र में डिजिटल भुगतान को बढ़ावा देने की बात की, हमने हरियाणा में पिछले 5 सीजन से किसानों को उनकी फसल बिक्री का डिजिटल भुगतान किया, अब तक किसानों के खातों में 63 हजार करोड़ रुपये का डिजिटल भुगतान किया गया। बजट में यूनिटी मॉल स्थापित करने का प्रावधान,इन मॉल्स में विशेष रूप से एक जिला-एक उत्पाद योजना के तहत स्थापित औद्योगिक इकाइयों के उत्पादों का विपणन किया जाएगा।

हम हरियाणा में इससे भी आगे बढ़कर एक ब्लाक-एक उत्पाद योजना चला रहे है, हम राज्य में यूनिटी मॉल्स खोलने के लिए केन्द्रीय बजट का पूरा लाभ उठाएंगे। मुख्यमंत्री बोले की बजट में गोवर्धन स्कीम के तहत 500 नए संयंत्रों की स्थापना करने का प्रावधान किया गया, हरियाणा में अम्बाला, चरखीदादरी, नूंह, रोहतक, रेवाड़ी, सिरसा तथा यमुनानगर में 7 प्लांट्स का निर्माण कार्य जारी है। आगामी वित्त वर्ष में करनाल, पलवल तथा कुरुक्षेत्र में 3 नये प्लांट्स स्थापित किए।मत्स्य पालन और बागवानी क्षेत्र को बढ़ावा या फिर एक करोड़ किसानों को प्राकृतिक खेती के साथ जोड़ने जैसे कई ऐसे निर्णय है जो हमारी कृषि व्यवस्था को और भी मजबूत करेंगे।

### हरियाणा में हैं छह सरकारी मेडिकल कालेज

**केन्द्रीय** बजट में वर्ष 2014 से अब तक स्थापित किये गये 157 मेडिकल कॉलेजों के साथ इतने ही नये नर्सिंग कॉलेज खोलने का प्रावधान किया गया, हरियाणा को भी इसका लाभ होगा और नर्सिंग कॉलेज खोलने के लिए पैसे मिलेंगे। राज्य में 6 सरकारी मेडिकल कॉलेज हैं, जिनके साथ नर्सिंग कॉलेज खोले जा रहे हैं।

### पीएम आवास में 23,000 मकान निर्माणाधीन

**मुख्यमंत्री** ने प्रेस वार्ता में कहा की केन्द्रीय बजट में प्रधानमंत्री आवास योजना के लिए 79 हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया। ऐसे सब परिवारों के लिए मकान बनाये जाएंगे। हमने अब तक इस योजना में 34 हजार से अधिक मकान बनाये हैं तथा 23,000 मकान निर्माणाधीन है।

# चंडीगढ़ के एसएसपी रहे आईपीएस कुलदीप चहल पर सीबीआई जांच



**हरियाणा/चंडीगढ़।** चंडीगढ़ के एसएसपी रहे आईपीएस कुलदीप चहल पर एक बड़ी खबर सुनने को मिल रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, आईपीएस कुलदीप चहल पर सीबीआई जांच शुरू की गई है। बताया जा रहा है कि, चहल पर भ्रष्टाचार के संबंध में यह कार्रवाई की जा रही है। ध्यान रहे कि, पंजाब के गवर्नर और चंडीगढ़ के प्रशासक बनवारी लाल पुरोहित कुलदीप चहल के आचरण को पहले ही गलत बता चुके हैं। पुरोहित ने एक लेटर जारी करते हुए कहा था कि अनाचरण के चलते ही चहल को चंडीगढ़ के एसएसपी पद से हटाया जा रहा है।

**कार्यकाल पूरा होने से पहले ही कर दी गई छुट्टी:** मालूम रहे कि, बीते 12 दिसंबर को चंडीगढ़ प्रशासन ने एक आर्डर जारी करते हुए कुलदीप सिंह चहल को चंडीगढ़ एस एस पी पद से हटा दिया था। कुलदीप सिंह चहल इस पद पर अभी अपना 3 साल का कार्यकाल पूरा नहीं कर पाए थे। मगर चंडीगढ़ प्रशासन ने उन्हें समय से पहले पंजाब कैडर वापिस भेज दिया। इस पूरी प्रक्रिया ने कई तरह के सवाल भी खड़े कर दिए थे कि आखिर अचानक ऐसा क्यों किया गया? हालांकि, बाद में पंजाब गवर्नर एवं यूटी के प्रशासक बीएल पुरोहित ने इसका जवाब दे दिया था। जो कि आपने ऊपर पढ़ ही लिया है।

**जालंधर के पुलिस कमिश्नर नियुक्त किए गए:** आपको बता दें कि, हाल ही में पंजाब सरकार ने आईपीएस कुलदीप सिंह चहल को जालंधर का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया है। चंडीगढ़ से लौटने के बाद चहल अपनी नई नियुक्ति का इंतजार कर रहे थे।

**आईपीएस कुलदीप सिंह चहल के बारे में?** पंजाब कैडर 2009 बैच के आईपीएस अफसर कुलदीप सिंह चहल की अगर बात करें तो उनकी क्राइम कन्ट्रोलिंग पर अच्छी पकड़ मानी जाती है। कुलदीप सिंह चहल की जहां भी पोस्टिंग हुई उन्होंने क्राइम पर लगाम लगाने को लेकर कई काम किए। साल 2020 में एसएसपी नीलांबरी जगदाले (पंजाब कैडर) के चंडीगढ़ से जाने के बाद कुलदीप चंडीगढ़ (यूटी कैडर) में केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर 3 साल के लिए बतौर एसएसपी आए थे। इससे पहले कुलदीप सिंह चहल मोहाली में एसएसपी थे।

**जहां एएसआई रहे, वहीं एसएसपी बनकर आए:** बता दें कि, कुलदीप चहल आईपीएस बनने से पहले चंडीगढ़ पुलिस में एएसआई हुआ करते थे। लेकिन उनकी लग्न और में मेहनत ने उन्हें इस काबिल बना दिया कि वह उसी चंडीगढ़ पुलिस में एस एस पी बनकर पोस्टेड हुए। चहल हरियाणा के जींद जिले के रहने वाले हैं। हाल ही में पंजाब सरकार ने कुलदीप को डीआईजी पद पर प्रोमोट किया था।

# वादाखिलाफी से खफा हजारों रोडवेज कर्मचारी करेंगे घेराव

**पायनियर समाचार सेवा।** हरियाणा/चंडीगढ

**परिचालकों** व लिपिकों का वेतनमान 35400 करने व लम्बित मांगों को लेकर 14 फरवरी को सभी डिपो पर धरना देंगे। और सरकार की वादाखिलाफी से खपा हजारों रोडवेज कर्मचारी 12 मार्च को परिवहन मंत्री आवास का घेराव करेंगे।पुरानी पेंशन स्कीम व परिवहन सेवा विस्तार के लिए बजट में प्रावधान नहीं करने से भारी निराशा है।

हरियाणा रोडवेज कर्मचारी सांझा मोर्चा के आह्वान पर परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान 35400 करने व लम्बित मांगों को लेकर रोडवेज कर्मचारी प्रदेश के सभी डिपो में 14 फरवरी को धरना देंगे। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन सम्बन्धित सर्व कर्मचारी संघ के प्रदेश अध्यक्ष इन्द्र सिंह बधाना, प्रदेश महासचिव सरबत सिंह पूनिया, वरिष्ठ उपप्रधान नरेन्द्र दिनोद, उप महासचिव नवीन राणा व बलबीर जाखड़, प्रैस प्रवक्ता श्रवण कुमार जांगड़ा, कार्यालय सचिव जयकुंवार दहिया ने प्रैस ब्यान में बताया परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान 35400 करने की मांग लम्बे अरसे से की जा रही है, परन्तु सरकार व विभाग के उच्चाधिकारी लम्बित मांगों को लेकर बिल्कुल भी गम्भीर नहीं है। बल्कि अर्जित अवकाश में कटौती करने आदि अधिकारों पर डाका डाला जा रहा है। जिससे रोडवेज कर्मचारी सरकार से खफा हैं। प्रांतीय नेताओं ने बताया परिचालकों व लिपिकों का वेतनमान 35400 करने, पुरानी पेंशन स्कीम बहाल करने, चालक-परिचालकों, निरीक्षकों व कर्मशाला कर्मचारियों के अर्जीत अवकाश पहले की तरह लागू करने, निजीकरण पर रोक लगाने, विभाग में 10 हजार सरकारी बसें शामिल करने, खाली पदों पर पक्की भर्ती करने, खाली पदों पर प्रमोशन करने, 5000 रुपए जोखिम भत्ता देने, एक माह के वेतन के समान सभी कर्मचारियों को बकाया 6 वर्षों के बोनस का भूगतान करने, 1992 से 2003 के मध्य लगे कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करने, 2016 में लगे चालकों को पक्का करने व सभी कर्मचारियों को हरियाणा सरकार के कलैंडर में दर्ज सभी सार्वजनिक अवकाश देने, रिटायरमेंट कर्मचारियों की फ्री यात्रा जारी रखने आदि मांगों को लेकर सांझा मोर्चा के आह्वान पर 12 मार्च को प्रदेश के हजारों रोडवेज कर्मचारी फरीदाबाद में परिवहन मंत्री आवास का घेराव करेंगे।

### परिवहन मंत्री आवास का 12 मार्च को घेराव करने की तैयारी में जुटे कर्मचारी

कर्मचारी नेताओं ने कहा केंद्र सरकार ने पुरानी पेंशन बहाली, सरकारी बसें बढ़ाने, सरकारी परिवहन सेवाओं का विस्तार करने,30 लाख खाली पदों पर स्थाई भर्ती करने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर बजट में बिल्कुल भी चर्चा नहीं करके व आयकर में ऊंट के मुंह में जीरे के समान छुट देकर कर्मचारियों व बेरोजगारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया है।

# विदेशी कलाकारों ने नृत्य कला का किया बेहतर प्रदर्शन

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



भजन की प्रस्तुति देते विदेशी कलाकार।

**राष्ट्रीय** प्रौद्योगिकी संस्थान एनआईटी के जुबली हॉल में विद्यार्थियों के अंदर बढ़ते तनाव को सहजयोग संगीत माध्यमों से स्ट्रेस मैनेजमेंट तथा उनमें उत्साह के संचार के लिए सांस्कृतिक संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में नृत्य-संगीत क्षेत्र के भजन आस्ट्रेलिया, आस्ट्रिया, कनाडा, चेक रिपब्लिक, फ्रांस, हंगरी, भारत, इण्डोनेशिया, ईरान, इटली, बेलारूस, रोमानिया, ताइवान, यूक्रेन, यूनाइटेड किंगडम, वियतनाम आदि देशों से 40 कलाकारों ने भारतीय भजन, नृत्य, कला का प्रदर्शन किया। इन कलाओं को आत्मबोध के एक साधन के रूप में विद्यार्थियों के सामने रखा। कार्यक्रम के दौरान सभी को डॉ. निर्मला देवी की सहजयोग विधि द्वारा आत्म साक्षात्कार दिया गया एवं विद्यार्थियों ने विदेशी सहजयोगी कलाकारों के कालिया मर्दन नृत्य का विशेष आनन्द लिया। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक डॉ. बी.वी. रमन रेड्डी मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे एवं उन्होंने कार्यक्रम के अंत में उपस्थित कलाकारों, वालंटियर्स को सम्मानित किया।

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान कुरूक्षेत्र में योगधारा कार्यक्रम का संयोजन डॉ. सरस्वती यादव द्वारा किया गया। सूत्रधार का दायित्व डॉ. सरस्वती यादव तथा जय कोटियान ने किया। कार्यक्रम के दौरान अधिष्ठाता/फाउंडर छात्र कल्याण डॉ. दीक्षित गर्ग, छात्र समिति प्रभारी प्रोफेसर प्रतिभा अग्रवाल, अन्य प्रोफेसर उपस्थित रहे। सहजयोग की तरफ से हरियाणा समन्वयक सन्दीप गौतम, कुरूक्षेत्र समन्वयक नरेंद्र कुमार, मीनाक्षी, आशुतोष गौड़, उर्निमा, मधु गौड़, मृगाक्षी, डॉ संजय सिंह, डॉ पूजा सिंह, रमेश कुमार, सुधीर कुमार, हेमा रानी, मानवी, महिंदर सिंह, सुरेश रानी, राज कौशिक, ईश्वर, सुरेंद्र कुमार, राजकुमार, बाला देवी, रेखा, मनीष, संदीप कुमार गौतम प्रदेश समन्वयक, दीपिका, इशिता, राणो विर्क आदि उपस्थित रहे।

# भारतीय योग संस्थान ने 270 को करवाया सूर्य नमस्कार

### सूर्य नमस्कार शारीरिक व मानसिक बल बढ़ाने के साथ-साथ तेज व बुद्धि को भी बढ़ाता है : गुलशन ग्रोवर

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र



भारतीय योग संस्थान के निर्देशन में सूर्य नमस्कार अभ्यास करते इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी गण।

**हरियाणा** योग आयोग के संकल्पित चेयरमैन डॉ जयदीप आर्य के कुशल निर्देशन, जिला आयुष अधिकारी डॉ सुदेश जाटियान के विशिष्ट प्रबंधन एवं भारतीय योग संस्थान के शीर्ष व उच्च अधिकारियों की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन में भारतीय योग संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के अंतर्गत युधिष्ठिर योग जिला कुरुक्षेत्र द्वारा हरियाणा योग आयोग द्वारा लक्षित 75 लाख सूर्य नमस्कार अभियान के लिए किरमच रोड़ स्थित इंद्रप्रस्थ पब्लिक स्कूल के 270 विद्यार्थियों व स्टाफ का पंजीकरण करवाकर उन्हें सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। विद्यालय की प्रिंसिपल अनुरिता ने भारतीय योग संस्थान के अधिकारियों का स्वागत एवं अभिनंदन किया। संस्थान की हरियाणा प्रांत इकाई के प्रांतीय प्रैस प्रवक्ता गुलशन कुमार ग्रोवर ने उपस्थित विद्यार्थियों व स्टाफ को सूर्य नमस्कार का प्राचीन इतिहास, इसके लाभ, विधि व सावधानियों के बारे में विस्तार से बताया। विद्यार्थियों को कक्षा अनुसार दो बैच बनाकर सूर्य नमस्कार का अभ्यास करवाया गया। प्रांतीय अधिकारी गुलशन ग्रोवर एवं युधिष्ठिर जिला प्रधान सुमन तोमर ने सूर्य नमस्कार की विभिन्न 12 स्थितियों में प्रयुक्त 7 आसनों के बारे में बता कर अभ्यास करवाया। उन्होंने बताया कि सूर्य नमस्कार की 12 स्थितियों के लिए 12 मंत्रों के उच्चारण का प्रावधान है। विद्यालय की प्रिंसिपल अनुरिता ने संस्थान के अधिकारियों का धन्यवाद करते हुए कहा कि विद्यालय में प्रतिदिन प्रार्थना के समय विद्यार्थियों को सूर्य नमस्कार अभ्यास करवाया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार

### सार्वजनिक पार्क में एकत्र होते हैं मुस्लिम लोग : राणा



**हरियाणा/चंडीगढ़।** इंडस्ट्रियल एरिया फेस वन स्थित सार्वजनिक पार्क में प्रत्येक शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग भारी संख्या में एकत्रित होते हैं बजरंग दल प्रमुख गर्वेश राणा ने ये जानकारी देते हुए बताया की अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल अखंड भारत हिंदू हिंदुत्व एवं गोवंश की सुरक्षा हेतु कार्य करता है। उन्होंने बताया की पिछले काफी लंबे समय से देखने में आ रहा है कि इंडस्ट्रियल एरिया फेस वन स्थित सार्वजनिक पार्क में प्रत्येक शुक्रवार को मुस्लिम समाज के लोग भारी संख्या में एकत्रित होकर अपनी मस्जिदों में ना जाकर इंडस्ट्रियल फेस वन स्थित सार्वजनिक पार्क में पढ़ते हैं जोकि निंदनीय हैं जो कि कहीं ना कहीं भूमि जिहाद कभी षड्यंत्र हो सकता है नगर में किसी भी प्रकार से शांति भंग ना हो इसी विषय में राष्ट्रीय बजरंग दल टीम पंचकूला में आज सेक्टर 19 चौकी प्रभारी को सौंपा ज्ञापन प्रशासन इस विवादित कार्य को बंद करवाएं और जिसे नमाज पढनी भी है वह अपनी मस्जिद एवं धार्मिक स्थल में पढ़ें सार्वजनिक संपत्ति इस प्रकार के कार्यों के लिए आरक्षित नहीं है सामिल रहे चंदन यादव, अक्षय वाल्मीकि, सूरज वाल्मीकि, रोहित शर्मा, सोनू, दीपक वाल्मीकि, सोनू वल्मीकि एवं अन्य कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### भगवान परशुराम कॉलेज के विद्यार्थियों ने जीती शतरंज प्रतियोगिता



**कुरुक्षेत्र।** भगवान परशुराम कॉलेज में कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा आयोजित शतरंज प्रतियोगिता पुरुष वर्ग का टूनार्मेंट हुआ जिसमें कुरुक्षेत्र और कैथल जोन की विभिन्न टीमों ने भाग लिया। टूनार्मेंट में भगवान परशुराम कॉलेज कुरूक्षेत्र की शतरंज के पुरुष वर्ग के खिलाड़ियों ने जीत हासिल की और 3 और 4 तारीख को कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी कुरुक्षेत्र के प्रांगण में होने वाली इंटर कॉलेज टूनार्मेंट के लिए अपना स्थान सुनिश्चित किया। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. शीश पाल ने तथा खेल परिषद के संयोजक डॉ. हीरालाल ने प्रतियोगिता के आयोजन सचिव डॉ. सौरभ त्रिखा तथा टीम इंचार्ज डॉ. दिलबाग सिंह को बधाई दी और आगामी प्रतियोगिता के लिए अपनी शुभकामनाएं दी।

### गृह मंत्री विज का जनता दरबार 4 फरवरी को लगेगा


**हरियाणा/चंडीगढ़।** हरियाणा के गृह एवं स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज का जनता दरबार आगामी 4 फरवरी (शनिवार) को अम्बाला छावनी के पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस में प्रात: 10 बजे आयोजित होगा। जनता दरबार में दोपहर केवल एक बजे तक पहुंचने वाले फरियादियों की समस्याओं को सुना जाएगा। गौरतलब है कि गृह मंत्री अनिल विज का जनता दरबार हरियाणा में सबसे ज्यादा लोकप्रिय है। जिसमें प्रदेश के कोने-कोने से आने वाले हजारों लोगों की समस्याओं को सुनकर उन पर त्वरित कार्रवाई की जाती है। गृह मंत्री अनिल विज दरबार में आने वाले अंतिम व्यक्ति की भी समस्या को सुनते हैं और अधिकारियों को कार्रवाई के लिए निर्देश देते हैं।

### उपायुक्त ने अपणी रसोई का किया उद्घाटन

**हरियाणा/चंडीगढ़।** 'उपायुक्त महावीर कौशिक ने आज जिला सचिवालय परिसर में हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा शुरू की गई ''अपणी रसोई'' का उद्घाटन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त वर्षा खनगवाल, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गगनदीप सिंह, नगराधीश श्री गौरव चैहान भी उपस्थित थे। उपायुक्त ने अपणी रसोई की सराहना करते हुए कहा कि यह हरियाणा राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की बेहतरीन पहल है। इसके माध्यम से अनेक गरीब महिलाएं न केवल अपनी आय में बढोतरी कर पाएंगी बल्कि समाज में बदलाव की एक नई मिसाल पेश करेंगी। जिला मिशन निदेशक एवं जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्री गगनदीप सिंह ने बताया कि जल्द ही ''अपणी रसोई'' एक मॉडल के तौर पर उभर कर आएगी, जिसकी मिसाल दूसरे लोग भी देंगे। इस कैंटीन का संचालन ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत गठित स्वयं सहायता समूह के चुने हुए सदस्यों द्वारा किया जाएगा। इस तरह से यह कैंटीन न केवल यहां आने वाले आगंतुकों और कर्मचारियों को उचित मूल्य पर खाने-पीने का सामान उपलब्ध करवायेंगी बल्कि इसके जरिए लगभग 10 से 12 महिलाओं को रोजगार भी प्राप्त होगा। जिला कार्यक्रम प्रबंधक राहुल यादव ने उपायुक्त को अवगत करवाया कि इन महिलाओं को कार्यक्रम के जरिए होटल मैनेजमेंट संस्थान, पर्यटन विभाग व अन्य संस्थाओं से प्रशिक्षण भी दिलाया गया है। साथ ही इन महिलाओं द्वारा अलग-अलग राज्यों में भारत सरकार द्वारा लगाए जाने वाले फूड फेस्टीवल में भी भाग लिया गया है। इस कैंटीन में रोटी, चावल, दाल व सब्जी मात्र 40 रुपये, चाय मात्र 8 रुपये, शेक व जूस, गोल गप्पे, दही भल्ले 30 रुपये, चाउमीन 30 रुपये, कॉफी 20 रुपये में आमजन के लिए उपलब्ध करवाई जाएगी।

# विमानन बजट पर विशेषज्ञ की प्रतिक्रिया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**केंद्रीय** बजट प्रस्तुत हो चुका है,बजट पर उद्योग सहित कई सेक्टरों ने मिश्रित प्रतिक्रिया व्यक्त की है। एविएशन सेक्टर से कनिका टेकरीवाल, जेटसेटगो-एविएशन की संस्थापक और सीईओ कहती हैं, कि देश भर में अधिक से अधिक कनेक्टिविटी बढ़ाने के लिए 50 अतिरिक्त हवाई अड्डे, एयरोड्रोम, हेलीपैड और जल मार्ग बनाया जाना एक अच्छा कदम है।

यह बुनियादी ढांचा सुधार, व्यापार यात्रा और पर्यटन को और गति देगा। उन्होंने कहा हालांकि विमानन सेक्टर बजट से बहुत अधिक उम्मीद कर रहा था, विशेष रूप से ईंधन की कीमत पर। विमानन ईंधन को जीएसटी के तहत लाना हमारे जैसे ऑपरेटरों के लिए लागत कम करने की दिशा में एक बड़ा कदम होता। लेकिन बजट में इस मुद्दे को बिल्कुल भी नहीं छुआ गया है, बल्कि जेट ईंधन की कीमत में 4 प्रतिशत की वृद्धि हुई है जो परिचालन लागत को और बढ़ा देगी।

# श्रीलक्षचंडी महायज्ञ की पावन बेला पर मिलेगा निष्ठ संतों और मनीषियों का सानिध्य

**पायनियर समाचार सेवा।** कुरुक्षेत्र

### सात फरवरी को शोभायात्रा और 9 फरवरी को कलश यात्रा का होगा आगाज

**श्री गुमटी** मन्दिर के सेवादार कमल चुघ ने पत्रकार वार्ता में बताया कि ब्रह्मरंध्र कहे जाने वाले धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर स्थित श्रीगुमटी मन्दिर शाहाबाद में 7 फरवरी से 26 फरवरी तक श्रीलक्षचंडी महायज्ञ का आयोजन किया जाएगा। इस यज्ञ मे 22 प्रांतों से 2100 संध्यावन्दन निष्ठ ब्राह्मणों का आगमन होगा।

उन्होंने बताया कि श्री मारकंडेश्वर गुमटी माता मंदिर की संचालिका साध्वी देवाजी के तत्वावधान में इस सारे प्रोग्राम का आयोजन होगा। शारदा पीठ के शंकराचार्य जगदगुरु शंकराचार्य प्रथा विशाखा श्रीशारदा पीठ स्वरूपानन्देन्द्र सरस्वती महास्वामी जी और श्रीशारदा पीठ के उत्तराधिकारी लिशाखा श्रीशारदा पीठ स्वात्मानन्देन्द्र सरस्वती स्वामीजी इस महायज्ञ में विशेष रूप से शिरकत करेंगे। उन्होंने बताया कि श्रीलक्षचंडी महायज्ञ के संदर्भ में 7 फरवरी को लाडवा रोड शाहाबाद से शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो लाडवा रोड, देवी मंदिर रोड, मेन बाजार, कमेटी बाजार, शिव मंदिर और जीटी रोड से होकर गांव अरूप नगर में सम्पन्न होगी। उन्होंने बताया कि 9 फरवरी को श्री मारकंडेश्वर गुमटी माता मंदिर से कलश यात्रा भी निकाली जाएगी। कमल चुघ ने बताया कि 20 दिन चलने वाले श्रीलक्षचंडी महायज्ञ कार्यक्रम में आचार्य महामंडलेश्वर स्वामी कैलाशानंद गिरीजी महाराज, स्वामी चिदानंदजी, महामंडलेश्वर साध्वी ऋतंभराजी, सुग्रीवानन्दजी वेदान्ताचार्य, ब्रह्मर्षि तुलछारामजी महाराज, ज्ञानानंदजी गीता मनीषी हरिद्वार, संत बाबा बालजी, महामंडलेश्वर जगदीश गिरीजी महाराज और महंत वंशीपुरीजी सहित देश-विदेश से संतों, महात्माओं, शोधकर्ताओं व धर्मरक्षकों का इस महायज्ञ में आगमन होगा। उन्होंने बताया कि 12 फरवरी से 26 फरवरी तक आयोजित होने वाले विशेष सांस्कृतिक कार्यक्रम में देश-विदेश से कलाकार शिरकत करेंगे। गांव गुमटी में आयोजित होने वाले इस महायज्ञ हेतु करीब 60 एकड़ भूमि पर विशाल पंडाल बनाने का कार्य सम्पन्न हो गया है। इस महायज्ञ के लिए करीब 6 एकड़ भूमि में 109 हवन कुंड होंगे, जबकि प्रधान कुंड 64 गुणा 64 वर्गफुट में बनाया जाएगा।





पत्रकार वार्ता में जानकारी देते श्री गुमटी मन्दिर के सेवादार कमल चुघ।

# कप्पन की रिहाई से बहुत खुश है उसकी पत्नी और बच्चे

## पत्नी रेहाना ने कहा- सिद्दीकी कप्पन, एक पत्रकार के साथ हैं उनके पिता

### कप्पन के बड़े बेटे मुजम्मिल ने कहा, मीडियाकर्मी मेरे पिता ने झेले काफी कष्ट

एजेंसी। लखनऊ

**रेहाना** और उसके बच्चों मुजम्मिल, जिधान और मेहनाज के लिए लगभग ढाई साल का तकलीफदेह इंतजार बृहस्पतिवार की सुबह खत्म होकर खुशी में बदल गया। जब कप्पन के जेल से बाहर आने के बाद ये लोग उससे फिर से मिले। कप्पन लखनऊ जिला कारागार से 28 महीने बाद बृहस्पतिवार की सुबह बाहर आए। राहत महसूस कर रहे कप्पन ने रिहा होने के कुछ देर बाद कहा, मैं दिल्ली जा रहा हूं। मुझे वहां छह हफ्ते रहना है।

यह पूछे जाने पर कि जेल में जीवन कैसा रहा, कप्पन ने कहा, मैंने बहुत संघर्ष किया। केरल के पत्रकार सिद्दीकी कप्पन जैसे ही लखनऊ जिला जेल से बाहर आए, उनके परिवार वालों में खुशी की लहर दौड़ गई। कप्पन के वकील मोहम्मद धानीश केएस के मुताबिक, कप्पन ने करीब ढाई साल जेल में बिताए। कप्पन की पत्नी रेहाना ने कहा, दोनों मामलों में कप्पन को जमानत मिले महीनों हो गए हैं। उच्च न्यायालय ने यूएपीए मामले में



जमानत दे दी थी और उनकी बेगुनाही सामने आ गई। ढाई साल कम समय नहीं है। हमने बहुत दर्द और पीड़ा का अनुभव किया है, लेकिन मुझे खुशी है कि देर से ही, न्याय मिला। मैं दोहराती हूं कि कप्पन एक मीडियाकर्मी हैं। यह पूछे जाने पर कि अब बच्चे कैसा महसूस कर रहे हैं, रेहाना ने कहा, हमारे बच्चे उनके (कप्पन के) स्वागत का इंतजार कर रहे हैं। उनकी खुशी छीन ली गई थी। वे हर दिन उनका इंतजार कर रहे थे। क्या वे अपने पिता को भूल सकते हैं? वे गर्व से कहते हैं, सिद्दीकी कप्पन, एक पत्रकार, उनके पिता हैं। कप्पन के बड़े बेटे मुजम्मिल (19) ने कहा, मेरे पिता मीडियाकर्मी हैं। ढाई साल से मेरे पिता की इतनी पीड़ा का क्या कारण है? हम उनकी आजादी का इंतजार करते रहे। बहुत खुश हूं। उन सभी को धन्यवाद, जो हमारे साथ हैं। कप्पन और रेहाना के दो बेटे मुजिम्मल (19) और जिधान (14) और एक बेटी मेहनाज (9) है। हालांकि, कप्पन की मां कदीजा अपने बेटे को घर वापस आते देखने के लिए अब जीवित नहीं हैं। उनका जून 2021 में निधन हो गया।

# वंदे भारत एक्सप्रेस : एक ट्रेन आज मुंबई पहुंचेगी, दूसरी छह फरवरी को

### कहा, दोनों ट्रेन का निर्माण चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया गया



एजेंसी। मुंबई

**मुंबई** से जल्दी ही दो वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन शुरू होने वाली हैं। उनमें से एक के शुक्रवार सुबह तक तथा दूसरी ट्रेन के छह फरवरी तक यहां पहुंचने की संभावना है। रेलवे के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 10 फरवरी को मुंबई-सोलापुर और मुंबई-शिर्डी मार्ग पर वंदे भारत एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत कर सकते हैं।

दोनों ट्रेन का निर्माण चेन्नई की इंटीग्रल कोच फैक्ट्री में किया गया है। रेलवे के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, एक वंदे भारत ट्रेन आज सुबह पुणे यार्ड पहुंच गई और इसके आज रात या कल सुबह तक मुंबई पहुंचने की उम्मीद है। उन्होंने कहा, इसी तरह की दूसरी ट्रेन छह फरवरी को यहां लाए जाने की उम्मीद है। मुंबई और सोलापुर के बीच वंदे भारत एक्सप्रेस के भोर घाट (पुणे के रास्ते में कर्जत और खंडाला के बीच) के रास्ते चलने की संभावना है और यह ट्रेन दोनों स्थानों के बीच लगभग 455 किमी की दूरी 6.35 घंटे में तय करेगी। मुंबई-शिर्डी सेमी हाई-स्पीड ट्रेन के थाल घाट (मुंबई के बाहरी इलाके में कसारा में) के रास्ते चलने और लगभग 340 किलोमीटर की दूरी 5.25 घंटे में तय करने की उम्मीद है।

# उच्च न्यायालयों में नियुक्त 554 न्यायाधीशों में से 430 सामान्य श्रेणी के : रिजिजू

## कानून मंत्री ने कहा, 58 न्यायाधीश अन्य पिछड़ा वर्ग और 19 अनुसूचित जाति से

### अनुसूचित जनजाति से केवल छह और अल्पसंख्यकों में से 27 न्यायाधीश तैनात हुए

एजेंसी। नई दिल्ली

**कानून** मंत्री किरेन रिजिजू ने बृहस्पतिवार को राज्य सभा को बताया कि 2018 से अब तक देश के विभिन्न उच्च न्यायालयों में नियुक्त कुल 554 न्यायाधीशों में से 430 सामान्य श्रेणी के हैं। उन्होंने आगे कहा कि 58 न्यायाधीश अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) और 19 अनुसूचित जाति से हैं।

उन्होंने बताया कि अनुसूचित जनजाति से केवल छह और अल्पसंख्यकों से 27 न्यायाधीश हैं। उन्होंने कहा कि इन नियुक्तियों में 84 महिला न्यायाधीश भी शामिल हैं। कानून मंत्री ने बताया कि कुल नियुक्तियों में सामान्य श्रेणी के न्यायाधीशों की संख्या 77 प्रतिशत से



अधिक है। रिजिजू ने भाजपा सांसद सुशील मोदी के एक सवाल का लिखित जवाब दिया।

यह उल्लेख करते हुए कि उच्चतम न्यायालय और उच्च न्यायालयों में न्यायाधीशों की नियुक्ति को निर्देशित करने वाले संवैधानिक प्रावधान किसी भी जाति या वर्ग विशेष के लिए आरक्षण प्रदान नहीं करते हैं, रीजीजू ने कहा कि सरकार उच्चतर न्यायपालिका में सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने का प्रयास करती रही है। उन्होंने अपने जवाब में कहा, सरकार उच्चतर न्यायपालिका में न्यायाधीशों की नियुक्ति में सामाजिक विविधता लाने के लिए प्रतिबद्ध है और उच्च न्यायालयों के मुख्य न्यायाधीशों से अनुरोध करती रही है कि न्यायाधीशों की नियुक्ति के लिए प्रस्ताव भेजते समय सामाजिक विविधता सुनिश्चित करने के वास्ते, अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यकों और महिलाओं में से उपयुक्त उम्मीदवारों के नाम पर उचित विचार किया जाए।

उन्होंने बताया कि 2018 से उच्चतम न्यायालय में कुल 30 न्यायाधीशों की नियुक्ति की गई है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2018 में आठ, वर्ष 2019 में 10, वर्ष 2020 में एक भी नहीं, वर्ष 2021 में नौ और वर्ष 2022 में तीन न्यायाधीश नियुक्त किए गए थे।

उन्होंने कहा कि देश भर के जिला न्यायाधीशों में से 612 अनुसूचित जाति से, 204 अनुसूचित जनजाति से,1,329 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, जबकि 1406 महिलाएं हैं। उन्होंने कहा कि सिविल जज (जूनियर डिवीजन) के सभी जिला और अधीनस्थ अदालतों में 1,270 अनुसूचित जाति से संबंधित हैं, 465 अनुसूचित जनजाति से, 2,055 अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) से हैं, जबकि 3,684 महिलाएं हैं। सिविल जज (सीनियर डिवीजन) में से 710 अनुसूचित जाति, 278 अनुसूचित जनजाति,1,251 ओबीसी से और 1,574 महिलाएं हैं।



### सपा ने अखिलेश के विमान को मुरादाबाद में न लैंड करने देने का लगाया आरोप

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी (सपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मुरादाबाद जिला प्रशासन ने चार फरवरी को उसके राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के विमान को मुरादाबाद में उतरने की अनुमति नहीं दी।

पार्टी ने ट्वीट करके आरोप लगाया, पूर्व घोषित कार्यक्रम के तहत चार फरवरी 2023 को राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव को मुरादाबाद में एक समारोह में सम्मिलित होना था, लेकिन योगी सरकार विमान को उतरने की अनुमति नहीं दे रही है। यह बेहद निंदनीय कत्य है। भाजपा के अहंकार का जल्द होगा अंत। संपर्क करने पर मुरादाबाद की नगर मजिस्ट्रेट ज्योति सिंह ने बताया कि हवाई पट्टी पर निर्माण कार्य चल रहा है, ऐसे में उस पर किसी भी विमान का उतरना संभव नहीं है। उल्लेखनीय है कि तय कार्यक्रम के मुताबिक, यादव के विमान को यहां चार फरवरी को मुधा पांडे हवाई पट्टी पर उतरना था।

# मानस विवाद : विहिप ने उठाई सपा-राजद की मान्यता रद्द करने की मांग

### विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष अलोक कुमार ने सीईसी से मिलने का समय मांगा

एजेंसी। नई दिल्ली

**विश्व** हिंदू परिषद (विहिप) ने बृहस्पतिवार को कहा कि निर्वाचन आयोग को सपा और राजद की मान्यता रद्द कर देनी चाहिए क्योंकि उन्होंने रामचरितमानस पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले नेताओं के खिलाफ कार्रवाई नहीं करके उन बुनियादी शर्तों का उल्लंघन किया है। जिनके तहत उन्हें राजनीतिक दलों के रूप में पंजीकृत किया गया था।

संगठन ने एक बयान में कहा कि विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने इस मुद्दे पर ध्यान आकर्षित करने और समाजवादी पार्टी (सपा) तथा राष्ट्रीय जनता दल (राजद) का पंजीकरण रद्द करने का आग्रह करने के लिए मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार से मिलने का समय मांगा है। कुमार ने आरोप लगाया, रामचरित मानस का अपमान करने के सपा के स्वामी प्रसाद मौर्य के हाल के बयान और इसके पन्नों को



जलाया जाना भारत के नागरिकों के एक बड़े वर्ग की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने का जानबूझकर किया गया दुर्भावनापूर्ण कृत्य है।

उन्होंने दावा किया कि तथ्य यह है कि मौर्य को उनकी टिप्पणी के तुरंत बाद सपा द्वारा महासचिव के पद पर पदोन्नत किया गया जो यह साबित करता है कि उनके बयान को उनकी पार्टी का समर्थन प्राप्त है। कुमार ने बयान में आरोप लगाया, इसी तरह, राजद नेता चंद्रशेखर ने भी रामचरितमानस और अन्य पवित्र पुस्तकों की जानबूझकर और दुर्भावनापूर्ण आलोचना की, जिससे कि हिंदू समाज में आक्रोश पैदा हो, अविश्वास पैदा हो और विभाजन हो। उन्होंने दावा किया कि राजद ने चंद्रशेखर के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है जो यह साबित करता है कि उनके बयान को पार्टी का समर्थन प्राप्त है।

कुमार ने कहा, सपा और राजद दोनों ने उन बुनियादी शर्तों का उल्लंघन किया है, जिन पर दलों का पंजीकरण किया गया था और यह उनका पंजीकरण वापस लेने का उचित मामला बनता है।

उन्होंने कहा, विहिप जन प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 29ए की ओर सीईसी का ध्यान आकर्षित करना चाहती है।

# ईंट निर्माता संघ बिहार के 450 सरकारी विद्यालयों में बनवाएगा शौचालय

### बीआईएनएस के अध्यक्ष ने बताया, हमारी प्राथमिकता है कि लड़कियां शौचालय को परेशान न हों

एजेंसी। पटना

**बिहार** ईंट निर्माता संघ (बीआईएनएस) ने सरकारी माध्यमिक और उच्च विद्यालयों में लड़कियों के लिए शौचालय बनवाने में स्वेच्छा से हाथ बंटाते हुए 450 स्कूलों में इसका निर्माण करवाएगा।

ईंट भट्ठा के मालिकों का संघ बीआईएनएस ने कटिहार, मधेपुरा, पश्चिम चंपारण, पूर्वी चंपारण, बेगूसराय और सारण जिलों के स्कूलों में पहले ही शौचालयों का निर्माण करवा दिया है। बीआईएनएस के अध्यक्ष मुरारी कुमार ने बताया, हमारी पहल के पीछे प्राथमिक उद्देश्य छात्राओं के लिए स्कूलों में एक सुरक्षित वातावरण तैयार करना है।

हम चाहते हैं कि हमारी बेटियां शौचालय की कमी के कारण बाहर न निकलें। उन्होंने कहा, हम राज्य भर के 450 स्कूलों में शौचालय का निर्माण करवाएंगे।

अगले तीन-चार महीने में यह निर्माण कार्य पूरा हो जाएगा। हमने अपना प्रस्ताव शिक्षा विभाग और महिला एवं बाल विकास निगम (डब्ल्यूडीसी) को भेज दिया है। डब्ल्यूडीसी अध्यक्ष सह प्रबंध निदेशक हरजोत कौर बमराह ने इस पहल का स्वागत करते हुए कहा कि बीआईएनएस कॉरपोरेट सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत शौचालयों का निर्माण करवा रहा है। उन्होंने बताया कि इसके अलावा डब्ल्यूडीसी शिक्षा विभाग के सहयोग से स्कूलों में सैनिटरी पैड डिस्पेंसर भी स्थापित कर रहा है। बमराह ने बताया कि वर्ष 2016 से एक योजना लागू है जिसके तहत लड़कियों को मासिक धर्म स्वच्छता बनाए रखने के लिए 300 रुपए दिए जाते हैं।

# जम्मू में कई विस्फोटों में शामिल आतंकवादी गिरफ्तार: डीजीपी

एजेंसी। जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) दिलबाग सिंह ने कहा कि लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को कई विस्फोटों में संलिप्तता के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। यह आतंकवादी पहले एक सरकारी स्कूल का शिक्षक था। वह वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही एक बस में हुए विस्फोट की घटना में भी कथित तौर पर शामिल था।

सिंह ने पत्रकारों को बताया कि जम्मू के नरवाल में हाल ही में हुए दोहरे विस्फोट की जांच के बाद रियासी जिले के निवासी आरिफ को गिरफ्तार किया गया। उसके पास से एक आईईडी भी बरामद किया गया है, जिसे ईत्र की बोतल के अंदर लगाया गया था। जम्मू-कश्मीर पुलिस के प्रमुख ने कहा कि पहली बार केंद्र शासित प्रदेश में इस तरह का बम बरामद हुआ है। कहा, आरिफ कथित तौर पर अपने पाकिस्तानी आकाओं के इशारे पर काम कर रहा था और वैष्णो देवी तीर्थयात्रियों को ले जा रही बस में विस्फोट में शामिल होने की बात उसने स्वीकार की है।

## संक्षिप्त-समाचार

### ईरान ने ड्रोन हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया

**दुबई।** ईरान ने गत सप्ताहांत में इसफाहान शहर में एक सैन्य कार्यशाला को निशाना साधकर किए गए ड्रोन हमले के लिए औपचारिक रूप से इजराइल को जिम्मेदार ठहराया और चेतावनी दी कि उसे जवाबी कार्वाई करने का वैध अधिकार है। संयुक्त राष्ट्र में ईरान के मिशन ने एक पत्र में शनिवार देर रात हुए हमले के लिए इजराइल को जिम्मेदार ठहराया। यह पत्र मिशन की वेबसाइट पर जारी किया गया। पत्र में ईरानी राजदूत आमिर सईद इरावनी के दस्तखत हैं। पत्र के मुताबिक, शुरुआती जांच से पता चलता है कि हमले की कोशिश के लिए इजराइली शासन जिम्मेदार है। शनिवार देर रात 11:30 बजे हुए ड्रोन हमले का पूरा विवरण अभी तक नहीं मिला है।

### इजराइली विमानों ने हमास के एक ठिकाने को बनाया निशाना

**तेल अवीव।** इजराइली विमानों ने गुरुवार को गाजा पट्टी में एक उग्रवादी ठिकाने को निशाना बनाया। फलस्तीनी उग्रवादियों के इजराइल के दक्षिण में एक रॉकेट दागने के कुछ घंटे बाद यह कार्वाई की गई। इज़राइल की सेना ने यह जानकारी दी। इजराइल की सेना ने कहा कि हवाई हमलों में उग्रवादी समूह हमास की एक रॉकेट निर्माण कार्यशाला (गाजा नियंत्रित इलाके में) को निशाना बनाया गया। वहां कच्चे रासायनिक पदार्थ का भंडारण किया जाता था। किसी के हताहत होने की तत्काल कोई खबर नहीं है। सेना ने बताया कि इससे पहले इजराइल की वायु रक्षा प्रणाली ने बुधवार देर रात गाजा की ओर से दागे गए एक रॉकेट को मार गिराया था। वेस्ट बैंक में एक सैन्य अभियान में पिछले सप्ताह 10 फलस्तीनियों को मार गिराने के बाद, गाजा उग्रवादियों और इजराइल ने पिछले सप्ताह रॉकेट तथा हवाई हमलों को अंजाम दिया जिससे इलाके में कई महीनों से कायम शांति एक बार फिर भंग हो गई थी।

### निक्की हेली ने 15 को विशेष घोषणा के लिए निमंत्रण भेजे

**वाशिंगटन।** प्रमुख भारतीय-अमेरिकी राजनीतिज्ञ निक्की हेली ने अपने समर्थकों और शुभचिंतकों को 15 फरवरी को एक विशेष घोषणा में शामिल होने के लिए निमंत्रण भेजा है। उम्मीद है कि इस दौरान वह 2024 में रिपब्लिकन पार्टी की तरफ से राष्ट्रपति पद के नामांकन के लिए अपनी दावेदारी की घोषणा करेंगी। हेली (51) दो बार दक्षिण कैरोलीना की गवर्नर और संयुक्त राष्ट्र में अमेरिका की पूर्व राजदूत रह चुकी हैं। उन्होंने बुधवार को भेजे गए निमंत्रण पत्र में कहा है, मैं आपको 15 फरवरी, 2023 को चार्ल्सटन में एक विशेष घोषणा में शामिल होने के लिए आमंत्रित करना चाहती हूं।

# जोशीमठ के अति निकटवर्ती क्षेत्र में कोई जल विद्युत परियोजना नहीं : केंद्रीय मंत्री

### कहा, जोशीमठ क्षेत्र में जमीन धंसने से तपोवन विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना अप्रभावित



एजेंसी। नई दिल्ली

**सरकार** ने बृहस्पतिवार को बताया कि उत्तराखंड के जोशीमठ नगर के अति निकटवर्ती क्षेत्र में कोई जल विद्युत परियोजना नहीं है और तपोवन विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना भी उस स्थान से काफी दूर है। जहां पिछले दिनों जमीन धंसने की घटना हुई थी। लोकसभा में असदुद्दीन ओवैसी के प्रश्न के लिखित उत्तर में विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री आर के सिंह ने यह जानकारी दी।

सिंह ने कहा, जोशीमठ क्षेत्र में जमीन धंसने की घटना से तपोवन विष्णुगाड जल विद्युत परियोजना अप्रभावित है। फिर भी जिला प्रशासन ने परियोजना स्थल पर निर्माण गतिविधियों को अगले आदेश तक स्थगित रखने के लिए पांच जनवरी 2023 को एक आदेश जारी किया है।

मंत्री ने कहा कि वर्तमान में देश में विभिन्न राज्यों के हिमालई क्षेत्र में कुल 11,137.50 मेगावाट की स्थापित क्षमता की 30 बड़ी जल विद्युत परियोजनाएं विकसित की जा रही हैं जो 25 मेगावाट स्थापित क्षमता से अधिक हैं। इन परियोजनाओं में से कुल 10,381.50 मेगावाट की 23 जल विद्युत परियोजनाएं सक्रिय रूप से निर्माणाधीन हैं और कुल 756 मेगावाट की 7 जल विद्युत परियोजनाएं रुकी हुई हैं।

# नेपाल से पवित्र शिलाएं अयोध्या पहुंचीं

**अयोध्या (उप्र)।** अयोध्या में बन रहे श्रीराम मंदिर में स्थापित होने वाली भगवान राम की मूर्ति को तराशने में इस्तेमाल होने वाली नेपाल की गंडकी नदी से विशेष पवित्र शिलाएं (चट्टान) अयोध्या पहुंच चुकी है। पवित्र शिलाएं बुधवार देर रात यहां पहुंचीं और उन्हें बृहस्पतिवार दोपहर विशेष पूजा अर्चना के बाद श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट को भेंट की गईं।

नेपाल के जानकी मंदिर के महंत तपेश्वर दास ने श्री राम मंदिर ट्रस्ट के महासचिव चंपत राय को ये शालिग्राम शिलाएं भेंट की। इन पत्थरों से उकेरी गई राम की बालरूप (बाल रूप) की मूर्ति को राम मंदिर के गर्भगृह में रखा जाएगा, जिसके अगले साल जनवरी में



मकर संक्रांति तक तैयार होने की उम्मीद है। विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय सचिव राजेंद्र सिंह पंकज 25 जनवरी को नेपाल के मुस्तांग जिले से दो पवित्र शिलाओं की खेप लेकर रवाना हुए थे। नेपाल के मुस्तांग जिले में शालिग्राम या मुक्तिनाथ के करीब एक स्थान पर गंडकी नदी में पाए गए छह करोड़ वर्ष पुराने विशेष चट्टानों से पत्थरों के दो बड़े टुकड़े पिछले बुधवार को नेपाल से रवाना किए गए थे।

# पांच डॉलर के नोट पर नहीं दिखेगा महाराजा चार्ल्स तृतीय का चेहरा

**कैनबरा।** ऑस्ट्रेलिया अपने नोट पर से ब्रिटिश राजतंत्र के प्रतीक को हटाने जा रहा है। देश के केंद्रीय बैंक ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि पांच डॉलर के नए नोट पर ब्रिटेन के महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर के बजाए देश को प्रतिबिम्बित करने वाला कोई डिजाइन होगा। हालांकि, महाराजा चार्ल्स तृतीय की तस्वीर सिक्कों पर नजर आते रहने की संभावना है। ऑस्ट्रेलिया में केवल पांच डॉलर के नोट पर ही ब्रिटिश राजतंत्र की छाप नजर आती है।

बैंक ने कहा कि सरकार के साथ विचार-विमर्श करने के बाद यह फैसला किया गया और सरकार ने इस बदलाव का समर्थन किया है।

# लोकसभा : अडाणी समूह मामले पर विपक्षी सदस्यों का हंगामा

### विपक्ष ने अडानी समूह के शेयर गिरने पर चर्चा कराने की मांग को लेकर काटा हंगामा, कार्यवाही स्थगित

## संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नारेबाजी करते विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की

एजेंसी। नई दिल्ली

**लोकसभा** में बृहस्पतिवार को कांग्रेस समेत कई विपक्षी दलों के सदस्यों ने अडाणी समूह से जुड़े मामले पर चर्चा की मांग करते हुए नारेबाजी की जिस वजह से सदन की कार्यवाही एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजकर करीब पांच मिनट पर पूरे दिन के लिए स्थगित कर दी गई। सदन की बैठक स्थगित होने के बाद जब अपराह्न दो बजे फिर शुरू हुई तो हंगामा जारी रहा। कई सदस्य नारेबाजी करते हुए आसन के निकट पहुंच गए। शोर शराबे के बीच सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने आवश्यक कागजात सदन के पटल पर रखवाए।

संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने नारेबाजी कर रहे विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। उन्होंने कहा, राष्ट्रपति (द्रौपदी मुर्मू) ने दोनों सदनों को संबोधित किया है। अभिभाषण पर लाए जाने वाले धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा महत्वपूर्ण होती है। यह उनका (राष्ट्रपति मुर्मू का) पहला अभिभाषण है। इस पर चर्चा करिए। सदन चर्चा के लिए होता है। जोशी ने कहा, आपसे हाथ जोड़कर निवेदन करता हूं कि चर्चा आरंभ करिए।

पीठासीन सभापति राजेंद्र अग्रवाल ने भी विपक्षी सदस्यों से सदन चलने देने की अपील की। हंगामा नहीं थमने पर उन्होंने अपराह्न दो बजकर करीब पांच मिनट पर सभा की बैठक शुक्रवार पूर्वाह्न 11 बजे तक के लिए स्थगित कर दी। इससे पहले, संसद के बजट सत्र के दूसरे दिन लोकसभा की बैठक शुरू होने पर अध्यक्ष ओम बिरला ने भारत दौरे



पर आईं जाम्बिया गणराज्य की नेशनल असेंबली की स्पीकर नेली मुट्टी और वहां के संसदीय शिष्टमंडल का सदन की ओर से स्वागत किया। जाम्बिया के शिष्टमंडल के सदस्य इस दौरान सदन की विशेष दीर्घा में बैठे थे। इसके बाद लोकसभा अध्यक्ष ने जैसे ही प्रश्नकाल शुरू कराया, कांग्रेस समेत लगभग सभी विपक्षी दलों के सदस्य आसन के पास आकर नारेबाजी करने लगे। वे अडाणी समूह को लेकर आई उक्त रिपोर्ट पर चर्चा कराने की और समूह की कारोबारी प्रक्रियाओं की जांच कराने की मांग कर रहे थे। हंगामा कर रहे विपक्षी सदस्यों से उनके स्थान पर जाने की अपील करते हुए बिरला ने प्रश्नकाल चलने देने का अनुरोध किया और कहा कि बिना तथ्यों के कोई बात नहीं की जानी चाहिए। इस दौरान अध्यक्ष बिरला ने भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की सदस्य पूनम मदाम को प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना (पीएमकेएसवाई) से संबंधित पूरक प्रश्न पूछने को कहा, लेकिन हंगामे के बीच वह पूरक प्रश्न नहीं पूछ सकीं।

अध्यक्ष बिरला ने हंगामा कर रहे सदस्यों से कहा, प्रश्नकाल महत्वपूर्ण समय होता है। विधान मंडल अध्यक्षों के (हाल में हुए) सम्मेलन में चिंता व्यक्त करते हुए कहा गया था कि प्रश्नकाल चलना चाहिए। उन्होंने विपक्षी सदस्यों से कहा, आप बुनियादी सवाल उठाएं। मैं आपको पर्याप्त समय दूंगा। आप सदन की मर्यादा नहीं रखना चाहते। बिना तथ्यों के कोई बात नहीं कीजिए। हंगामा नहीं थमने पर अध्यक्ष ने सदन की कार्यवाही कुछ ही मिनट बाद अपराह्न दो बजे तक स्थगित कर दी।

सदन की बैठक फिर शुरू होने से पहले कांग्रेस और कई अन्य विपक्षी दलों के नेताओं ने संसद के मौजूदा बजट सत्र में अपनी रणनीति को लेकर बैठक की और अडाणी समूह से संबंधित मुद्दे पर चर्चा कराने की मांग उठाने का फैसला किया। विपक्षी दलों की मांग है कि इस मामले पर संयुक्त संसदीय समिति (जेपीसी) का गठन किया जाए या फिर उच्चतम न्यायालय की निगरानी में इसकी जांच हो।

### हंगामे के कारण राज्यसभा में शून्य और प्रश्नकाल नहीं चला



**नई दिल्ली।** राज्यसभा में बृहस्पतिवार को विभिन्न मुद्दों पर कार्य स्थगन के प्रावधान वाले नियम 267 के तहत चर्चा कराने की मांग पर विपक्षी सदस्यों के हंगामे के कारण कार्यवाही बाधित रही। बैठक को एक बार के स्थगन के बाद दोपहर दो बजे के कुछ ही मिनट बाद पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिया गया। विपक्ष के हंगामे के कारण उच्च सदन में शून्यकाल एवं प्रश्नकाल भी नहीं हो पाया। इससे पहले पूर्वाह्न 11 बजे जैसे ही सदन की कार्यवाही आरंभ हुई, सभापति जगदीप धनखड़ ने पूर्व केंद्रीय मंत्री शांति भूषण के निधन का उल्लेख किया। उनके योगदान की सराहना करते हुए धनखड़ ने कहा कि शांति भूषण उच्च सदन के पूर्व सदस्य थे। इसके बाद सदस्यों ने उनके सम्मान में कुछ देर मौन रखा। धनखड़ ने इसके बाद सदन को बताया कि उन्हें विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खरगे, शिवसेना की प्रियंका चतुर्वेदी, आम आदमी पार्टी (आप) के संजय सिंह, द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के तिरुची शिवा सहित कुल नौ सदस्यों की ओर से नियम 267 के तहत नोटिस मिले हैं। उन्होंने पूर्व की अपनी व्यवस्था का हवाला देते हुए कहा कि इनमें से कोई भी नोटिस स्वीकार किए जाने की अनिवार्यताओं को पूरा नहीं करता है, लिहाजा उन्होंने इन्हें अस्वीकार कर दिया। उनके ऐसा कहते ही विपक्षी दलों के सदस्यों ने हंगामा शुरू कर दिया।

# युवक ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट की आत्महत्या करने का वीडियो, पुलिस ने बचाई जान

● लखनऊ पुलिस मुख्यालय ने तत्काल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए नोएडा पुलिस को किया था सतर्क

पायनियर समचार सेवा। गाजियाबाद




**उत्तर** प्रदेश पुलिस की तत्परता के कारण एक युवक की जान बच गई और परिवार उजड़ने से बच गया। मंगलवार रात युवक ने इंस्टाग्राम पर फांसी लगाकर आत्महत्या करने का वीडियो प्रसारित किया था।

लखनऊ पुलिस मुख्यालय ने तत्काल वीडियो पर संज्ञान लेते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट को लोकेशन के साथ अवगत कराया। विजयनगर थाना प्रभारी अनीता चौहान मौके पर पहुंची और युवक की काउंसिलिंग की। युवक ने बताया कि उसका व्यवसाय में 90 हजार रुपये का नुकसान हो गया था। इसके चलते वह डिप्रेशन में यह कदम उठाने जा रहा था।

काउंसलिंग के बाद युवक ने भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन दिया। पुलिस ने युवक को स्वजन के सुपुर्द कर दिया। मंगलवार रात विजयनगर थाना क्षेत्र के रहने वाले एक युवक ने पंखे में फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या करने का वीडियो इंस्टाग्राम पर प्रसारित किया गया।

इस वीडियो के संबंध में फेसबुक ने पुलिस महानिदेशक मुख्यालय के सोशल मीडिया सेंटर को रात करीब 10 बजे ई-मेल के माध्यम से अलर्ट दिया गया। पुलिस ने तत्काल युवक की लोकेशन की जानकारी कर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद को सूचना दी।

विजयनगर थाना प्रभारी अनीता चौहान तत्काल लोकेशन पर पहुंची तो युवक फंदा तैयार कर गले में डालकर बैठा हुआ था। उन्होंने युवक को फांसी लगाने से रोका। उन्होंने युवक की काउंसलिंग कर उसकी समस्या के बारे में जाना। युवक ने बताया कि उसका कारोबार में 90 हजार रुपये का नुकसान हो गया। इसके चलते वह काफी परेशान था। इसके चलते उसने यह कदम उठाया।

इसके चलते उसने वीडियो अपलोड करने की बात बोलकर भविष्य में ऐसा न करने का आश्वासन पुलिस को दिया। इसके बाद पुलिस युवक को थाने लेकर आई और उसकी काफी देर तक काउंसिलिंग की। बाद में पुलिस ने युवक को स्वजन के सुपुर्द कर दिया।

एसीपी कोतवाली अंशु जैन ने बताया कि पीड़ित युवक प्रताप विहार का अभय शुक्ला है। वह मोबाइल की दुकान चलाता है।

पिछले कुछ समय में उसके कारोबार में घाटा आ गया था। इससे परेशान होकर उसने यह कदम उठाया। उसकी काउंसलिंग कर समझाया गया है। उसने भविष्य में इस प्रकार की गलती न करने की बात कही है।

## बच्चे के लिफ्ट में फंसने पर उपमुख्यमंत्री ने निदेशक से मांगी रिपोर्ट

**नोएडा।** सेक्टर-30 स्थित बाल चिकित्सा एवं स्नातकोत्तर शैक्षणिक संस्थान चाइल्ड पीजीआई के आवासीय परिसर की लिफ्ट में दस वर्षीय बच्चे के 45 मिनट तक फंसने की घटना प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने संज्ञान लिया है।

संस्थान के निदेशक से तीन दिन के अंतर घटना की जांच रिपोर्ट मांगी है। इस बात की जानकारी उपमुख्यमंत्री ने स्वयं अपने ट्विटर हैंडल पर दी है। ललित शर्मा ने प्रबंधन को दी शिकायत में बताया कि मंगलवार को पुत्र लिफ्ट के अचानक खराब होने से उसमें 45 मिनट फंसा रहा था। जब लिफ्ट खुली तो बच्चा घबराकर बाहर निकला।

स्वास्थ्यकर्मियों का आरोप है कि आवासीय परिसर में आए दिन लिफ्ट खराब रहती है। लिफ्ट खराब होने के संबंध में पूर्व में कई बार शिकायत की जा चुकी है। शिकायत के बावजूद प्रबंधन ने कोई सख्त कदम नहीं उठाया।

## बीमा पॉलिसी का नवीनीकरण का लालच देकर लाखों की ठगी करने वाले 3 गिरफ्तार

● फर्जी खाते में पैसा करा लेते थे ट्रांसफर

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

**थाना** सेक्टर-63 पुलिस ने इंश्योरेंस पॉलिसी को कम रूपए में रिन्यूबल कराने का लालच देकर लाखों की धोखाधड़ी करने वाले गैंग के 3 लोगों को गिरफ्तार किया है।

इन बदमाशों ने हजारो लोगों के साथ धोखाधड़ी की है। थाना सेक्टर-63 के प्रभारी निरीक्षक अमित कुमार मान ने बताया कि सेक्टर-63 के ए. ब्लॉक में कुछ लोग दफ्तर खोल कर फर्जी आईडी की मोबाइल फोन सीम के माध्यम से लोगों को फोन करके इंश्योरेंस पॉलिसी को कम रुपए मे रिन्युअल कराने का लालच देकर व बंद पड़ी पालिसी को दोबारा शुरू कराने के लिए फर्जी बैंक अकाउंट में पैसे ट्रांसफर करा कर, लाखों की धोखाधड़ी कर रहे थे।



इंश्योरेंस पॉलिसी के नाम लालच देने वाले तीनों आरोपी पुलिस गिरफ्त में।

उन्होंने बताया कि पीड़ितों की शिकायत पर पुलिस ने छापामारी कर वहां से इमरान, जितेंद्र अग्रवाल और रोहित सैनी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इनके पास से पुलिस ने लैपटॉप, मोबाइल फोन, प्रिंटर, एटीएम कार्ड, डायरी, रजिस्टर, मोहरे चेक बुक आदि बरामद किया है। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों ने हजारो लोगों के साथ लाखों रुपए की ठगी करने की बात स्वीकार की है।

## संक्षिप्त समाचार



ऐप के जरिये लोगों को गांजा सप्लाई करने वाले पुलिस गिरफ्त में।

### किसानों ने किया रोड जाम का प्रयास, सौंपा ज्ञापन

**गाजियाबाद।** भारतीय किसान यूनियन असली ने सरकार पर वादाखिलाफी का आरोप लगाते हुए सीबीआई कट के पास हापुड रोड पर जाम लगाने का प्रयास किया। पुलिस के हस्तक्षेप के चलते किसान सडक जाम नहीं कर सके। किसानों ने प्रदर्शन करते हुए कहा कि सरकार ने किसानों को अपने चुनावी घोषणापत्र में नलकूप की बिजली मुफ्त देने का वायदा किया था, जिसे सरकार भूल गई। अब किसानों के नलकूपों पर इलेक्ट्रिक मीटर लगाए जा रहे हैं। यह किसानों के साथ धोखा है जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। किसानों ने कहा कि आज वह खुद को ठगा महसूस कर रहे हैं। किसानों ने प्रदर्शन के बाद एक ज्ञापन भी जिला प्रशासन के माध्यम से प्रदेश के सीएम योगी आदित्यनाथ के नाम सौंपा। ज्ञापन देने वालों में जिला अध्यक्ष संदीप चौधरी, सचिन चौधरी, दीपक चौधरी, अजय चौधरी, जगबीर सिंह, लोकेश राघव, शिवम कौशिक, नरेंद्र शर्मा, राजू चौधरी, गुड्डू चौधरी, अरविंद कौशिक आदि शामिल रहे।

### सड़क हादसे में दो लोगों की मौत




**नोएडा।** उत्तर प्रदेश के नोएडा इलाके के सूरजपुर थाना क्षेत्र के कस्बा सूरजपुर में हुए एक सड़क हादसे में बाइक सवार व्यक्ति की मौत हो गई। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। सूरजपुर थाने के प्रभारी निरीक्षक अवधेश प्रताप सिंह ने बताया कि मरने वाले की पहचान ओमप्रकाश (45) के तौर पर की गई है। उन्होंने बताया कि कस्बा सूरजपुर के पास अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी जिससे मौके पर ही उनकी मौत हो गई। इस बीच पुलिस ने बताया कि थाना फेस- 3 क्षेत्र के गढ़ी चौखंडी गोल चक्कर के पास तीन पहले हुए एक सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल बाइक सवार सुब्रतो मुखर्जी की उपचार के दौरान बृहस्पतिवार को मौत हो गई। पुलिस ने बताया कि दोनों मामले की जांच की जा रही है।

## पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी ने थानों को किया औचक निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**गौतमबुद्ध** नगर पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने थाना बादलपुर का औचक निरीक्षण किया। उनके द्वारा थाना कार्यालय, कम्प्यूटर कक्ष, साइबर हेल्प डेस्क, डाक कार्यालय, थाना हवालात, थाना मेस, थाना बैरक एवं महिला हेल्प डेस्क आदि का निरीक्षण किया गया और साफ-सफाई, डाटा फीडिंग और अभिलेखों के रखरखाव को लेकर संबंधित को आवश्यक दिशा.निर्देश दिए गए।

बादलपुर थाने के निरीक्षण के दौरान पुलिस कमिश्नर लक्ष्मी सिंह ने थाना परिसर का निरीक्षण करते हुए थाना प्रभारी और हेड मोहर्रिर को मालखाने में लंबित पड़े माल का शीघ्र निस्तारण करने, थाना परिसर और थाना बैरक की साफ सफाई पर विशेष ध्यान देने, आगंतुकों के बैठने की समुचित व्यवस्था रखने और लावारिस वाहनों की प्रक्रिया के अनुरूप नीलामी करने हेतु निर्देशित दिया गया।

हेल्प डेस्क पर नियुक्त पुलिसकर्मियों को पीड़ित की अविलंब सहायता करने, प्रतिदिन प्राप्त होने वाली सभी शिकायतों को रजिस्टर में अंकित करने व सभी शिकायतों का अविलंब गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराने, महिलाओं का फीडबैक लेने हेतु निर्देशित किया गया।



वर्ल्ड वेटलैंड-डे ( विश्व आर्द्रभूमि दिवस ) के अवसर पर नोएडा आयुक्त लक्ष्मी सिंह और गौतमबुद्ध नगर जिलाधिकारी सुहाष एलवाई द्वारा नदियों, झीलों तालाबों एवं दलदली भूमि के महत्व और संरक्षण को पहचानने के लिए वैश्विक जागरूकता का दिया संदेश।

## गाजियाबाद में युवक से 30 लाख की मांगी रंगदारी

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में एक व्यक्ति को फोन करके 30 लाख रुपए की रंगदारी मांगी गई है। रकम का इंतजाम न होने पर बेटे को गोली मारने की धमकी मिली है।

पुलिस ने पीड़ित की सुरक्षा के लिए एक गनर उपलब्ध करा दिया है। लिंक रोड थाना क्षेत्र में कड़कड़ मॉडल में राजेश राघव रहते हैं। पहले वो डिस्पोजल कप प्लेट का काम करते थेए लेकिन कोरोना लॉकडाउन में ये धंधा छूट गया। तब से वे मामूली नौकरी करके परिवार का गुजारा करते हैं। राजेश राघव ने बताया उनके मोबाइल पर कॉल आई। कॉल करने वाले ने कहा. तू राजेश राघव बोल रहा है। यदि तू चाहता है कि तेरा बेटा जिंदा रहे तो 30 लाख का बंदोबस्त चार दिन के अंदर कर ले।

## आग बुझाते समय फटा फायर सिलेंडर

● हादसे में तीन लोग हुए घायल

पायनियर समचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर नोएडा** में एक रबर कंपनी में हादसा हो गया। जहां कंपनी की एक मशीन में आग लग गई और उस आग को बुझाने के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर का सिलेंडर फट गया।

सिलेंडर फटने के दौरान इसकी चपेट में 3 लोग आ गए और तीनों लोग घायल हो गए। तीनों घायलों को आनन-फानन में ग्रेटर नोएडा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उनका उपचार चल रहा है। ग्रेटर नोएडा के एडिशनल डीसीपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि थाना बीटा 2 क्षेत्र के अंतर्गत साइट 4 में रबर लिमिटेड कम्पनी है। जिसमे फैन बेल्ट व वी बेल्ट बनाने का काम होता है, आज सुबह कंपनी में काम करते समय एक मशीन में घर्षण के बाद आग लग गई।



मशीन में लगी आग को बुझाने के दौरान फायर एक्सटिंग्विशर का सिलेंडर फट गया, जिससे दुर्घटना हो गई। इन दौरान मौके पर मौजूद तीन लोग घायल हो गए। जिन्हें आनन फानन में ग्रेटर नोएडा के कैलाश अस्पताल ले जाया गया। जितेन्द्र पांडे निवासी रोहतास बिहार, गंगाराम निवासी मथुरा व इंद्रजीत निवासी प्रयागराज घायल हुए। जिन्हें उपचार के लिए कैलाश अस्पताल में भर्ती कराया गया है, तीनों का उपचार चल रहा है। एडिशनल डीसीपी दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि 3 लोग घायल हुए हैं लेकिन तीनों ही खतरे से बाहर हैं। इस हादसे में कोई भी जनहानि नहीं हुई है।

## टायलेट और पार्क में गंदगी मिलने पर 1-1 लाख की पेनाल्टी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा वेस्ट में प्राधिकरण के निर्माणाधीन दफ्तर के सामने की रोड पर गंदगी देख सीईओ ऋतु माहेश्वरी ने कड़ी नाराजगी जाहिर करते हुए फर्म पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। वहां से सीईओ ग्रेटर नोएडा के गामा टू पहुंची।

इस सेक्टर के एच ब्लॉक में बने पार्क की खराब हालत देख सीईओ रितु माहेश्वरी ने ठेकेदार राजा कंस्ट्रक्शन पर एक लाख रुपये का जुर्माना लगाया। ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट की करने के निर्देश दिया। उद्यान विभाग को भी कड़ी चेतावनी दी। सीईओ वहां से 60 मीटर रोड होते हुए सूरजपुर तिराहे पर बने शौचालय का निरीक्षण करने रुकी। शौचालय की गंदगी देख कड़ी नाराजगी जाहिर की।

शौचालयों का रखरखाव व संचालन कर रही एजेंसी वाणी एडवरटाइजिंग पर भी एक लाख की पेनल्टी लगाई। सीईओ ने सूरजपुर के पास 60 मीटर रोड के किनारे अवैध रूप से बन रही दुकानों की जांच कर कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# जिले के प्रभारी मंत्री ने किया पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

**जिले** के प्रभारी मंत्री के तौर पर समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरूण का आज गाजियाबाद में पहला दौरा था। सबसे पहले उन्होंने नेहरू नगर स्थित भारतीय जनता पार्टी के क्षेत्रीय कार्यालय पर जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से जनसंवाद किया। इस दौरान युग करवट से हुई विशेष बातचीत में प्रभारी मंत्री ने कहा कि कुर्सी पर कौन बैठा है इससे फर्क नहीं पड़ता। उसने क्या काम किया इससे फर्क पड़ता है। स्थाई हो या अस्थाई सबका उद्देश्य जनता की सेवा करने का होना चाहिए।

कुर्सी पर चाहे जो भी बैठा हो, काम सबको करना है। उन्होंने कहा कि जिस जनता की सेवा के लिए हमें बैठाया गया है, उसके लिए हम कितना कर पाते हैं यह हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। इसलिए, जो भी सत्ता में रहेगा उसे आम जनता के लिए काम करना पडेगा। कानून व्यवस्था को लेकर विपक्ष पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा कि इसको लेकर प्रदेश सरकार को कुछ कहने की जरूरत नहीं है। गाजियाबाद और प्रदेश की जनता का रिपोर्ट कार्ड यह बताने के लिए काफी है। पूर्व की सरकारों में ऐसा नहीं था, लेकिन छह साल में प्रदेश की भाजपा सरकार में बहुत काम हुआ है। बहुत अच्छा काम योगी सरकार में हुआ है। उन्होंने सवाल किया कि क्या पहले बहन.बेटियां रात में घर से बाहर निकल पाती थी, लेकिन आज माहौल बदला है और अपराध कम हुआ है हम इसके आंकड़े दे सकते हैं। आज से छह साल पहले रात में महिलाएं घर से बाहर नहीं निकल पाती थी, लेकिन अब महिलाएं भय मुक्त वातारण में कभी भी बाहर घूम सकती हैं। लूट, अपहरण जैसी घटनाओं पर लगाम लगी है, अब त्वरित कार्रवाई होती है। हेल्पलाइन से लेकर थानों में भी शिकायत पर तत्काल कार्रवाई होती है। उन्होंने कहा कि पीड़ितों को जल्द न्याय मिले इसके लिए न्याय व्यवस्था को भी दुरूस्त करने पर काम किया जा रहा है। आज प्रदेश की जनता भयमुक्त जीवन जी रही है। पार्टी कार्यकर्ताओं से संवाद के सवाल पर असीम अरुण ने कहा कि आज वह यहां इसलिए ही आए हैं ताकि संगठनों को और मजबूती दी जा सके, जहां अगर कोई गैप है या आगामी चुनाव हो उसमें संगठन को मजबूत किया जा सके। इसके उपरांत प्रभारी मंत्री ने पार्टी के जनप्रतिनिधियों व कार्यकर्ताओं से संवाद किया। उन्होंने मौजूद पार्टी एक.एक कार्यकर्ताओं से परिचय प्राप्त किया और उन्हें संगठन को मजबूत करने की बात कहीं।

### कानून व्यवस्था में विपक्ष को दिखाया आईनाः असीम

गाजियाबाद पहुंचे प्रभारी मंत्री अरूण असीम ने कहा कि वह कोई वीआईपी ट्रीटमेंट नहीं चाहते। सडकों पर हूटर बजाते वाहनों पर लगाम लगनी चाहिए और वह खुद भी इसका पालन करेंगे। जिस तरह आम जनता सडकों पर चलती है उसी प्रकार उनका काफिला भी चलेगा। उन्होंने कहा कि सभी ट्रेफिक नियमों का पालन किया जाएगा। रेड लाइट पर अन्य वाहनों की तरह उनका काफिला भी रूकेगा। उनके काफिले में कोई भी हूटर का प्रयोग नहीं करेगा। असीम अरुण ने कहा कि जनता के बीच रहकर ही वह काम करेंगे और यही उनका उद्देश्य है।

### बैंक अकाउंट किराये पर देने वाली महिला अरेस्ट

**नोएडा।** अमेरिका की विंस्टर्न गोल्ड माइनिंग कॉर्पोरेशन कंपनी के नाम पर लोगों से करोड़ों रुपए की ठगी की गई। जिन खातों में ये पैसा ट्रांसफर किया गया वो दिल्ली में रहने वाली एक महिला ने किराए पर दिए। ये महिला नाइजीरिया गैंग को किराए पर बैंक खाते भी देती थी। साइबर क्राइम थाना पुलिस ने महिला को दिल्ली से गिरफ्तार किया है। किराए के खाते के लिए 5 हजार रुपए वसूलती थी। नोएडा साइबर क्राइम थाना प्रभारी रीता यादव ने बताया कि 13 अगस्त 2020 में नीति खंड इंदिरापुरम गाजियाबाद निवासी बद्रीनाथ सिंह ने धोखाधड़ी, षड्यंत्र रचने व आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था।

## नेत्र सर्जरी कर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**आई-7** अस्पताल के मेनेजिग डायरेक्टर डॉ. राहिल चौधरी ने एक दिन में 250 से अधिक सफल कंट्यूरा विजन लेजर सर्जरी (जो चश्मा हटाने की सबसे नवीनतम तकनीक है) कर न केवल रिकॉर्ड बनाया है बल्कि गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड में अपना नाम दर्ज करवा लिया है । डॉ राहिल चौधरी ने बताया कि इससे पहले भी चार बार इन्डियन बुक ऑफ रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करवा चुके हैं। उन्होंने बताया कि भारत में सबसे ज्यादा सफल लेसिक सर्जरी (चश्मा हटाने का लेजर ट्रीटमेंट)करने का रिकॉर्ड सबसे अधिक सफल आईसीएल सर्जरी (चश्मा हटाने के लेन्स)करने का रिकॉर्ड सबसे अधिक आर्टिफिशियल इंटेलिजेस से मोतियाबिंद का लेजर आपरेशन करने और सबसे तेज 1 मिनट 21सेकंड में चश्मा हटाने की लेजर सर्जरी करने का रिकार्ड भी शामिल है।

डॉ. राहिल चौधरी को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड लन्दन के ऋषि नाथ ने रिकॉर्ड बनाने की घोषणा की जिन्होंने रिकॉर्ड के पूरा होने पर सर्टिफिकेट दिया है।

## नोएडा में शादी का झांसा देकर बलात्कार

**नोएडा।** नोएडा इलाके के थाना फेस-वन क्षेत्र के सेक्टर आठ में रहने वाली एक युवती के साथ एक व्यक्ति ने शादी का झांसा देकर कथित रूप से बलात्कार किया।

पुलिस ने बताया कि जब पीड़िता ने आरोपी से शादी करने के लिए कहा तो उसने धमकी दी। पुलिस प्रवक्ता धर्मेंद्र शुक्ला ने बताया कि एक युवती ने थाना फेस-वन में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि अनिल व्यक्ति ने उसे शादी का झांसा देकर उसके साथ काफी दिनों तक बलात्कार किया।

आरोप है कि जब उसने शादी के लिए दबाव बनाया तो आरोपी ने उसके साथ जान से मारने की धमकी दी।



यातायात नियमों को लेकर बच्चों को जागरूक करते पुलिस अधिकारी।

## नोएडा के स्काईवॉक की डिजाइन जल्द बनाने का निर्देश

● ग्रेनो वेस्ट व ग्रेटर नोएडा का हाल जानने पहुंची सीईओ

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

**ग्रेटर** नोएडा और ग्रेनो वेस्ट का हाल जानने के लिए प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी गुरुवार को सड़कों पर घूमीं। सीईओ ग्रेटर नोएडा वेस्ट के व्यस्ततम चौराहा चार मूर्ति चौक पर अंडरपास और स्काईवॉक की डिजाइन तैयार कराकर निर्माण कार्य शीघ्र शुरू कराने और ग्रेनो वेस्ट में प्राधिकरण के नए दफ्तर का कार्य जल्द पूरा कराने के निर्देश दिए।

इससे यहां के निवासियों को बड़ी सुविधा शीघ्र मिल सके। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की सीईओ ऋतु माहेश्वरी के दौरे की शुरुआत बृहस्पतिवार सुबह चार मूर्ति चौक से हुई। उनके निरीक्षण के दौरान एसीईओ प्रेरणा शर्मा और एसीईओ अमनदीप डुली समेत सिविल, उद्यान, जल-सीवर व जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का पूरा अमला शामिल रहा। सीईओ ने चार मूर्ति गोलचक्कर पर प्रस्तावित अंडरपास के बारे में जानकारी ली।



तीन माह में इसकी डिजाइन फाइनल कर टेंडर निकालने और काम शुरू कराने के निर्देश दिए। यह अंडरपास 60 मीटर के पैरलल बनेगा। गाजियाबाद की तरफ से आने वाले वाहन इस अंडरपास से गुजरेंगे। इससे ग्रेटर नोएडा वेस्ट के लाखों निवासियों को बड़ी राहत मिल जाएगी। इस अंडरपास को बनाने में करीब 60 करोड़ रुपये खर्च होने का आकलन है। काम शुरू होने के बाद पूरा होने में लगभग दो साल लगेंगे। सीईओ ने इसी चौराहे पर बेतरतीब खड़े ऑटो को ट्रैफिक पुलिस की मदद से व्यवस्थित कराने के निर्देश दिए। इसके बाद ऋतु माहेश्वरी टेकजोन फोर में बन रहे प्राधिकरण के नए दफ्तर का जायजा लेने पहुंची।

ऑफिस बिल्डिंग व आसपास के एरिया को विकसित करने में देरी पर नाराजगी जताई। इसका निर्माण कार्य तीन माह में पूरा कराने को कहा है। इस दफ्तर को बनाने में करीब सवा दो करोड़ रुपये खर्च हो रहे हैं। सीईओ ने 60 मीटर रोड पर स्थित डी पार्क को भी देखा। इस पार्क में अब तक हुए कार्यों पर संतोष जताते हुए इसे और बेहतर करने के निर्देश दिए।



# जोजोबा ऑयल की मदद से घर पर ही बनाएं मेकअप रिमूवर

स्किन का ख्याल रखने के लिए यह बेहद जरूरी है कि रात को सोने से पहले मेकअप अवश्य रिमूव किया जाए। यूं तो मार्केट में कई तरह के मेकअप रिमूवर मिलते हैं, लेकिन इनमें मौजूद केमिकल्स आपकी स्किन को फायदा कम और नुकसान अधिक पहुंचाते हैं। ऐसे में अगर आप नेचुरल ऑयल्स की मदद से मेकअप रिमूव करती हैं तो इससे आपकी स्किन को भी लाभ मिलता है। इन्हीं में से एक है जोजोबा ऑयल। यह ना केवल आपकी स्किन को मॉइश्चराइज करता है, बल्कि एक बेहतर मेकअप रिमूवर की तरह भी काम करता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता हैं कि आप जोजोबा ऑयल को बतौर मेकअप रिमूवर किस तरह इस्तेमाल कर सकती हैं–

**सीधे लगाएं चेहरे पर**

यह जोजोबा ऑयल के इस्तेमाल का एक सबसे आसान तरीका है। इसके लिए आप एक कॉटन बॉल में तीन से चार बूंद जोजोबा ऑयल डालें और फिर मेकअप को पोंछने के लिए इस कॉटन बॉल का उपयोग करें। आप आई शैडो, फाउंडेशन, ब्लश और कंसीलर को हटाने के लिए हल्का दबाव डालें। वहीं होठों के दाग, लिपस्टिक, काजल, या आईलाइनर को हटाने के लिए आपको थोड़ा अतिरिक्त जोर लगाना पड़ सकता है। तेल आपकी स्किन में गहराई से समाकर उसे मॉइश्चराइज़ भी करेगा।

**जोजोबा ऑयल और गुलाब जल से बनाएं मेकअप रिमूवर**

जोजोबा ऑयल को गुलाब जल में मिक्स करके भी एक बेहतरीन मेकअप रिमूवर बनाया जा सकता है। इसके लिए आप एक छोटा खाली कंटेनर लें और ऑर्गेनिक जोजोबा ऑयल व गुलाब जल को बराबर मात्रा में उसमें डालें। अब इस पर लिड लगाकर उसे अच्छी तरह मिक्स करें। आप एक कॉटन बॉल को तैयार मिश्रण से गीला करें और इसे अपनी आंखों से शुरू करते हुए पूरे चेहरे पर धीरे-धीरे रगड़ें। इस मिश्रण को अपने चेहरे पर तब तक लगाना जारी रखें जब तक कि पूरा मेकअप साफ न हो जाए।



**जोजोबा ऑयल व बादाम के तेल से बनाए मेकअप रिमूवर**

जोजोबा ऑयल आपकी स्किन की सुंदरता और चमक बनाए रखता है। यह इतना कमाल का मेकअप रिमूवर है कि शिमरी मेकअप भी आसानी से उतर जाता है। इसके लिए आप एक छोटा कांच का कंटेनर लें। उसमें आर्गेनिक जोजोबा ऑयल, बादाम का तेल व विटामिन ई ऑयल डालकर मिक्स करें। सभी सामग्रियों को मिलाने के लिए कंटेनर को हिलाएं। इस मिश्रण को हल्के हाथों से अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। आप अंत में कॉटन बॉल की मदद से मेकअप हटाने के लिए अपने चेहरे को पोंछ लें।

"

जोजोबा ऑयल के इस्तेमाल का एक सबसे आसान तरीका है। इसके लिए आप एक कॉटन बॉल में तीन से चार बूंद जोजोबा ऑयल डालें और फिर मेकअप को पोंछने के लिए इस कॉटन बॉल का उपयोग करें। आप आई शैडो फाउंडेशन, ब्लश और कंसीलर को हटाने के लिए हल्का दबाव डालें।

# गलत मेकअप बिगाड़ सकता है चेहरे की खूबसूरती

**मेकअप** प्रोडक्ट्स की सही देखभाल बहुत जरूरी है, वरना आपका लुक और पैसे दोनों बर्बाद हो सकते हैं। कई लोग मेकअप की शेल्फ लाइफ देखे बिना उसका इस्तेमाल करते हैं, जिससे स्किन पर हानिकारक असर हो सकता है। मेकअप प्रोडक्ट्स की देखरेख कैसे करनी चाहिए और किस मेकअप प्रोडक्ट को कितने समय तक इस्तेमाल करना चाहिए, इसके बारे में बता रही हैं ब्यूटी एक्सपर्ट शहनाज हुसैन।

मेकअप के लिए इस्तेमाल होने वाले सभी कॉस्मेटिक्स की शेल्फ लाइफ होती है। इन्फेक्शन से बचने के लिए प्रोडक्ट्स का शेल्फ लाइफ से ज्यादा इस्तेमाल नहीं करना चाहिए। खासकर आंखों के लिए इस्तेमाल होने वाले कॉस्मेटिक्स के मामले में थोड़ी भी लापरवाही भारी पड़ सकती है।

आयुर्वेदिक प्रोडक्ट्स की बात करें तो आमतौर पर स्किन और बालों के लिए इस्तेमाल होने वाले प्रोडक्ट्स की शेल्फ लाइफ उनके प्रोडक्शन की तारीख से तीन साल तक होती है। केमिकल बेस्ट ब्यूटी प्रोडक्ट्स की शेल्फ लाइफ आमतौर पर दो होती साल है। कुछ मेकअप कॉस्मेटिक्स की शेल्फ लाइफ इससे भी कम होती है। मेकअप प्रोडक्ट्स की सही देखभाल जरूरी बाजार में सामान्य तौर पर आप पाते हैं कि कई मेकअप प्रोडक्ट्स की एक्सपायरी डेट नहीं होती, इसलिए आपको मेकअप को बदलने का समय आने पर सोचना पड़ता है कि उन्हें आगे इस्तेमाल करें या नहीं। मेकअप प्रोडक्ट्स न केवल धूल के संपर्क में आते हैं, बल्कि उनके ऐप्लिकेटर के माध्यम से स्किन के प्राकृतिक ऑयल्स के साथ भी मिल जाते हैं। जिस तरह से आप अपने कॉस्मेटिक्स को स्टोर करते हैं, वह शेल्फ-लाइफ को प्रभावित कर सकता है।

प्रोडक्ट का कलर और खुशबू भी महत्वपूर्ण है। अगर लिपस्टिक से बदबू आती है तो इसका मतलब है कि उसका ऑयल अलग हो गया है। यदि आपका काजल सूखा या बहुत चिपचिपा है, तो इसका मतलब है कि इसे बदल देना चाहिए। कॉस्मेटिक्स ही नहीं, बल्कि ऐप्लिकेटर की सफाई का भी खास ध्यान रखना चाहिए।

## समझें मेकअप बदलने का समय

**फाउंडेशन:** एक साल बाद वॉटर बेस्ड फाउंडेशन बदल दें, जबकि क्रीम बेस्ड फाउंडेशन लंबे समय तक-करीब 18 महीने तक चल सकता है।

**पाउडर:** लूज पाउडर दो से तीन साल तक रह सकता है, लेकिन कॉम्पैक्ट पाउडर दो साल तक रहता है और कभी-कभी उससे पहले भी सूख सकता है। यदि कॉम्पैक्ट पाउडर टूट जाता है, तो इसे बदलने का समय आ गया है। ब्लशर और आई शैडो की शेल्फ लाइफ समान होती हैपाउडर ब्लशर और पाउडर शैडो दो साल तक चलते हैं, जबकि क्रीम ब्लशर और शैडो लगभग 18 महीने तक चलते हैं। अगर आपको लगता है कि ब्लशर का कलर या शैडो बदल गया है, तो इसे बदलने का समय आ गया है। काजल तीन से छह महीने तक रहता है। रोल-ऑन मस्कारा के एप्लीकेटर ब्रश के पंपिंग प्रोसेस के बारे में कहा जाता है कि यह उन्हें बैक्टीरिया के प्रति अधिक संवेदनशील बनाता है।

आईलाइनर की शेल्फ लाइफ दो साल होती है। अगर आप आई पेंसिल का इस्तेमाल करते हैं, तो उन्हें नियमित रूप से शार्प करें। यह आपको प्रदूषण से सुरक्षित रखता है।



लिपस्टिक भी दो साल तक चलती है, लेकिन लिप ग्लॉस कम समय 12 से 18 महीने तक रहता है। जैसा कि पहले भी बताया गया है कि यदि प्रोडक्ट के कलर या खुशबू में कोई बदलाव नजर आए तो उसे बदल देना चाहिए। अगर आपको लगता है कि यूज करने की तारीख से पहले ही आपका मस्कारा सूख गया है, तो इसे नरम करने के लिए पानी या क्रीम न मिलाएं। यदि आंखों में इन्फेक्शन है, तो

**इन्फेक्शन से बचने के लिए चुनें सही तरीका**

कॉस्मेटिक्स का इस्तेमाल करना बंद कर दें। साथ ही अपने आईलाइनर, काजल और आई पेंसिल को बदल दें, भले ही उनकी शेल्फ लाइफ अभी बाकी हो, वरना आंखों में फिर से इन्फेक्शन हो सकता है।

मेकअप लगाने से पहले हमेशा हाथ धोएं, क्योंकि हम अक्सर एप्लिकेशन या ब्लेंडिंग के लिए उंगलियों का इस्तेमाल करते हैं। कहने की जरूरत नहीं है कि मेकअप कॉस्मेटिक्स शेयर करने से बचें।

# ये टिप्स अपनाएंगी तो नहीं दिखेगा मेकअप के बाद चेहरा मोटा

**हम** सभी चाहते हैं कि मेकअप करने के बाद हमारा चेहरा खूबसूरत नजर आए और इसके लिए हम आए दिन नए से नए मेकअप प्रोडक्ट्स को भी खरीदते हैं। साथ ही इंटरनेट की मदद लेकर उन प्रोडक्ट्स से नए लुक्स भी क्रिएट करते हैं।

वहीं कई बार हम मेकअप तो कर लेते हैं, लेकिन उसके बाद हमारा चेहरा खूबसूरत दिखने की जगह भद्दा और मोटा नजर आने लगता है। अगर आपके साथ भी ऐसा ही होता है तो इस आर्टिकल को आखिर तक जरूर पढ़ें। इसमें हम आपको बताने वाले हैं कि किन मेकअप टिप्स का इस्तेमाल कर आपका फेस मेकअप करने के बाद दिख सकता है पतला और शार्प।

## करें मेकअप कॉन्टूरिंग का इस्तेमाल

मेकअप के बाद कई बार हम जल्दबाजी के कारण कॉन्टूरिंग जैसे जरूरी स्टेप को स्किप कर देते हैं, जिसके कारण कई बार हमारा चेहरा फाउंडेशन लगाते ही उभरा हुआ नजर आने लगता है और मोटा दिखता है। चेहरे को मेकअप के बाद शार्प लुक और पतला दिखाने के लिए आपको अपने फेस शेप के अनुसार मेकअप कॉन्टूरिंग का इस्तेमाल करना चाहिए। ऐसा करने से आपके फेस का स्ट्रक्चर काफी खूबसूरती के साथ हाइलाइट होगा।

हर मेकअप प्रोडक्ट को सही तरीके से ब्लेंड करना बेहद जरूरी होता है ताकि आपका चेहरा खूबसूरत नजर आए।

बता दें कि अगर आप समय देकर हर मेकअप प्रोडक्ट की ब्लेंडिंग पर ध्यान नहीं देंगी तो मेकअप प्रोडक्ट की शार्प लाइन्स आखिर तक आपके चेहरे पर नजर आ सकती है और इससे आपका लुक बेहद खराब नजर आ सकता है। इसके लिए आप ब्यूटी ब्लेंडर का इस्तेमाल कर सकती हैं और पाउडर प्रोडक्ट के लिए आप फ्लफी ब्लेंडिंग ब्रश को भी चुन सकती हैं। मेकअप करते समय कई बार हम तरह-तरह के क्रीम और पाउडर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, जिसके कारण एक के ऊपर एक मेकअप की परत बन जाती है। बता दें कि यह परते मिलकर आपके चेहरे को भद्दा बनाने का काम करती हैं। इसलिए मेकअप प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते समय आप लेयरिंग कम से कम करें। साथ ही उसे समय देकर ठीक तरह से ब्लेंड भी करें ताकि आपका मेकअप लुक खूबसूरत नजर आए।

# घर पर बनाएं ये स्क्रब, डेड स्किन की होगी छुट्टी

**अमूमन** स्किन की केयर करने के लिए हम फेस वॉश, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग आदि का सहारा लेते हैं। लेकिन बेहतर व ग्लोइंग स्किन के लिए स्किन को समय-समय पर स्क्रब करना जरूरी है। दरअसल, समय के साथ स्किन पर डेड स्किन सेल्स जमा हो जाते हैं। ऐसे में अगर उन्हें रिमूव ना किया जाए तो ऐसे स्किन केयर प्रोडक्ट गहराई में समाने की जगह सिर्फ ऊपर ही रह जाते हैं और इससे किसी भी प्रोडक्ट का कोई लाभ नहीं होता है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे आसान स्क्रब के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें आप बेहद आसानी से अपने घर पर बनाकर ग्लोइंग स्किन पा सकते हैं–

## चॉकलेट की मदद से बनाएं स्क्रब

चॉकलेट ना केवल एंटी-ऑक्सीडेंट रिच है, बल्कि इसमें एंटी-एजिंग गुण भी पाए जाते हैं। यह आपकी स्किन को मुलायम व ग्लोइंग बनाने में मददगार है। इस स्क्रब को तैयार करने के लिए दो से तीन बड़े चम्मच पिघली हुई डार्क चॉकलेट, एक कप दानेदार चीनी, दो बड़े चम्मच पिसी हुई कॉफी और आधा कप नारियल का तेल लें। इन सभी सामग्रियों को मिलाकर एक एयर टाइट जार में भरकर रख लें। जब आप इसका इस्तेमाल करना चाहें, तो माइक्रोवेव सेफ बाउल में कुछ चम्मच भर लें और इसे 6 से 8 सेकेंड के लिए गर्म करें। इसके बाद आप अपनी स्किन पर इसे हल्के से स्क्रब करें।

## बादाम की मदद से बनाएं स्क्रब

अगर आप चाहें तो नारियल दूध, ओट्स और बादाम की मदद से भी एक स्क्रब तैयार कर सकते हैं। ये स्क्रब आपकी स्किन को एक्सफोलिएट करने के साथ-साथ आपकी स्किन को ग्लोइंग बनाएगा। इसे बनाने के लिए आप दो कप व्हाइट क्ले, एक कप ग्राउंडेड ओट्स, चार बड़े चम्मच पिसे हुए बादाम और दो बड़े चम्मच बारीक पिसे गुलाब को एक साथ मिलाएं। अब इनका एक स्मूद पेस्ट तैयार करने के लिए आप इसमें पर्याप्त नारियल का दूध डालें। अब आप इसे एक एयरटाइट कंटेनर में स्टोर करें। आवश्यकतानुसार स्क्रब लेकर उससे अपनी स्किन की मसाज करें।

## टमाटर व दही से बनाएं फल

टमाटर और दही से बना स्क्रब आपकी स्किन पर मौजूद टैनिंग को हटाने के साथ-साथ अपनी स्किन को लाइटन करने में मदद करता है। इस स्क्रब को बनाने के लिए आप दो चम्मच टमाटर का गूदा लें। अब इसमें दो चम्मच दही और आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर स्क्रब बनाएं। अब आप इसे अपनी स्किन पर इस्तेमाल कर सकती हैं।

टमाटर और दही से बना स्क्रब आपकी स्किन पर मौजूद टैनिंग को हटाने के साथ-साथ अपनी स्किन को लाइटन करने में मदद करता है। इस स्क्रब को बनाने के लिए आप दो चम्मच टमाटर का गूदा लें। अब इसमें दो चम्मच दही और आधा चम्मच नींबू का रस मिलाकर स्क्रब बनाएं।



# गिल ने तोड़ा विराट का रिकॉर्ड, सबसे कम उम्र में शतक जमाने वाले भारतीय बने

## छह महीने के अंदर तीनों फॉर्मेट में सेंचुरी




एजेंसी। अहमदाबाद

**टीम** इंडिया ने तीसरे टी-20 मैच में न्यूजीलैंड को 168 रन से हरा दिया। भारत की जीत के हीरो रहे 23 साल के ओपनर शुभमन गिल। वनडे में पिछले चार मुकाबलों में तीन शतक जमाने वाले गिल पहले दो टी-20 में खास प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। इसकी भरपाई उन्होंने अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में कर दी।

तीसरे मैच में उन्होंने 126 रन जोरदार पारी खेली। गिल इसके साथ ही टी-20 इंटरनेशनल में भारत की ओर से सबसे बड़ी पारी खेलने वाले बल्लेबाज बन गए। उन्होंने विराट कोहली (122 रन) का रिकॉर्ड तोड़ा है।

गिल अब टी-20 फॉर्मेट में भारत के सबसे युवा सेंचूरियन बन गए हैं। उन्होंने सुरेश रैना का रिकॉर्ड तोड़ा है। इस रिकॉर्ड की डिटेल्स अगले ग्राफिक में देखिए। गिल किस कमाल की फॉर्म में हैं इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि उन्होंने पिछले 6 महीनों में तीनों फॉर्मेट यानी टेस्ट, वनडे और टी-20 में शतक जमाया है। गिल तीनों फॉर्मेट में शतक जमाने वाले भारत के अब तक के सिर्फ पांचवें और दुनिया के 21वें बल्लेबाज बने हैं। गिल से पहले सुरेश रैना, केएल राहुल, रोहित शर्मा और विराट कोहली यह कारनामा कर चुके हैं। गिल तीनों फॉर्मेट में शतक जमाने वाले दुनिया के दूसरे सबसे युवा बल्लेबाज हैं।

पाकिस्तान के मोहम्मद शहजाद ने 22 साल और 127 दिन की उम्र में यह उपलब्धि हासिल कर ली थी। गिल ने यह कारनामा 23 साल 146 दिन में किया है। न्यूजीलैंड की टीम तीसरे टी-20 में सिर्फ 66 रन पर ऑलआउट हो गई। यह भारतीय पिचों पर टी-20 इंटरनेशनल में किसी टीम का सबसे कम स्कोर है।

### तीसरे मैच में उन्होंने 126 रन जोरदार पारी खेली

### टेस्ट टीम की सबसे बड़ी हार

**न्यूजीलैंड** की हार टी-20 इंटरनेशनल में किसी टेस्ट टीम की सबसे बड़ी हार है। किसी टेस्ट टीम की सबसे बड़ी जीत श्रीलंका के नाम है। श्रीलंका ने 2007 में केन्या को 172 रन से हराया था। भारत ने टी-20 में टेस्ट टीम की दूसरी सबसे बड़ी जीत का रिकॉर्ड बनाया है।

# अमन ने जगरेब ओपन कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता

एजेंसी। जगरेब (क्रोएशिया)




**भारतीय** पहलवान अमन सहरावत ने यहां जगरेब ओपन कुश्ती चैम्पियनशिप में कांस्य पदक जीता। अमन (17 वर्ष) ने कांस्य पदक के मुकाबले में अमेरिका के जेन राए रोड्स रिचर्ड्स को 10-4 से शिकस्त देकर रैंकिंग टूर्नामेंट में पोडियम स्थान हासिल किया।

अजरबेजान के अलीअब्बास रजाजादे ने फाइनल में जापान के युटो निशियुची को 2-0 से हराकर स्वर्ण पदक जीत लिया। दूसरा कांस्य पदक जॉर्जिया के बेका बुजियाश्विली ने जीता जिन्होंने अजरबेजान के इस्लाम बाजारगानोव को शिकस्त दी। अमन ने इससे पहले क्वार्टरफाइनल में जॉर्जिया के रोबर्टी डिंगाश्विली को हराया था। लेकिन वह सेमीफाइनल में निशियुची से पराजित हो गए थे जिससे उन्होंने रेपेशाज दौर के लिए क्वालीफाई किया क्योंकि उनका जापान प्रतिद्वंद्वी फाइनल में पहुंच गया था।

# धोनी की तरह भूमिका निभाना मेरी जिम्मेदारी : हार्दिक पांड्या

एजेंसी। अहमदाबाद




**भारत** के स्टार हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पांड्या का मानना है कि उनमें दबाव झेलने की क्षमता विकसित हो गई है और उन्हें टीम के लिए महान महेंद्र सिंह धोनी की तरह भूमिका निभाने में कोई परेशानी नहीं है। इस 29 साल के ऑलराउंडर को आतिशी बल्लेबाजी के जाना जाता है लेकिन हाल में श्रीलंका और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखलाओं में टीम की अगुवाई करने वाले इस खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने पारी को संभालना सीख लिया है। पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर के बाद के चरण में ऐसी भूमिका निभाया करते थे।

न्यूजीलैंड के खिलाफ तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में 168 रन की जीत के साथ श्रृंखला को 2-1 से अपने नाम करने वाले भारतीय कप्तान ने कहा, मुझे दूसरे तरीके से जिम्मेदारी लेनी है। जहां मैं हमेशा साझेदारी में विश्वास करता हूं। मैं अपनी टीम और दूसरे अधिक भरोसा और आश्वासन देना चाहता हूं कि कम से कम मैं वहां मौजूद हूं। उन्होंने कहा, मैंने इस टीम (टी-20 अंतराष्ट्रीय) में शामिल अन्य खिलाड़ियों के मुकाबले अधिक क्रिकेट खेला है। ऐसे में अनुभव से मैंने दबाव को झेलने के साथ यह सुनिश्चित करना सीखा है कि हर परिस्थिति मे टीम में माहौल शांत रहे। धोनी को उनके शांत व्यवहार के लिए जाना जाता है और हार्दिक का मानना है कि अब यह उनकी जिम्मेदारी है कि वे एक बल्लेबाज के रूप में दिग्गज विकेटकीपर की जगह लें। वह इस भूमिका को निभाने के लिए अपने स्ट्राइक-रेट को कम करने लिए तैयार हैं। हार्दिक ने कहा, इस तरह, शायद मुझे अपना स्ट्राइक रेट कम करना होगा या नई चुनौती स्वीकार करनी होगी। यह कुछ ऐसा है जिसे होते हुए मैं देख रहा हूं। मुझे इस तरह की भूमिका निभाने में कोई आपत्ति नहीं है जैसा की माही भाई (धोनी) करते थे। हार्दिक ने 87 टी-20 मैचों में 142.17 के स्ट्राइक रेट से 1271 रन बनाए हैं। हार्दिक ने कहा, इमानदारी से कहूं तो मुझे छक्के लगाना पसंद है लेकिन एक खिलाड़ी के तौर पर आपको बेहतर होते रहना होता है। मुझे कुछ और भूमिका निभानी है और मैं बल्लेबाजी के समय साझेदारी में विश्वास करता हूं। भारत ने तीसरे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में शानदार लय में चल रहे शुभमन गिल की नाबाद 126 रन की पारी के बूते भारत ने चार विकेट पर 234 रन बनाने के बाद न्यूजीलैंड की पारी को 66 रन पर समेट कर 168 रन की अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज की।

### हार्दिक ने गेंदबाजी की अगुवाई करते हुए चार विकेट झटके

**हार्दिक** ने तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करते हुए चार विकेट झटके। उन्होंने नई गेंद से गेंदबाजी की शुरुआत करने के बाद में पूछे जाने पर कहा, मुझे टी-20 अंतरराष्ट्रीय में नई गेंद से गेंदबाजी करनी होगी क्योंकि इस टीम में दूसरे गेंदबाज नए है और मैं उन्हें मुश्किल भूमिका नहीं देना चाहता। अगर उनके खिलाफ अधिक रन बन गए तो वे दबाव में आ सकते है। मैं खुद जिम्मेदारी लेकर टीम का नेतृत्व करना चाहता हूं।

### समय अनुकूल होने पर करूंगा वापसी : पंड्या

**हार्दिक** ने कहा कि आगामी एकदिवसीय और टी-20 अंतराष्ट्रीय विश्व कप को देखते हुए फिलहाल उनका पूरा ध्यान सीमित ओवर की क्रिकेट पर है। उन्होंने अपना पिछला टेस्ट 2018 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेला था। उनकी 2019 में सर्जरी हुई थी और उसके बाद से वह खेल के सबसे लंबे प्रारूप की टीम से बाहर है। मैं तब वापसी करूंगा जब मुझे लगेगा कि मेरे लिए टेस्ट क्रिकेट खेलने का सही समय है। अभी, मैं सफेद गें द के क्रिकेट पर ध्यान केंद्रित करने कर रहा हूं, जो महत्वपूर्ण है।

## श्रीलंका में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए सुसंथिका को नियुक्त किया

**कोलंबो।** महान ट्रैक एथलीट और ओलंपिक रजत पदक विजेता सुसंथिका जयसिंघे को श्रीलंका क्रिकेट (एसएलसी) ने देश में महिला क्रिकेट को बढ़ावा देने के लिए नियुक्त किया है। इससे महिला खिलाड़ियों की प्रतिभा में इजाफा होगा।

सिडनी ओलंपिक (2000) में सुसंथिका ने 200 मीटर में रजत पदक हासिल किया था। वह स्प्रिंट स्पर्धा में ओलंपिक या विश्व चैंपियनशिप पदक जीतने वाली पहली एशियाई महिला बनी थी। एसएलसी के अनुसार 47 साल की सुसंथिका को सलाहकार – महिला क्रिकेट में मार्गदर्शन और विकास का पद दिया गया है।

वह देश में महिला क्रिकेटों की वर्तमान और भावी पीढ़ियों को प्रेरित करने के लिए धैर्य और दृढ़ संकल्प की अपनी कहानी का उपयोग करेंगी। सुसंथिका ने कहा, मैं इस नई चुनौती से बेहद खुश हूं, क्योंकि यह मुझे युवा महिला खिलाड़ियों को खेल में मदद करने, चुनौतियों का सामना करने और स्टार बनने का मौका मिलेगा, जिसके वे हकदार हैं।

# भारत में अच्छी पिच मिली तो जीतेगा ऑस्ट्रेलिया: हीली

### श्रृंखला में दोनों टीम नौ को नागपुर में आमने-सामने होगी

एजेंसी। मेलबर्न




**ऑस्ट्रेलिया** पूर्व दिग्गज विकेटकीपर इयान हीली ने कहा कि भारत दौरे पर अगर पिच पूरी तरह से स्पिनरों की मददगार हुई तो घरेलू टीम का पलड़ा भारी होगा लेकिन अगर पिच बल्लेबाजी और गेंदबाजी के लिए अच्छी हुई तो उनकी टीम के पास जीत दर्ज करने का मौका होगा।

दोनों टीमें चार मैचों की बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट श्रृंखला में नौ फरवरी से नागपुर में आमने सामने होगी। हीली ने एसईएनक्यू ब्रेकफास्ट से कहा, अगर वह ऐसी पिच तैयार करते हैं जो शुरुआत में बल्लेबाजी के लिए अच्छी हो और खेल के आगे बढ़ने के साथ स्पिनरों की मददगार हो तो ऑस्ट्रेलिया के जीतने की संभावना अधिक होगी। उन्होंने कहा, मैं पहले टेस्ट के लिए (मिचेल) स्टार्क और (नाथन) लियोन को लेकर चिंतित हूं। अगर वहां की पिच वैसी हुई, जैसा कि हमने पिछले दौरे में देखा था तो भारतीय टीम अच्छी स्थिति में होगी। उस समय पहले दिन से ही गेंद असामान्य उछाल ले रही थी और रूक कर आ रही थी। मुझे लगता है कि ऐसी परिस्थितियों में भारतीय टीम हमसे बेहतर है। हीली ने टीम के युवा खिलाड़ियों से दबाव झेलने और क्षेत्ररक्षण में कम गलतियां करने की सलाह दी। उन्होंने कहा, मैं चाहता हूं खिलाड़ी उस दबाव (स्थानीय टीम से) से बचने की जगह डटकर उसका सामना करें। उन्होंने कहा, भारत में 10 विकेट झटकने के लिए आपको 10 मौके ही मिलेंगे जबकि ऑस्ट्रेलिया में गेंद की उछाल और गति से आप 13 मौके बना सकते है।

ऐसे में क्षेत्ररक्षण करते ऑस्ट्रेलिया में आप चूक कर सकते है लेकिन भारत में यह काफी महंगा पड़ेगा। ऑस्ट्रेलिया ने भारत में 2004 के बाद कोई टेस्ट श्रृंखला नहीं जीती है। टीम नौ फरवरी से नागपुर के बाद नई दिल्ली (17 से 21 फरवरी), धर्मशाला (एक से पांच मार्च) और अहमदाबाद (नौ से 13 मार्च) में मैच खेलेगी।

# लेवांडोव्स्की के गोल से बार्सीलोना ने बेटिस को हराया

एजेंसी। मैड्रिड




**रोबर्ट** लेवांडोव्स्की के गोल से बार्सीलोना ने ला लीगा (स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग) में रीयल बेटिस को बुधवार को यहां 2-1 से शिकस्त देकर खिताब के लिए अपना दावा और मजबूत किया। इस जीत से टीम ने 50 अंक के आंकड़े को छू लिया।

बार्सीलोना के नाम 19 मैचों में 16 जीत के साथ 50 अंक है जबकि दूसरे स्थान पर काबिज रीयल मैड्रिड के नाम 18 मैचों में 42 अंक है। लेवांडोव्स्की ने इस लीग में अक्टूबर के बाद पहला गोल किया जिससे प्रतिस्पर्धी मुकाबले में बार्सीलोना की लगातार छठी जीत सुनिश्चित हुई। पोलैंड के इस दिग्गज खिलाड़ी के नाम इस लीग के मौजूदा सत्र में अब 14 गोल है। वह इस मामले में अब सबसे आगे है। बार्सीलोना के लिए राफिन्हा ने मैच के 65वें मिनट में पहला गोल किया जबकि लेवांडोव्स्की ने 80वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर दिया। डिफेंडर जूल्स कुंडे ने मैच के 85वें मिनट में आत्मघाती गोल किया जिसने बार्सीलोना के जीत के अंतर को कम किया।

# न्यूजीलैंड के चयनकर्ता लार्सन को विश्व कप में बोल्ट के खेलने की उम्मीद

### विश्व कप में टीम की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे

एजेंसी। ऑकलैंड



**न्यूजीलैंड** क्रिकेट (एनजेडसी) के चयनकर्ता गेविन लार्सन को उम्मीद है कि तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट इस साल के अंत में भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप में टीम की गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई करेंगे। पिछले साल न्यूजीलैंड क्रिकेट (एनजेडसी) बोल्ट को केंद्रीय अनुबंध से मुक्त करने पर सहमत हो गया था क्योंकि वह दुनिया भर की टी-20 लीग के लिए खुद को उपलब्ध कराना चाहते थे।

वह वर्तमान में यूएई के इंटरनेशनल लीग टी20 में एमआई अमीरात के लिए खेल रहे हैं। इस 33 साल के खिलाड़ी ने हालांकि आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) स्पर्धाओं में भाग लेने की इच्छा जताई है, लेकिन अभी तक टूर्नामेंट में उनकी भागीदारी की पुष्टि नहीं हुई है। लार्सन ने एसईएनजेड मॉर्निंग्स से कहा, बोल्ट के लिए दरवाजे खुले है। उन्होंने बताया कि बोल्ट टीम के मुख्य कोच गैरी स्टीड के संपर्क में है और दोनों लगातार बातचीत कर रहे हैं।

कहा, गैरी और ट्रेंट नियमित रूप से बात करते हैं। हम सभी बोल्ट काबिलियत और उनके अनुभव को जानते है। वह कई साल से हमारे लिए मैच विजेता खिलाड़ी रहे है। बाएं हाथ के गेंदबाज बोल्ट के पास गेंद का तेज गति से दोनों ओर स्विंग करने की काबिलियत है। यह क्षमता उन्हें खेल के हर प्रारूप में सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक बनाती है। न्यूजीलैंड के लिए आठ टेस्ट और 121 एकदिवसीय खेलने वाले पूर्व खिलाड़ी लार्सन ने कहा, हम चाहते हैं कि वह शामिल हो, हम पूरी तरह से उसकी स्थिति को समझते हैं इसलिए हम उसके साथ काम करना जारी रखेंगे। बोल्ट और अनुभवी टिम साउदी की अनुपस्थिति में, अपेक्षाकृत अनुभवहीन न्यूजीलैंड की तेज आक्रमण ने भारत में हाल ही में समाप्त हुई सफेद गेंद की श्रृंखला में संघर्ष किया।

## पीसीबी ने सीनियर और जूनियर चयन समितियों की घोषणा की

**कराची।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने बुधवार को हारून रशीद और कामरान अकमल की अगुवाई में सीनियर और जूनियर पुरुष चयन समितियों की घोषणा की। हारून रशीद वरिष्ठ चयन समिति के प्रमुख होंगे जिसमें कामरान अकमल, यासिर हमीद और मुहम्मद सामी शामिल हैं। ये सभी पूर्व टेस्ट खिलाड़ी हैं।

राष्ट्रीय जूनियर चयन समिति के अध्यक्ष पाकिस्तान टीम से बाहर चल रहे विकेटकीपर-बल्लेबाज कामरान अकमल हैं।

जूनियर चयन समिति के अन्य सदस्यों में तौसीफ अहमद, अरशद खान, शाहिद नजीर और शोएब खान हैं। यह पहली बार है जब कामरान, यासिर और सामी को राष्ट्रीय चयनकर्ताओं के रूप में नामित किया गया है।

# पीएसजी की जीत में मेस्सी का गोल, एमबाप्पे चोटिल

एजेंसी। पेरिस




**विश्व** कप विजेता फुटबॉल खिलाड़ी लियोनेल मेस्सी ने मोंटपेलियर के खिलाफ पेरिस सेंट-जर्मेन (पीएसजी) की 3-1 से जीत में एक गोल किया जबकि टीम के एक अन्य दिग्गज कीलियन एमबाप्पे पेनल्टी पर दो बार चूकने के बाद चोटिल हो गए।

इस जीत से लीग वन (फ्रांस की शीर्ष घरेलू लीग) की तालिका में पीएसजी ने शीर्ष पर स्थिति मजबूत करते हुए अपनी बढ़त पांच अंक की कर ली। मेस्सी ने मैच के 72वें मिनट में गोलकर पीएसजी की बढ़त को 2-0 कर दिया। उनसे पहले फाबियान रुइज ने 55वें मिनट में टीम का खाता खोला था जबकि वॉरेन जैरे-एमरी ने आखिरी लम्हों (902 मिनट) में गोल कर टीम की बड़ी जीत सुनिश्चित की। इस बीच मोंटपेलियर के लिए 89वें मिनट में अरनोद नॉर्डिन ने गोलकर हार के अंतर को कम किया। एमबाप्पे मैच के 21वें मिनट में लंगडाते हुए मैदान से बाहर चले गए। पीएसजी के कोच क्रिस्टोफ गाल्टियर ने हालांकि मैच के बाद कहा कि उनकी चोट ज्यादा गंभीर नहीं दिख रही। अन्य मैचों में गत चैम्पियन मार्सिले ने नैनटेस को 2-0, नीस ने लेंस को 1-0 से हराया। मोनाको ने ऑक्सेरे के खिलाफ 3-2, रेंस ने स्ट्रासबर्ग के खिलाफ 3-0 से जीत दर्ज की जबकि लियोन ने ब्रेस्ट को गोलरहित ड्रॉ पर रोका।

## संक्षिप्त समाचार

### मैनचेस्टर यूनाइटेड लीग कप के फाइनल में पहुंचा

**मैनचेस्टर।** मैनचेस्टर यूनाइटेड ने लीग कप फुटबॉल सेमीफाइनल के दूसरे दौर के मुकाबले में नॉटिंघम फॉरेस्ट को 2-0 से शिकस्त देकर फाइनल में जगह बनाई। टीम ने पहले चरण का मैच 3-0 से जीता था। नए कोच एरिक टेन हैग की देख रेख में टीम छह साल बाद पहली बार किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंची है। फाइनल में मैनचेस्टर यूनाइटेड के सामने न्यूकैसल की चुनौती होगी। यह मुकाबला 26 फरवरी को वेम्बली स्टेडियम में खेला जाएगा। टेन हैग ने टीम के खिताबी मुकाबले में पहुंचने पर कहा, फाइनल में पहुंचना बेशक अच्छा है, लेकिन यह सिर्फ फाइनल में पहुंचने के बारे में नहीं है बल्कि इसे जीतने के बारे में है। स्थानापन्न एंथनी मार्शल ने 73वें मिनट में टीम के लिए पहला गोल किया जबकि फ्रेड ने 76वें मिनट में दूसरा गोल किया। दोनों गोल में मार्कस रैशफोर्ड ने सहायक की भूमिका निभाई।

### चोट से उबरने की प्रक्रिया में सही दिशा में बढ़ रहे बेयरस्टो

**लंदन।** इंग्लैंड के मध्यक्रम बल्लेबाज जॉनी बेयरस्टो घरेलू एशेज श्रृंखला के लिए राष्ट्रीय टीम का हिस्सा बन सकते हैं क्योंकि वह चोट से उबरने की प्रक्रिया में सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। पिछले साल सितंबर में वह गोल्फ कोर्स में फिसल गए थे और उनकी टांग में चोट लगी थी तथा उनका टखना डिस्लोकेट (अपनी जगह से हट जाना) हो गया था जिस कारण वह आस्ट्रेलिया में टी-20 विश्व कप और फिर पाकिस्तान के दौरे में नहीं खेल पाए थे। फिर बेयरस्टो को पैर की सर्जरी करानी पड़ी। एशेज इस साल जून-जुलाई में आयोजित की जाएगी।

# बटलर और मलान की शतकीय पारी से इंग्लैंड ने दक्षिण अफ्रीका को हराया

## तीसरे एकदिवसीय मैच में 59 रन से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की

एजेंसी। किम्बरले (दक्षिण अफ्रीका)

**कप्तान** जोस बटलर और डाविड मलान की शतकीय पारियों के बाद दो साल में अपनी पहली श्रृंखला खेल रहे तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर के छह विकेट से इंग्लैंड ने तीसरे एकदिवसीय मैच में दक्षिण अफ्रीका को 59 रन से हराकर सांत्वना जीत दर्ज की।

तीन मैचों की श्रृंखला को पहली ही गंवा चुकी इंग्लैंड की टीम इस मुकाबले में भी 14 रन पर तीन विकेट खोकर मुसीबत में थी लेकिन सलामी बल्लेबाज मलान की 118 और बटलर की 131 रन की पारियों और दोनों के बीच चौथे विकेट के लिए 232 रन की साझेदारी के दम पर उसने सात विकेट पर 346 रन बनाने के बाद दक्षिण अफ्रीका को 43.1 ओवर में 287 रन पर आउट कर दिया। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के शीर्ष और मध्यक्रम के बल्लेबाजों को चलता किया। उन्होंने 9.1 ओवर में 40 रन देकर छह विकेट चटकाए। आर्चर ने दक्षिण अफ्रीका के आखिरी बल्लेबाज तबरेज शम्सी को बोल्ड कर टीम की जीत पर मुहर लगाई। दक्षिण अफ्रीका इस साल भारत में होने वाले 50 ओवर के विश्व कप के लिए स्वत: क्वालीपाइंग हासिल करने से अब भी बाहर है और उसे हर मैच में जीत की जरूरत है। टीम के पास




स्वत: क्वालीफिकेशन हासिल करने के लिए नीदरलैंड के खिलाफ दो वनडे बाकी हैं। इंग्लैंड ने इस विश्व कप के लिए अपना टिकट पक्का कर लिया है।

जेसन रॉय (1), बेन डकेट (0) और हैरी ब्रूक (6) के सस्ते में पवेलियन लौटने के बाद मलान और बटलर ने शुरुआत में संभल कर बल्लेबाजी के बाद आक्रामक तेवर अपनाते हुए दक्षिण अफ्रीका के गेंदबाजों को हावी होने का मौका नहीं दिया।

मलान ने 114 गेंद की पारी में सात चौके और छह छक्के जबकि बटलर ने 127 गेंद की पारी में छह चौके और सात छक्के जड़े। मोईन अली ने इसके बाद 23 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 43 रन की ताबड़तोड़ पारी खेली जिससे इंग्लैंड ने इस मैदान का सर्वोच्च एकदिवसीय स्कोर बनाया। इससे पहले यह रिकॉर्ड श्रीलंका के नाम था। श्रीलंका ने 2012 में पांच विकेट पर 304 रन बनाए थे।

### कगिसो रबाडा, एनरिच नॉर्किया को दिया था विश्राम

**दक्षिण** अफ्रीका ने इस मैच में कगिसो रबाडा और एनरिच नॉर्किया को विश्राम दिया था। लुंगी एनगिडी ने 62 रन देकर चार विकेट के साथ टीम के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज रहे। कोहनी और पीठ की चोटों के कारण लंबे समय तक खेल से दूर रहे आर्चर ने इस श्रृंखला के पहले मुकाबले से वापसी की। उन्होंने रासी वैन डेर डूसन (05), एडेन मार्कराम (39), डेविड मिलर (13) और दक्षिण अफ्रीका के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले हेनरिक क्लासेन (80) के अहम विकेट झटके।

# ड्रेसिंग रूम में नस्लीय और धमकाने जैसे हंसी मजाक से बचें: स्ट्रॉस

एजेंसी। लंदन

**इंग्लैंड** के पूर्व कप्तान एंड्रयू स्ट्रॉस ने क्रिकेटरों से आग्रह किया कि वे ड्रेसिंग रूम के अंदर ऐसे हंसी मजाक से बचें, जिसमें नस्लीय उत्पीड़न या धमकाने जैसी बात आए जिससे अजीम रफीक प्रकरण जैसे विवादों से बचा जा सके।

पाकिस्तान में जन्में क्रिकेटर रफीक एक दशक तक काउंटी टीम यार्कशर के लिए खेले, उन्होंने ब्रिटेन के डिजिटल, संस्कृति, मीडिया एवं स्पोर्ट (डीसीएमएस) विभाग को नवंबर 2021 में बताया कि साथी क्रिकेटरों द्वारा नस्लीय टिप्पणियों और व्यवहार से वह अपनी जिंदगी को खत्म करने के बारे में भी सोचने लगे थे। इंग्लैंड और वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) के क्रिकेट निदेशक स्ट्रास ने बुधवार को लार्ड्स में मेरिलबोन क्रिकेट क्लब काउड्रे भाषण में कहा कि अलग अलग राष्ट्रीयता वाले खिलाड़ी अब ड्रेसिंग रूम में पहले से ज्यादा दिखने लगे हैं इसलिए साथी क्रिकेटरों को कुछ भी कहने और करने से पहले थोड़ा सतर्क रहना चाहिए।

इंग्लैंड के सबसे सफल कप्तानों में से एक स्ट्रॉस ने कहा, हम खेल में विभिन्न लिंग, जाति और अलग तरह की मान्यताएं रखने वाले खिलाड़ियों के साथ होते हैं और शायद ड्रेसिंग रूम में होने वाली ऐसी बातचीत या मजाक से बचने की जरूरत है जो नस्लीय न लगे।